


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





10 अडानी ने खरीदी एयर वर्क्स इंडिया में मैजोरिटी हिस्सेदारी, 400 करोड़ ...

ट्रम्प ने 37 हत्यारों की मौत की सजा कम करने के लिए बाइडेन की ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 250 | नई दिल्ली, गुरुवार, 26 दिसंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 21°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 79,005 |
| चांदी | 92,500 |
| सेंसेक्स | 81,786 |
| निफ्टी | 24,668 |

## कुशासन को समाप्त कर सुशासन लाना हमारी सरकार का सबसे बड़ा संकल्प : राजनाथ

प्रात : किरण/ एजेंसी

लखनऊ। भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती के अवसर पर लोकभवन में सुशासन दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और अटल जी के जीवन और कार्यों को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अटल जी ने भारत को ऐसा सुशासन दिया, जिसने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी सरकार के दौरान विकास दर 8.4 प्रतिशत तक पहुंची, जो आजाद भारत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। उन्होंने अटल जी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी गवर्नेंस की दुनिया भर में प्रशंसा होती थी। राजनाथ सिंह ने सुशासन की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए कहा कि, एक अच्छा शासन वही है, जहां हर व्यक्ति की आवश्यकताएं पूरी हों, वह खुद को सुरक्षित महसूस करे और उसके पास अपनी बात कहने का अवसर हो। यही अटल जी का विजन था, जिसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने अटल जी



की ऐतिहासिक योजनाओं को याद करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शिता ने भारत को सड़क, टेलीकॉम और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नई दिशा दी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और अंत्योदय योजना जैसे अभियानों ने भारत के गांवों और गरीबों के जीवन को बदल दिया। उन्होंने कहा कि, अटल जी ने न केवल शहरों को सड़कों से जोड़ा, बल्कि गांवों को भी पक्की और बेहतर सड़कों से जोड़ा। टेलीकॉम सेक्टर में क्रांति लाकर उन्होंने मोबाइल को हर हाथ तक पहुंचाने का सपना साकार किया। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सुशासन के तहत हुई प्रगति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 1,500 से अधिक अनावश्यक कानूनों को समाप्त कर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भारत को 50वें स्थान तक पहुंचाया है। जल्द ही भारत शीर्ष 20 देशों में शामिल होगा। डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) योजना की सफलता पर जोर देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि अब गरीबों को उनके हक का पैसा सीधे उनके खातों में मिलता है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि 100 पैसा भेजने पर केवल 14 पैसा लाभार्थियों तक पहुंचता है। लेकिन मोदी सरकार ने इस भ्रष्टाचार को समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि अटल जी और मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा, यही सुशासन है। रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सुशासन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने यूपी को भयमुक्त समाज बनाया है। गरीबों को मकान देने में यूपी देश में पहले स्थान पर है। 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्के मकान मिले हैं, जिनमें 70% मकानों की रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेहतर हुई है, 4 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है।

## मोदी ने देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया

**मोदी ने मंच पर ही केन और बेतवा नदी के जल से भरे कलशों से जल को प्रवाहित कर केन बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया। दो प्रमुख नदियों केन और बेतवा को आपस में जोड़ने से संबंधित केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना देश में भूमिगत दाबयुक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है।**








प्रात : किरण/ एजेंसी

खजुराहो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर खजुराहो में देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना के रूप में केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल और खजुराहो सांसद एवं प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।

श्री मोदी ने यहां आयोजित भव्य कार्यक्रम में देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास करने के साथ ही खंडवा जिले की ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण और 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन किया। प्रधानमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी की स्मृति में डॉक टिकट और सिक्का भी जारी किया। देश की नदियों को जोड़ने की परिकल्पना देने वाले श्री वाजपेयी की जयंती पर यह परियोजनाएं मध्यप्रदेश के लिए बड़ी सौगात मानी जा रही हैं। श्री मोदी ने मंच पर ही केन और बेतवा नदी के जल से भरे कलशों से जल को प्रवाहित कर केन बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया। दो प्रमुख नदियों केन और बेतवा को आपस में जोड़ने से संबंधित केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना देश में भूमिगत दाबयुक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश के 10 जिलों छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर में 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और 44 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। फसलों के उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से हरित ऊर्जा में 103 मेगावॉट योगदान के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बेहतर जल प्रबंधन और औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास होगा और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इस परियोजना से उत्तरप्रदेश में 59 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी और 1.92 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मौजूदा सिंचाई का स्थिरीकरण किया जायेगा। इससे उत्तरप्रदेश के महोबा, झांसी, ललितपुर और बांदा जिलों में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। परियोजना से मध्यप्रदेश की 44 लाख और उत्तरप्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश के ही खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में स्थापित फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण भी किया। परियोजना के प्रथम चरण में इस वर्ष अक्टूबर माह से पूर्ण क्षमता से विद्युत उत्पादन प्रारंभ हो गया है। परियोजना के द्वितीय चरण की 240 मेगावॉट क्षमता के लिये एमपीपीएसीए से आवश्यक सहमति उपरांत चयनित विकासक सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड से अनुबंध हस्ताक्षरित किया जाना प्रस्तावित है। यह परियोजना नर्मदा नदी पर स्थित है। श्री मोदी ने खजुराहो से ही मध्यप्रदेश में 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन करने के साथ ही प्रथम किश्त का वितरण किया। प्रदेश की 23 हजार ग्राम पंचायतों में से भवन विहीन, जीर्ण-शीर्ण भवन और अनुपयोगी 2500 ग्राम पंचायतों को नवीन भवन की स्वीकृति के लिये चिन्हित किया गया है। प्रारंभिक चरण में 1153 नवीन पंचायत भवनों के लिये 437.62 करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत किये गये हैं। श्री मोदी ने खजुराहो में कार्यक्रम स्थल के समीप ऐतिहासिक केन बेतना लिंक परियोजना से संबंधिक प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर मुख्यमंत्री डॉ यादव और प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा भी मौजूद रहे।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए बिहार का विकसित होना आवश्यक : आर्लेकर

**आर्लेकर ने बुधवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर राजभवन में गुड गवर्नेंस पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन के लिए किये गये कार्यों का समाजपर व्यापक प्रभाव हुआ है।**

प्रात : किरण/ एजेंसी



पटना। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रदेश का विकसित होना आवश्यक है। श्री आर्लेकर ने बुधवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर राजभवन में गुड गवर्नेंस पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन के लिए किये गये कार्यों का समाजपर व्यापक प्रभाव हुआ है। भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए बिहार का विकसित होना आवश्यक है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जी-20 के शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि भारत में गुड गवर्नेंस के लिए काफी प्रयास किये गये हैं और उनका परिणाम भी दिखाई पड़ रहा है। आज भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से बढ़ रही है। उन्होंने भारत में संरचनात्मक सुधार, जीएसटी को लागू करना, इज ऑफ डूइंग बिजनेस, आधारभूत संरचना का विकास, तकनीकी विकास, डिजिटाइजेशन, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किये गये उपाय आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति बिहार की प्रगति पर निर्भर है तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए बिहार का विकसित होना आवश्यक है। उन्होंने भारत को विकसित राष्ट्र बनने में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान की भी चर्चा की। राज्यपाल ने इस अवसर पर भारतमाता और स्व. वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, अन्य मंत्रीगण, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू, वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्रतिकुलपति एवं कुलसचिव तथा महाविद्यालयों के प्राचार्य, विभिन्न संस्थानों के अध्यक्ष एवं निदेशक, विभिन्न आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्य, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारी एवं कर्मी तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कैथोलिक बिशप कॉन्फ्रेंस मुख्यालय का दौरा किया

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने क्रिसमस के अवसर पर यहां कैथोलिक बिशप कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) मुख्यालय और सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च का दौरा किया। नड्डा ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्स पर जारी पोस्ट में कहा, जैसा कि हम ईसा मसीह के जन्म का जश्न मनाते हैं, आइए हम देने की भावना, शांति की खोज, आशा की शक्ति और एक राष्ट्र के रूप में हम कैसे प्रेम, करुणा और सद्भाव के मूल्यों को अपना सकते हैं और बढ़ा सकते हैं, इसका भी जश्न मनाएं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वह सभी देशवासियों की खुशी और कल्याण की प्रार्थना करते हैं। उन्होंने कहा, हमारा राष्ट्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र से निर्देशित होकर विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहे और सभी भारतीयों के योगदान से विकसित भारत 2047 के अपने लक्ष्य तक पहुंचे। आप सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सोमवार को सीबीसीआई का दौरा किया था।

## महत्वपूर्ण खबर



### नमो भारत ट्रेनों में अब तक 50 लाख से अधिक यात्रियों ने किया सफर

गाजियाबाद। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर परिचालन शुरू होने के बाद से अब तक 50 लाख से अधिक यात्री नमो भारत ट्रेनों में यात्रा का लुत्फ उठा चुके हैं। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के 17 किमी लंबे पहले खंड (साहिबाबाद-दुहाई डिपो) का उद्घाटन 23 अक्तूबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर किया गया था। इसके बाद 6 मार्च 2024 को दुहाई से मोदी नगर नॉर्थ तक अतिरिक्त 17 किमी लंबे खंड पर सेवा का विस्तार किया गया। इसी कड़ी में 18 अगस्त 2024 को मोदी नगर नॉर्थ से मेरठ साउथ आरआरटीएस स्टेशन तक आठ किमी के अतिरिक्त हिस्से को प्रथम खंड से जोड़ा गया था। मेरठ से कनेक्ट होते ही यात्रियों में आरआरटीएस कॉरिडोर पर नमो भारत ट्रेनों में यात्रा का उत्साह और बढ़ा। इसके एक दिन बाद ही 19 अगस्त को रक्षा बंधन वाले दिन नमो भारत ट्रेनों में सबसे ज्यादा लगभग 34 हजार यात्रियों ने सफर कर रिकॉर्ड बनाया।

### राजस्थान: गैस टैंकर हादसे में तीन और घायलों की मौत, मृतकों की संख्या 18 हुई

जयपुर। जयपुर के गैस टैंकर हादसे में गंभीर रूप से झुलसे तीन और व्यक्तियों ने बुधवार को दम तोड़ दिया। इसके साथ ही इस हादसे में मरने की वालों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हादसे में झुलसे 14 और लोगों का यहां एसएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा है। सरकारी एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने बताया, हादसे में गंभीर रूप से झुलसे एक पुरुष और दो महिलाओं की बुधवार को मौत हो गई। उन्होंने कहा, तीन और व्यक्तियों की मौत के साथ अब तक कुल 18 लोगों की मौत हो चुकी है।

## केजरीवाल ने भाजपा पर लगाया बड़ा आरोप, कहा- सीएम आतिशी को जेल में डालने की हो रही है तैयारी

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं के साथ बुधवार को केंद्र सरकार और भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें जेल में डालने की तैयारी की जा रही है और उसके पहले आम आदमी पार्टी के सभी नेताओं के घर एक बार फिर से रेड करवाई जाएगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम लोग जानते है कि भाजपा ने दिल्ली के




लोगों के लिए कितने तरह तरह के षड्यंत्र किए हैं। जब उनके ये सारे षड्यंत्र फेल हो गए तो उन्होंने आम आदमी पार्टी के सीनियर नेताओं को जेल भेजना शुरू किया। अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा न केवल हार रही है, बल्कि भारत के इतिहास में भाजपा की ये सबसे बड़ी हार होने वाली है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की आधी जिम्मेदारी भाजपा के पास थी। जिसका इन्होंने ठीक तरीके से निर्वहन नहीं किया। दिल्ली के लोगों ने इन्हें एक ही काम दिया था, और वो था दिल्ली की कानून व्यवस्था का, वो भी वो कर नहीं पाए। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने इतने सारे काम किए इसलिए हम कह रहे हैं की हमें वोट दो। उन्होंने कहा कि अभी दो दिन पहले हमने दो योजना जारी की। दिल्ली की कैबिनेट पहले ही 1000 रुपए पास कर चुकी है लेकिन हमने वादा किया कि अगर हमारी सरकार बनती है तो हम इसकी रकम 2100 करायेंगे।

## दिल्ली में छाया घना कोहरा, अगले तीन दिनों तक हल्की बारिश होने की संभावना

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। पूरे उत्तर भारत में ठंड दस्तक दे चुकी है। बुधवार को सुबह दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में कोहरा देखने को मिला। मौसम विभाग की अनुसार दिल्ली में अगले तीन दिनों तक बूंदाबांदी या हल्की बारिश होने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहा। दिल्ली में बुधवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई। सुबह 7 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 333 दर्ज किया गया, जिसे बहुत खराब श्रेणी में रखा गया, जो पिछले दिन के गंभीर स्तर से बेहतर है कोहरे की वजह से देश के विभिन्न हिस्सों से दिल्ली आने वाली 20 ट्रेन अपने समय से चली। दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एक एडवाइजरी भी जारी की। इसमें कहा गया कि कैट मानकों का पालन न करने वाली उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं और यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान की अपडेट जानकारी के लिए एयरलाइन से संपर्क करें। इस बीच, 24 दिसंबर को शाम 4 बजे तक एक्यूआई के 369 पर पहुंचने के बाद राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता में सुधार देखा गया।

## मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने श्रीनगर के दो प्रमुख अस्पतालों का किया औचक निरीक्षण

प्रात : किरण/ एजेंसी



श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को यहां दो प्रमुख अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर उनके कामकाज का जायजा लिया तथा सुविधाओं और रोगी देखभाल में सुधार के लिए मौके पर ही निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि अब्दुल्ला ने बारजुल्ला में बोन एंड ज्वॉइंट अस्पताल और बेमिना में 500 बिस्तरों वाले बाल अस्पताल का दौरा किया और मरीजों एवं उनके तिमारदारों को प्रदान की जा रही सुविधाओं और सेवाओं की जानकारी हासिल की। अब्दुल्ला के साथ स्वास्थ्य मंत्री सकीना इटू भी थीं।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने अस्पताल के कर्मचारियों के साथ बैठक कर शीतकाल की व्यवस्था, उपचार सुविधाओं और चिकित्सा पेशेवरों तथा पैरामेडिकल कर्मियों की उपलब्धता का आकलन किया। अब्दुल्ला ने झेलम तवी फ्लड रिकवरी परियोजना (जेटीएफआरपी) के तहत निर्मित अस्पताल के अत्याधुनिक अतिरिक्त ब्लॉक का भी निरीक्षण किया। इसका वित्तपोषण विश्व बैंक ने किया है। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के दौरान नए ब्लॉक के निर्माण कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने न केवल बेमिना के बाल अस्पताल में बल्कि जम्मू-कश्मीर के सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में चिकित्सकों और पैरामेडिकल कर्मियों सहित चिकित्सा कर्मचारियों की कमी को दूर करने का वादा किया। बाद में अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं और रोगी देखभाल में सुधार के निर्देश संबंधित लोगों को मौके पर ही दे दिए गए थे। अब्दुल्ला ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सकीना इटू के साथ मैंने श्रीनगर में बोन एंड ज्वाइंट अस्पताल और बाल अस्पताल का औचक दौरा किया और अस्पतालों के कामकाज का जायजा लिया। स्थिति और रोगी देखभाल में सुधार के लिए मौके पर ही कुछ निर्देश दिए गए।

**व्यवस्था** — महाकुम्भ मेला 2025 के दौरान देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं के साथ ही बड़ी संख्या में वीआईपी और वीवीआईपी मूवमेंट की संभावना है ...

## महाकुंभ में वीआईपी/वीवीआईपी गेस्ट के लिए होगी विशेष व्यवस्था

प्रात : किरण/ एजेंसी

महाकुंभ नगर। प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ मेला 2025 के दौरान देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं के साथ ही बड़ी संख्या में वीआईपी और वीवीआईपी मूवमेंट की संभावना है। इसको देखते हुए प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने विशेष प्रबंध किए हैं। इन सभी महानुभावों को महाकुम्भ मेला की सुखद अनुभूति प्राप्त कराने एवं उनके रुकने तथा अन्य प्रोटोकॉल की सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी की गई है।

उल्लेखनीय है कि महाकुम्भ मेला 2025 प्रथम मुख्य स्नान पर्व (पौष पूर्णिमा) 13 जनवरी 2025 से प्रारम्भ होकर अंतिम मुख्य स्नान पर्व (महाशिवरात्रि) 26 फरवरी 2025 तक कुल 45 दिनों की अवधि में सम्पन्न होगा। मेला प्राधिकरण से जुड़े अधिकारियों के अनुसार महाकुंभ के दौरान देश-विदेश के तीर्थयात्री, पर्यटक, विशिष्ट एवं अतिविशिष्ट महानुभावों के अलावा उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के न्यायमूर्तिगण का आगमन होगा। मेला क्षेत्र में विशिष्ट/अतिविशिष्ट महानुभावों के आगमन के दौरान सुविधा के लिए 24.7 कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें अधिकारी/कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। मेले में आने वाले महानुभावों की प्रोटोकॉल व्यवस्था के लिए शासन स्तर से 03 अपर जिलाधिकारी, 03 उप जिलाधिकारी, 03 नायब तहसीलदार एवं 04 लेखपाल तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही, सभी 25 सेक्टरों में डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात हैं, जो अपने-अपने सेक्टर में प्रोटोकॉल की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। विशिष्ट/अतिविशिष्ट महानुभावों की प्रोटोकॉल व्यवस्था के तहत महाकुंभ-2025 के दौरान



50 टूरिस्ट गाइड एवं अन्य सहायक स्टाफ की तैनाती भी सुनिश्चित की जा रही है। मेले में आने वाले महानुभावों को ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मेला क्षेत्र में 05 स्थलों पर 250 टेंट की क्षमता के सर्किट हाउस की व्यवस्था की गई है। मेले में आने वाले विशिष्ट / अतिविशिष्ट महानुभावों की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देशन में पर्यटन विकास निगम द्वारा 110 काटेज की टेंट सिटी एवं सेवा प्रदाताओं के माध्यम से 2200 काटेज की टेंट सिटी विकसित की जा रही है, जिसकी बुकिंग प्रयागराज मेला प्राधिकरण की वेबसाइट के माध्यम से नेविगेट कर की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, स्नान के लिए घाट तैयार करने के अलावा नदी में जेटी एवं मोटर वोट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मेला क्षेत्र में केन्द्र सरकार के कुल 15 विभागों द्वारा अपने कैम्प निर्मित किए गए हैं।

### महाकुंभ की तैयारी को लेकर सपा मुखिया अखिलेश ने उठाए सवाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियों के बीच समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने वीडियो जारी कर सवाल उठाए हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भाजपा सरकार में ह्यप्रयागराज महाकुंभ 2025 की तैयारी की सच्चाई। कम से कम पुलिस विभाग का काम तो बहुत पहले ही पूरा हो जाना चाहिए था क्योंकि सुरक्षा चक्र का प्रबंधन किसी अंतिम दिन की प्रतीक्षा नहीं करता है। प्रयागराज की आहत जनता पूछ रही है कि महादानी सम्राट हर्षवर्धन की प्रतिमा हटाने के लिए तो भाजपा सरकार बहुत तत्पर थी पर वैसी तेजी प्रशासनिक प्रबंधन के लिए क्यों नहीं दिखाई जा रही है। प्रबंधन करते समय प्रयागराज और मेला क्षेत्र के आसपास की स्थानीय जनता की जरूरतों और समस्याओं को नजरअंदाज करने की जो शिकायतें मिल रही हैं, उनका भी तुरंत समाधान किया जाए। उन्होंने आगे लिखा कि प्रयागराज के निवासियों के बीच किसी इमरजेंसी के घटित होने पर आवागमन और परिवहन को लेकर मन में जो चिंता है, उसके निराकरण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाए। हम चाहते हैं महाकुंभ भी चले और प्रयागराज भी गतिमान रहे। सपा प्रमुख ने कहा कि अगर शासन-प्रशासन महाकुंभ की तैयारी में विफल हो गया है तो सहायता करने के लिए हम अपने सच्चे-समर्पित कार्यकर्ता भेजने का प्रस्ताव रखते हैं क्योंकि भाजपा वाले तो कहीं खाने-कमाने या चुनाव के जोड़-जुगाड़ में लगे होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### हादसों पर अंकुश के लिए हाईवे पर लगेंगी कैट आई और सोलर ब्लिंकर

**रूड़की, एजेंसी।** हाईवे व संपर्क मार्गों पर होने वाले हादसों पर अंकुश लगाने के लिए ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सोलर ट्रैफिक ब्लिंकर व कैट आई लगाए जाएंगे। इसके अलावा सर्विस रोड और हाईवे से जुड़ने वाले संपर्क मार्गों पर स्पीड ब्रेकर भी बनाए जाएंगे। इन्हें लगाने से पूर्व परिवहन विभाग, एनएच और यातायात पुलिस की ओर से दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिह्नित किया जा रहा है। उम्मीद है कि जनवरी माह में इन्हें लगाने का काम शुरू हो जाएगा। पिछले दिनों रुड़की, नारसन, मंगलौर, भगवानपुर, धनौरी-इमलीखेड़ा रोड और लक्सर-खानपुर हाईवे, रुड़की से कोर कॉलेज तक कई भीषण हादसे हुए हैं। इन हादसों में कई लोगों की जान चली गई है। इनपर अंकुश लगाने के लिए पिछले दिनों परिवहन विभाग, एनएच और यातायात पुलिस की ओर से दुर्घटना संभावित क्षेत्र चिह्नित किए गए थे। अभी और भी दुर्घटना संभावित क्षेत्र चिह्नित होने हैं ताकि हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। इसके बाद पहले से चिह्नित 27 ब्लैक स्पॉट और अब चिह्नित किए जा रहे दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में नई तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। दरअसल, ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में परिवहन विभाग, एनएच व यातायात पुलिस की ओर से कैट आई, सोलर ट्रैफिक ब्लिंकर लगाए जाएंगे। इसके अलावा शाइनिंग बोर्ड और डेंजर जोन बोर्ड भी लगाए जाएंगे। हाईवे से जुड़ने वाले संपर्क मार्गों और सर्विस रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाएंगे। इन्हें लगाने का काम अगले माह से शुरू कर दिया जाएगा। खानपुर-लक्सर मार्ग पर एक जगह हाईवे की चौड़ाई कम है। मंगलौर के पास टिकौला गांव के पास भी हाईवे की चौड़ाई कुछ कम है। दोनों स्थानों पर एनएच की ओर से हाईवे का चौड़ीकरण किया जाएगा। इन स्थानों पर शाइनिंग फ्लैक्स बोर्ड और चेतावनी बोर्ड भी लगाए जाएंगे।

### चार साल बाद पीएफ फर्जीवाड़े के आरोप से मुक्त

**हरिद्वार, एजेंसी।** भविष्य निधि (पीएफ) में फर्जीवाड़ा कर 12.50 लाख से अधिक के गबन के मामले में आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट ने बरी कर दिया है। 2020 में ईडी की तरफ से ये मामला दर्ज कराया गया था। साक्ष्यों के अभाव में कोर्ट ने निर्दोष पाते हुए फैसला सुनाया। अक्टूबर 2020 में ईडी के अधिकारी अविनाश कुमार की ओर से ज्वालापुर कोतवाली में मेसर्स गौरी शंकर पोलिस वर्क लिमिटेड मोहल्ला कोटरावान ज्वालापुर के खिलाफ गबन का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन देहरादून के क्षेत्राधिकार में आवृत्त संस्थान है। इस संस्थान के प्रॉपराइटर गौरीशंकर गुप्ता है। कार्यालय के ऑडिट के दौरान सामने आया था कि संस्थान के कई कर्मचारियों की धनराशि एक ही खाते में गई है, जबकि कर्मचारियों के नाम भिन्न थे। प्रपत्रों की जांच की गई तो सभी दावा प्रपत्र संस्थान के प्राधिकृत अधिकारी गौरीशंकर गुप्ता के पुत्र ने सत्यापित किए थे। आरोप था कि संस्थान के प्रॉपराइटर गौरीशंकर गुप्ता ने कई कर्मचारियों से भविष्य निधि की धनराशि फर्जी तरीके से किसी दूसरे के खाते में डलवाकर निकाल ली है। गौरीशंकर गुप्ता पर फर्जीवाड़ा कर 12 लाख 52 हजार 661 रुपये के गबन का आरोप था। पुलिस ने मामले में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। मामला सीजीएम कोर्ट में विचाराधीन था। संबंधित पक्षों को सुनने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट ने आरोपी गौरीशंकर गुप्ता को दोषमुक्त कर दिया।

### अपहरण कर नाबालिक से किया था दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपित को दबोचा

**हरिद्वार, एजेंसी।** नाबालिक का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के मुताबिक जनपद के झबरेडा थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नााबिलक भतीजी के अपहरण का आरोप लगाते हुए 17 दिसम्बर को नामजद तहरीर दी थी।

# क्वारब में फिर धंस गई सड़क बड़े वाहनों की आवाजाही ठप

**अल्मोड़ा।**
अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्वारब में सड़क सोमवार की रात एक बार फिर धंस गई। रात में पिथौरागढ़ की तरफ से आया ओवरलोडेड ट्रक भूस्खलन के मलबे में फंस गया। इससे सड़क और पहाड़ी की सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। अब यहां बड़े वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने बताया कि केवल छोटे वाहनों को ही यहां से गुजारा जा रहा है। फंसे हुए ट्रक को जेसीबी से खींचकर हटाया गया। मंगलवार को केवल छोटी गाड़ियों को ही यहां से निकाला गया।

यातायात लगातार प्रभावित होने से अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और बागेश्वर का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। अगस्त में क्वारब में पहाड़ी दरक जाने से मलबा गिरना शुरू हुआ था। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से वार्ता कर क्वारब का समाधान निकालने पर चर्चा की लेकिन अभी तक स्थिति जस की तस है। यातायात बुरी तरह प्रभावित है और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



अल्मोड़ा। क्वारब में यातायात प्रभावित रहने के कारण कुमाऊं में क्रिसमस और नए साल पर आने वाले पर्यटकों की संख्या पर भी काफी असर पड़ा है। इससे अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में आने वाले सैलानियों की संख्या काफी कम हो गई है। होटल व्यवसायियों का कहना है कि क्वारब की समस्या के चलते जो बुकिंग एडवांस में की गई थी वह भी लोगों ने निरस्त कर दी है। इस वजह से पर्यटन व्यवसाय पर काफी बुरा असर पड़ रहा है।

अल्मोड़ा। मंगलवार को भी केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने क्वारब का हाल जाना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात का संचालन होता रहे, इसके लिए प्रयास जारी रखें। उन्होंने बताया कि वह वैकल्पिक मार्ग के लिए केंद्र सरकार से यथासंभव मदद दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। कहा कि जल्द ही क्वारब की समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

## तीन बार तहरीर देने के बाद पर दर्ज हुआ मुकदमा

**हल्द्वानी, एजेंसी।** एक महिला ने पति और ससुराल पक्ष पर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। आरोप लगाया है कि तीसरी तहरीर देने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

लाइन नंबर 12 बनभूलपूरा निवासी आफरीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह काशीपुर, ऊधमसिंह नगर निवासी आदिल के साथ हुआ। कहा कि शादी के बाद से ही पति और ससुरालियों की ओर से उसका उत्पीड़न किया जा रहा है। आफरीन ने 8 सितंबर 2023 को बनभूलपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने ससुराल में वापस जाने और अपनी सुरक्षा की मांग की थी।

हालांकि पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। आफरीन का आरोप है कि तीन सितंबर 2023 को उसके पति आदिल ने उसे तलाक देने की बात कही। आफरीन अब अपने पति से अलग रहना चाहती है और कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने मामले में सभी आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है।

## हाथियों ने रौंदी गन्ने और गेहूं की फसल

**हल्दूचौड़, एजेंसी।** जंगल से लगे गांव पदमपुर देवलिया में हाथियों का झुंड आए दिन किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। बीती रात हाथियों ने किसानों की गन्ना और गेहूं की फसल को रौंद दिया। रविवार को निवर्तमान ग्राम प्रधान रमेश चंद्र जोशी ने रेंजर आनंद कुमार को मौके पर बुलाकर नुकसान का मुआयना कराया।

रेंजर ने रात गश्त के लिए दो कर्मियों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। साथ ही सोलर फेंसिंग को दुरुस्त कराने की बात कही। वहां ग्राम प्रशासक रमेश चंद्र जोशी, बसंत फुलारा, दीपक फुलारा, पवन फुलारा, राजेंद्र जोशी, भुवन चंद्र जोशी, नंदा बल्लभ जोशी आदि थे।

पहाड़पानी (नैनीताल)। धारी ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में बीते कुछ समय से जंगली सूअर और बंदरों के उत्पात से किसान परेशान हैं। पहाड़पानी के महतोलिया गांव, नदगल, सेलालेख, मजयूली, दीनी आदि गांवों में किसानों के खेतों में लगी फसलों को बंदर और जंगली सूअरों बर्बाद कर रहे हैं।

क्षेत्र के कृष्ण मेलकानी, राजेंद्र कुमार मेलकानी, पुष्पा देवी, तारा दत्त, गोपाल मेलकानी आदि ने सरकार से फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि वन विभाग से भी पिंजरा लगाकर बंदरों को पकड़ने की मांग की है।

## नैनीताल में प्लास्टिक प्रदूषण के 41 हॉट स्पॉट : सौरभ

**नैनीताल, एजेंसी।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के इनोवेशन एवं इनक्यूबेशन सेल और विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय की ओर से इन रिप्लेस प्रोग्राम के तहत सॉलिड एंड प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट और उसकी चुनौतियों पर ऑनलाइन व्याख्यान हुआ। आईपीई ग्लोबल लिमिटेड में कार्यरत और सॉलिड एंड प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के विषय विशेषज्ञ सौरभ मनुजा ने कहा प्लास्टिक उत्पादन 30 फीसदी की दर से बढ़ रहा है। जन सहयोग से ही प्लास्टिक की चुनौतियों को दूर किया जा सकता है। रविवार को हुए कार्यक्रम में सौरभ ने कहा 9.7 मिलियन टन माइक्रो एंड माइक्रोप्लास्टिक समुंद्र में प्रतिवर्ष जा रहा है। एशिया पैसिफिक रीजन प्लास्टिक प्रदूषण का हॉट स्पॉट है। कहा, नैनीताल में प्लास्टिक प्रदूषण के 41 हॉट स्पॉट हैं। इसे लेकर जागरूकता अभियान की शुरुआत कर इंटर्नशिप प्रोग्राम भी चलाए जाएंगे। विजिटिंग प्रोफेसर के निदेशक डॉ. ललित तिवारी ने कहा कि प्लास्टिक जीवों के नकारात्मक स्वास्थ्य तथा जलवायु परिवर्तन का कारण बन चुका है। इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेल के निदेशक प्रो. आशीष तिवारी ने कहा विश्व में 414 मिलियन टन प्लास्टिक का उत्पादन हो रहा है। उच्च शिक्षा पूर्व निदेशक प्रो. सीडी सूठा, दिल्ली विवि के प्रो. पी. उनियाल, डॉ.रूबी सिंह, यूओयू के डॉ. कृष्ण टम्टा ने भी विचार रखे।



## कक्षा नौ की छात्रा बनीं एक दिन की संयुक्त मजिस्ट्रेट

**रानीखेत (अल्मोड़ा), एजेंसी।** विकासखंड ताड़ीखेत के राजकीय इंटर कॉलेज चौमूधार की कक्षा नौ की छात्रा बबीता परिहार को मंगलवार को एक दिन के लिए रानीखेत की संयुक्त मजिस्ट्रेट बनने का मौका मिला। यह सम्मान उन्हें 14 दिसंबर को आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर दिया गया।

प्रतियोगिता का आयोजन संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत राहुल आनंद की ओर से किया गया। इसमें ताड़ीखेत ब्लॉक के स्कूलों से छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में छावनी एकल सभासद मोहन नेगी, एई मुकुल सती और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने बबीता की उपलब्धि की सराहना की और संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत की पहल को शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम बताया। एसडीएम पद पर बैठते ही बबीता को बधाई देने, सम्मानित करने वालों का तांता लग गया। बबीता ने जनसमस्याएं भी सुनीं। मजखाली से पहुंचे लोगों ने आधार कार्ड से संबंधित समस्या उठाई। लोगों ने अलाव जलाने की भी अपील की। जीआईसी चौमूधार में स्थायी प्रधानाचार्य नियुक्त करने की मांग भी उठी। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश जारी किए। इस दौरान बबीता को प्रशासनिक अधिकारी पद का पूरा प्रोटोकॉल दिया गया। संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद ने कहा कि यह पहल बच्चों को प्रशासनिक कार्यों के प्रति जागरूक करने और उनके आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई। कार्यालय पहुंचीं और प्रशासनिक कार्यों का अनुभव लिया। उन्होंने जनसमस्याएं सुनीं और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चर्चा की। बबीता ने बताया कि यह अनुभव उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक रहा। इस पहल का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को प्रशासनिक कार्यों के प्रति जागरूक करना और उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित करना है।

## रामपुर रोड पर फुटपाथ बनाकर इंटरलॉक टाइलें लगना शुरू

**हल्द्वानी, एजेंसी।** लोनिवि ने नेशनल गेम्स के मद्देनजर शहर की सड़कों को चमकाने का काम शुरू कर दिया है। इसके लिए रामपुर रोड पर फुटपाथ बनाने के साथ ही इंटरलॉक टाइलें लगाई जा रही हैं। लोनिवि के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि नरीमन चौराहे से सिंधी चौराहा और यहां से देवलचौड़ चौराहे तक सड़क को दुरुस्त किया जा रहा है। फुटपाथों पर इंटरलॉक टाइलें लगाने के साथ ही साइनेज बोर्ड लगाए जाने हैं। डिवाइडरों पर रंग-रोगन किया जा रहा है। इस कार्य में 98 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। दरअसल नेशनल गेम्स में पहुंचने वाले खिलाड़ी पंतनगर एयरपोर्ट से रामपुर रोड होते हुए सिंधी चौराहे से नरीमन और वहां से स्टेडियम तक जाएंगे इस दौरान सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसमें विनोद सनवाल को सलाहकार, पीसी बिष्ट को संरक्षक, रमेश चंद्र पांडे अध्यक्ष, रेखा बिष्ट एवं प्रताप सिंह रावत को उपाध्यक्ष, हरिहर जोशी को महासचिव, बहादुर सिंह हरड़िया को संयुक्त सचिव और मनोज भट्ट को कोषाध्यक्ष चुना गया। यहां गोविंद सिंह जनौटी, योगेश लोहनी, महेश कार्की, हेम चंद्र, कपिल, गणेश दत्त जोशी आदि रहे।

## दो दिन से लापता छात्रा का पेड़ से लटका मिला शव, पुलिस मान रही आत्महत्या

**भीमताल, एजेंसी।** ओखलकांडा के ग्राम सभा पतलिया के तोक निगलानी निवासी गोपाल दत्त की 14 वर्षीय बेटी काजल मेलकानी का शव संदिग्ध हालात में पेड़ पर फंदे से लटकता मिला। वह 20 दिसंबर से लापता थी। राजस्व पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेजा है। पटवारी जीवन मेहता ने बताया कि शनिवार को स्वजन ने स्थानीय कॉलेज में कक्षा नौ में पढ़ रही काजल की गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

## ढाई घंटे तक अधिकारियों का इंतजार, उसके बाद किया बैठक का बहिष्कार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यूयूएसडीए) के अंतर्गत ऋषिकेश, मुनि की रेती, तपोवन व स्वर्गाश्रम में 1800 करोड़ रुपये से निकायों के विकास कार्यों को लेकर संबंधित क्षेत्रों के हितधारकों के साथ बैठक आयोजित हुई। अधिकारियों के निर्धारित समय पर न पहुंचने से आक्रोशित व्यापारियों ने बैठक का बहिष्कार किया। व्यापारी करीब ढाई घंटे तक अधिकारियों का इंतजार करने के बाद बैठक से उठ कर चले गए। देहरादून, टिहरी व पौड़ी के जिलाधिकारियों को शामिल होना था। बैठक में शहर के व्यापारियों सहित अन्य संगठनों को भी बुलाया गया था। व्यापारी निर्धारित समय पर बैठक में पहुंच गए। लेकिन करीब चार बजे तक कैबिनेट मंत्री व जिलाधिकारियों के न पहुंचने पर व्यापारी आक्रोशित हो गए। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष कोहली बैठक से उठ गए। उनके उठते ही सभी व्यापारी अपने सीटों से उठे और बैठक का बहिष्कार कर दिया। शाम चार बजे बाद बिना व्यापारियों की मौजूदगी के हुई बैठक में मंत्री अग्रवाल ने बताया कि केंद्र सरकार की बाह्म सहायतित परियोजना के तहत ऋषिकेश, मुनि की रेती, तपोवन व स्वर्गाश्रम में 1800 करोड़ रुपये की धनराशि से वेंडिंग जोन, सीवरेज सिस्टम, पेजयल आपूर्ति, नगरीय यातायात प्रबंधन, बाढ़ प्रबंधन, हरित विकास व सौंदर्यीकरण, पार्किंग आदि कार्य किए जाने हैं। बताया कि अगले छह साल के भीतर यह कार्य किए जाएंगे। जिसके प्रथम चरण में 900 करोड़ और दूसरे चरण में 900 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की जाएंगी। बैठक में पुरानी सीवरेज लाइन के चौड़ीकरण, ब्रह्मपुरी के समीप राफ्टिंग को साइलेंट जोन घोषित करने, ट्रांसपोर्ट नगर की मांग, मुख्य चौराहों का शंख, धनुष आदि की आकृति में सौंदर्यीकरण, फायर ब्रिगेड की लाइन अलग किए जाने, यात्रा काल में बाईपास से ट्रैफिक शिफ्ट नहीं करने, गोसेवा केंद्र खोले जाने, गल्ला व कृषि व्यापारियों के लिए नवीन मंडी स्थल तलाश करने आदि से संबंधित कई सुझाव प्राप्त हुए।

## लूट के मामले में फरार इनामी गिरफ्तार, लूटी रकम से खरीदी बाइक बरामद

**हरिद्वार, एजेंसी।** लूट के मामले में फरार चल रहे इनामी आरोपित को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। हरिद्वार ने गत तीन जुलाई को पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध मोलना रोड पर मारपीट कर 85 हजार नकद व दस्तावेज लूटने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में अंकुल उर्फ डोली निवासी शिवपुर थाना देवबंद सहारनपुर, जुल्फिकार उर्फ बिल्ला निवासी पठनपुरा थाना मंगलौर हरिद्वार, विशाल निवासी ग्राम सुनेटी झबरेडा हरिद्वार व रितेश निवासी ग्राम बेहेडकी सैदाबाद थाना झबरेड़ा का नाम प्रकाश में आया था।

## लूटपाट के मामले में फरार पांच हजार का इनामी गिरफ्तार

**रूड़की, एजेंसी।**
पुलिस ने लूट में फरार चल रहे पांच हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपी के पास से लूटी गई रकम से खरीदी गई बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

झबरेड़ा थाना क्षेत्र के मौलना गांव निवासी हिमांशु तीन जुलाई को बाइक से घर लौट रहे थे। इस बीच रास्ते में चार बदमाशों ने 85 हजार रुपये लूट लिए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया था। साथ ही वारदात के कुछ दिन बाद अंकुल उर्फ डोली निवासी शिवपुर जिला सहारनपुर, जुल्फिकार उर्फ बिल्ला निवासी मंगलौर, विशाल निवासी सुनेहटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

रितेश निवासी बेहेडकी, झबरेड़ा फरार चल रहा था। एसएसपी ने आरोपी पर पांच हजार का इनाम घोषित किया था। साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थानाध्यक्ष अंकुर शर्मा, एसआई नितिन बिष्ट व विरेंद्र शर्मा की टीम का गठन किया था। तभी से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। रविवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी इकबालपुर क्षेत्र में है। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक सहित पकड़ लिया और थाने ले आई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि लूट की रकम से उसने बाइक खरीदी थी।

## जश्न के नाम पर हुड़दंग बर्दाश्त नहीं: एसएसपी

**ऋषिकेश, एजेंसी।**
एसएसपी टिहरी आयुष अग्रवाल ने होटल, कैंप और राफ्टिंग व्यवसायियों के साथ बैठक की। कहा कि जश्न के नाम पर हुड़दंग करने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सोमवार को एसएसपी टिहरी आयुष अग्रवाल ने मुनि की रेती स्थित गढ़वाल मंडल विकास निगम के गंगा रिजॉर्ट में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने होटल और राफ्टिंग एसोसिएशन से जुड़े व्यवसायियों से क्रिसमस और न्यू ईयर का जश्न मनाने के लिए क्षेत्र में उमड़ने वाली सैलानियों की भीड़ के चलते यातायात, कानून व्यवस्था आदि को सुचारू बनाने के लिए सुझाव मांगे।

होटल व्यवसायी रघुवीर कठैत ने क्रिसमस और न्यू ईयर पर देर रात तक म्यूजिक सिस्टम बजाने पर प्रतिबंध लगाने, कॉकटेल पार्टी कर लड़ाई-झगड़ा और हुड़दंग करने वालों पर लगाम लगाने की मांग की। व्यवसायी प्रशांत ने सड़कों पर वाहन पार्क कर ट्रैफिक व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर कार्रवाई और पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था बनाए जाने की मांग की।

होटल व्यवसायी बचन पोखरियाल ने क्षेत्र में बढ़ते नशे के अवैध कारोबार पर नकेल कसने, गंगा किनारे सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों पर लगाम लगाने, लड़खड़ाती ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के संबंध में सुझाव दिए। व्यवसायी देवेंद्र कुडियाल ने तपोवन क्षेत्र में बालक नाथ चौराहे पर दुर्घटना की आशंका को देखते हुए सीसीटीवी कैमरा, ब्लिंकिंग रेड लाइट लगाने और पुलिस कर्मियों की तैनाती की मांग की।

एसएसपी आयुष अग्रवाल ने कहा कि क्रिसमस और न्यू ईयर पर पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रखी जाएगी। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए स्थानीय व्यवसायियों से सहयोग की अपील की। कहा कि यदि कोई नशा करता पाया जाता है तो उसकी सूचना पुलिस को दे सकते हैं।

उन्होंने होटल और कैंप संचालकों को बिना लाइसेंस के शराब नहीं परोसने की हिदायत दी। कहा कि स्थानीय व्यवसायी पुलिस के साथ मिलकर व्यवस्था बनाएं और डायवर्जन व्यवस्था का पालन करें।

# रात 10 से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध, आचार संहिता में सख्त हैं नियम

**देहरादून, एजेंसी।**
चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर या साउंडबॉक्स का प्रयोग पूर्वानुमति लेकर ही कर सकेंगे। इसका प्रयोग रात 10 से सुबह 6 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।

राज्य के नगर निकायों में चुनाव के दौरान प्रचार के लिए सभी माध्यमों की डीएम से अनुमति लेनी होगी। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध रहेगा। मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले चुनावी शोर थम जाएगा। आचार संहिता के मुताबिक, चुनाव प्रचार की सामग्री किसी भी निजी भवन, दीवार आदि पर मालिक की अनुमति से ही लगा सकेंगे। किसी भी सरकारी, सार्वजनिक संपत्ति,



भवन, स्थल, परिसर में विज्ञापन या वॉल राइटिंग नहीं करेंगे। ऐसा किया तो उत्तराखंड लोक संपत्ति विरूपण अधिनियम-2003 के तहत दंडनीय अपराध होगा। चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर या साउंडबॉक्स का प्रयोग पूर्वानुमति लेकर ही कर सकेंगे। इसका प्रयोग रात 10 से सुबह 6 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। इनसे निकलने वाली आवाज के डेसिबल अनुमन्य सीमा से अधिक न हों। कहीं भी स्थायी तौर पर साउंडबॉक्स या लाउडस्पीकर स्थापित नहीं किए जा सकते हैं। मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व के दौरान किसी भी तरह का लाउडस्पीकर प्रतिबंधित रहेगा। चुनाव के दौरान रोड शो के लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। रोड-शो से बड़े अस्पताल, भीड़ वाले बाजार एवं सार्वजनिक परिवहन के मार्ग में कोई व्यवधान नहीं किया जाएगा। सरकार का कोई भी मंत्री केवल मतदाता की हैसियत से ही मतदान केंद्र के भीतर जा सकेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली विश्वविद्यालय के तीन छात्रों से पार्क में लूट

नई दिल्ली, । दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पीजीडीएवी कॉलेज में पढ़ने वाले तीन छात्रों से चाकू के बल पर लूटपाट का मामला सामने आया है। बदमाशों ने पीड़ितों से सोने की चेन, चांदी के ब्रेसलेट, ईयर फोन, ईयर बड, मोबाइल फोन और नकद लूटकर फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लाजपत नगर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता 22 वर्षीय सुमन ठाकुर अपने परिवार के साथ होलंबीकलां इलाके में रहते हैं। वह नेहरू नगर स्थित पीजीडीएवी कॉलेज में संस्कृत ऑनर्स कर रहे हैं। 20 दिसंबर को कॉलेज में संस्कृत व्याकरण की परीक्षा देने आए थे। दोपहर एक बजे उनकी परीक्षा खत्म हुई तो वह अपने दोस्त आकाश यादव और अनुराग ठाकुर के साथ लाला लाजपत राय पार्क में चले गए। तीनों दोस्त पार्क में बैठे थे कि तभी कुछ लड़के आए और बहस करने लगे। इस दौरान एक लड़का चाकू निकाल कर सुमन ठाकुर के पेट पर लगा दिया। इसके बाद उनके गले से सोने की चेन, चांदी के ब्रेसलेट, ईयर फोन और जेब में रखे 50 रुपये भी लूट लिए। इतना ही नहीं, बदमाशों ने पीड़ित आकाश यादव से मोबाइल फोन और अनुराग ठाकुर का ईयर बड भी लूट लिया।

### चाकू के साथ रील बनाने वाला बदमाश पकड़ा

नई दिल्ली, । किशनगढ़ पुलिस ने सोशल मीडिया पर चाकू दिखाकर रील बनाने वाले एक बदमाश को चाकू समेत पकड़ा है। दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि आरोपी पकड़े जाने के बाद बचने के लिए खुद को नाबालिग बताने लगा। जब पुलिस ने जांच की तो आरोपी बालिग था और हत्या के प्रयास के एक मामले में शामिल पाया गया। आरोपी की पहचान किशनगढ़ गांव निवासी जाहिद के रूप में हुई है। इसका पिता हनीफ घोषित अपराधी है और वर्तमान में उसे तड़ीपार कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, जिला पुलिस लगातार सोशल मीडिया पर हथियार दिखाकर रील बनाने व आपराध को ग्लैमराइज करने वालों पर लगातार नजर रख रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने आरोपी जाहिद की पहचान की। सोशल मीडिया पर ये चाकू के साथ फोटो व रील वगेरह डालता था। पुलिस ने इसे पकड़कर पूछताछ की तो वह नाबालिग होने का नाटक करने लगा। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को जेजेबी के समक्ष पेश किया तो उम्र 18 वर्ष निकली। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर इसे अदालत के समक्ष पेश करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

### रेल भवन के बाहर एक व्यक्ति ने खुद को लगाई आग

नई दिल्ली, । नई दिल्ली जिले में स्थित रेल भवन के बाहर बुधवार दोपहर एक व्यक्ति ने आत्मदाह करने की कोशिश की। व्यक्ति रेल भवन के बाहर पहुंचा और खुद को आग लगा दी। यह देख आसपास के लोग उसके पास पहुंचे और आनन-फानन में उसके ऊपर कपड़ा डाला और आग बुझाई। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि वह व्यक्ति मामूली रूप से झुलस गया है। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। इस व्यक्ति ने आग क्यों लगाई, इसको लेकर दिल्ली पुलिस ने कहा कि ये जांच के बाद ही पता चल पाएगा। घायल की पहचान बागपत उप्र निवासी जितेंद्र के रूप में हुई है। पुलिस को शुरूआती जांच में घटनास्थल से पेट्रोल बरामद हुआ है, जिससे यह साफ होता है कि घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया। क्राइम के अलावा फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस को आत्मदाह करने वाले व्यक्ति के पास से दो पन्नों का एक नोट भी बरामद हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अभी तक की जांच में पता चला है कि बागपत का कुछ मामला है, जिसको लेकर वह परेशान था।

### डीयू के रामजस कॉलेज में प्रोफेसर पर छेड़छाड़ का आरोप, छात्रों ने की कार्रवाई की मांग

दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज में एक छात्रा ने प्रोफेसर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। छात्रा ने कॉलेज की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) में शिकायत दर्ज कराई है। घटना के बाद से छात्रों में आक्रोश है और उन्होंने प्रोफेसर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। आरोपित प्रोफेसर डीएसडब्ल्यू कार्यालय में प्रमुख पद पर हैं। रामजस कॉलेज के प्रोफेसर पर छात्रा ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप। दो दिसंबर का मामला, छात्रा ने कॉलेज की आईसीसी में की शिकायत। आरोपित प्रोफेसर ने आरोपों को निराधार बताया, कहा, फंसाया जा रहा है।

# महिलाओं की फ्री बस यात्रा बंद करने के लिए सीएम आतिशी को गिरफ्तार करने की रची जा रही साजिश- केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा द्वारा दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को जेल भेजने का षड़यंत्र रचने का सनसनीखेज खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तीनों एजेंसियां ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स विभाग को ऊपर से आदेश मिले हैं कि कोई भी फर्जी केस कर सीएम आतिशी को गिरफ्तार किया जाए। इसके पीछे भाजपा का मकसद महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा योजना को बंद करना है। सीएम आतिशी को जेल भेजने के लिए ट्रांसपोर्ट विभाग में उनके खिलाफ फर्जी केस तैयार किया जा रहा है। सीएम आतिशी की गिफ्तारी से पहले मेरे साथ आम आदमी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं पर भी रेड की जाएगी, ताकि हम दूसरी चीजों में उलझे रहें और दिल्ली चुनाव के लिए प्रचार न कर सकें। उन्होंने कहा कि केवल जेल में डालने और गालियां देने से जनता वोट नहीं देती है। दिल्ली की जनता इस बार इनको जवाब देगी। पार्टी मुख्यालय में बुधवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि तीन-चार दिन पहले हमें अपने सूत्रों से पता चला है कि ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स तीनों एजेंसियों की मीटिंग हुई है और उस मीटिंग में आदेश आए हैं कि कुछ भी फर्जी केस करके दिल्ली की सीएम आतिशी को गिरफ्तार किया जाए। मैं यह पूरी जिम्मेदारी के साथ आज बहुत बड़ा आरोप लगा रहा हूं कि इन तीनों एजेंसियों को ऊपर से कहा गया है कि दिल्ली की सीएम आतिशी को कोई भी फर्जी केस बनाकर गिरफ्तार किया जाए। उन्हें यह भी कहा गया है कि गिरफ्तारी से पहले आम आदमी पार्टी के सभी सीनियर नेताओं पर आने वाले दिनों में रेड होगी। मेरे ऊपर फिर से रेड होगी। मनीष सिसोदिया पर रेड होगी। संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज, सत्येंद्र जैन और आतिशी पर रेड होगी। हम सब पर रेड कराई जाएगी। इनका मकसद है कि हम जो चुनावी तैयारी कर रहे हैं, उससे ध्यान भटकाना है, ताकि हमारी दिमाग दूसरी चीजों में उलझा रहे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सूत्रों से यह भी पता चला है कि ट्रांसपोर्ट विभाग में सीएम आतिशी के खिलाफ कोई फर्जी केस तैयार किया जा रहा है। इनका पूरा मकसद है कि ये किसी भी तरह से महिलाओं की फ्री बस योजना को रोकना चाहते हैं। उसे बंद करवाना चाहते हैं। हमें पूरा यकीन है कि यह लोग जो पिछले कई सालों से साजिशें रच रहे हैं, झूठे केसों में फंसाकर हम लोगों को जेल में डाल रहे हैं, लोग इस गंदे षडयंत्र का जवाब देंगे। इस देश की जनता इस किस्म की राजनीति पसंद नहीं करती है। आप अपने काम पर वोट मांगिए। आप यह बताइए कि दिल्ली में दस साल में आपने क्या काम किए हैं। आप आने वाले समय में क्या काम करेंगे। केवल जेल में डालने, गालियां देने से जनता वोट नहीं देती है।

# दिल्ली में टूटी पड़ीं सड़कें अब 2100 रुपये का झूठा सपना दिखा रही आप, वीरेंद्र सचदेवा ने खड़े किए सवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने अअढ पर निशाना साधते हुए कहा कि बुजुर्गों व महिलाओं को झूठा सपना दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप ने पंजाब में भी लोगों को सपना दिखाया था। लेकिन आम आदमी पार्टी द्वारा आज तक चुनावी वादा पूरा नहीं किया गया। आगे पढ़िए आखिर वीरेंद्र सचदेवा ने आप को लेकर क्या-क्या कहा है? दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आप पर निशाना साधा है। फाइल फोटो वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी पर साधा निशाना। बुजुर्गों व महिलाओं को झूठा सपना दिखा रही अअढ। पंजाब में भी आप ने चुनावी वादा पूरा नहीं किया था। राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राजधानी में सड़कें टूटी पड़ी हैं, लेकिन आप सिर्फ आश्वासन दे रही हैं। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, आम आदमी पार्टी (अअढ,आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल एवं मुख्यमंत्री आतिशी विधानसभा चुनाव में अपनी हार को देखते हुए काल्पनिक योजनाओं की घोषणा कर रहे हैं। संजीवनी जैसी कोई योजना दिल्ली सरकार के पास नहीं उन्होंने कहा महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपये देने और बुजुर्गों के निःशुल्क उपचार के लिए संजीवनी जैसी कोई योजना दिल्ली सरकार के पास नहीं है। लेकिन, उन्होंने बुजुर्गों व महिलाओं को भ्रमित करने के लिए उनका पंजीकरण शुरू कर दिया। पंजीकरण के नाम पर उनके मोबाइल नंबर व व्यक्तिगत जानकारी ली जा रही है। गिरफ्तारी के प्रयास की मनगढ़ंत कहानी सुना रहे केजरीवाल यह विडियो भी देखें सचदेवा ने कहा कि इसे देखते हुए दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग को सार्वजनिक सूचना जारी करनी पड़ी है। हताश होकर केजरीवाल अब आतिशी की गिरफ्तारी के प्रयास की मनगढ़ंत कहानी सुना रहे हैं। आतिशी को दिल्लीवासियों से मांगनी चाहिए क्षमा प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा, लगभग 10 वर्षों तक सत्ता में रहने वाली पार्टी अब फिर से चुनाव जीतने पर गलत बिजली व पानी बिल को ठीक करने, गंदे पानी की जगह स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, टूटी सड़कें ठीक करवाने का आश्वासन दे रही हैं। जनता उनसे पिछले 10 वर्षों में इन समस्याओं का समाधान नहीं किए जाने पर प्रश्न पूछ रही है। केजरीवाल व आतिशी को दिल्लीवासियों से क्षमा मांगनी चाहिए। अब 2100 रुपये देने का सपना दिखा रहे हैं ।

# भाजपा ने जिन अफसरों पर दबाव डालकर गलत सूचना अखबारों में छपवाई है, उन पर प्रशासनिक और पुलिस कार्रवाई की जाएगी- आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री महिला सम्मान राशि योजना और संजीवनी योजना को फर्जी बताने पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर पलटवार किया है। ह्यह्यआपह्लह्ल के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा महिला सम्मान राशि और संजीवनी योजना की लोकप्रियता से पूरी तरह बौखला गई है। वह नहीं चाहती है कि इसका लाभ दिल्ली के लोगों को मिले। जबसे इन दोनों योजनाओं के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हुए हैं, लोगों में जबरदस्त उत्साह है और रजिस्ट्रेशन कराने वालों की लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं। पूरी दिल्ली के अंदर लोग बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा अफसरों पर दवाब डालकर चाहे जो मर्जी नोटिस निकलवा ले, लेकिन दिल्ली की जनता को भाजपा पर नहीं, केजरीवाल पर भरोसा है। क्योंकि मैंने फ्री बिजली, पानी, महिलाओं की बस यात्रा, बुजुर्गों की तीर्थयात्रा और अच्छे स्कूल-अस्पताल देने का वादा किया था, उसे पूरा करके दिखाया। लेकिन भाजपा ने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। बुधवार को पार्टी मुख्यालय पर वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह और सीएम आतिशी के साथ प्रेसवार्ता कर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने दो-तीन पहले मुख्यमंत्री महिला सम्मान राशि योजना और संजीवनी योजना की घोषणा की थी। महिला सम्मान योजना के तहत अभी हजार रुपए मिलेंगे, लेकिन चुनाव जीतने के बाद इसके तहत हर महिला को 2100-2100 रुपए दिए जाएंगे। दिल्ली के कैबिनेट पहले से ही महिलाओं को 1000 रुपए महीना देने की योजना को मंजूर कर चुकी है और उसका नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। लेकिन मैंने एलान किया था कि अगर हम चुनाव जीत जाते हैं तो इसको बढ़ाकर 2100 कर दिया जाएगा। उसी तरह, हमने बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना का एलान किया है। इसके तहत 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों का सारा इलाज मुफ्त कराएंगे, चाहे उनका इलाज प्राइवेट अस्पताल में हो या सरकारी अस्पताल में हो। इसमें भी रजिस्ट्रेशन कराने के लिए लोगों की जबरदस्त भीड़ लग रही है। लोग लाइन लगाकर अपना रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। लोग हमारे दफ्तर आ रहे हैं और लोग बहुत खुश हैं। मंगलवार शाम तक महिला सम्मान योजना में लगभग 12.50 लाख रजिस्ट्रेशन हो चुके थे, जबकि संजीवनी योजना में डेढ़ से पौने दो लाख बुजुर्गों के रजिस्ट्रेशन हो चुके थे। इस सबसे भाजपा बुरी तरह से बौखला गई है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह जाहिर तौर पर चुनावी घोषणा है। जनता को हमारे उपर भरोसा है। इसलिए वो रजिस्ट्रेशन करा रही है। जो-जो लोग रजिस्टर कर रहे हैं, उन लोगों को हम चुनाव के बाद इस योजना का लाभ दिलाएंगे। भाजपा का पूरा मकसद है कि जनता को 2100 रुपए की योजना का लाभ ना मिले। इनका पूरा मकसद है कि जनता को संजीवनी योजना का लाभ ना मिले। इनका पूरा मकसद है कि दिल्ली के अंदर किसी भी तरह से फ्री बिजली बंद हो। मैंने कहा था कि मैं जब मुख्यमंत्री था, मेरे ऊपर खूब दवाब डाला गया कि मैं दिल्ली की बिजली कंपनियों को अडानी को बेच दूं। ताकि दिल्ली के अंदर फ्री बिजली बंद हो जाए। लेकिन मैंने ऐसा नहीं होने दिया। मैं दिल्ली के लोगों को भरोसा दिलाता हूं कि जब तक उनका केजरीवाल जिंदा है, मैं दिल्ली की फ्री बस यात्रा बंद नहीं होने दूंगा। ये चाहे मुझे दस बार जेल में डाल दें। मैं दिल्ली के अंदर महिलाओं को 2100 रुपए दिलाकर रहूंगा। आज भी रजिस्ट्रेशन के लिए महिलाओं की लंबी-लंबी लाइन लगी हुई है। ये अफसरों पर दवाब डालकर जो मर्जी नोटिस निकलवा लें। लोगों को इनपर भरोसा नहीं, बल्कि केजरीवाल पर भरोसा है।

# आप दिल्ली चुनाव जीत रही है, भाजपा हमें रोकने की साजिश कर रही है, लेकिन कामयाब नहीं होगी- केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का कहना है कि आम आदमी पार्टी दिल्ली चुनाव जीत रही है, लेकिन भाजपा हमें रोकने की साजिश कर रही है। हालांकि वह इसमें कामयाब नहीं होगी। उन्होंने भाजपा से तीन प्रश्न किया कि पिछले 10 साल में उसने दिल्ली के लिए क्या काम किया है, अगले पांच साल में क्या काम करेगी, उसका एजेंडा क्या है और मुख्यमंत्री चेहरा कौन है? दिल्ली वालों ने उसे कानून व्यवस्था का एक ही काम दिया था, इसका भी उसने कबाड़ा कर दिया। आज पूरी दिल्ली में लोगों में डर का माहौल है। जब उसने दिल्ली के लिए कोई काम ही नहीं किया है तो जनता उसको वोट क्यों दे? उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली में अच्छे स्कूल-अस्पताल बनाए, बिजली, पानी, महिलाओं की बस यात्रा फ्री करने समेत कई काम किए। हम अपने कामों पर वोट मांग रहे हैं, लेकिन भाजपा सिर्फ गालियों पर वोट मांग रही है। पार्टी मुख्यालय में बुधवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सभी जानते हैं कि भाजपा ने किस तरह से 10 साल में दिल्ली के लोगों के खिलाफ उनकी जिंदगी दूभर करने के लिए कितने प्रकार के षडयंत्र रचे हैं। वह लोग समय-समय पर एलजी के जरिए तरह-तरह के कानून लाकर दिल्ली सरकार के कामों को रोकते रहे। लेकिन हमारी सरकार ने दिल्ली वालों का कोई काम रुकने नहीं दिया। दिल्ली के अंदर ऐसे-ऐसे ऐतिहासिक काम किए गए जोकि इस देश ने 75 साल में कभी देखे नहीं थे। सारे काम कराए गए। जब इनके सारे षडयंत्र फेल हो गए तो इन्होंने फिर एक-एक करके आम आदमी पार्टी के सीनियर नेताओं, मंत्रियों और कैबिनेट मंत्रियों को जेल भेजना शुरू कर दिया। इन्होंने सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और मुझे जेल भेजा। इन्होंने सब लोगों को जेल भेजना शुरू किया। उसके बावजूद भी काम नहीं रुके और दूर-दूर तक भी नहीं दिख रहा है कि भाजपा जीत रही है। अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि अब भाजपा को दिखने लगा है कि वह ना केवल हार रही है बल्कि शायद भारत के इतिहास में भाजपा की ऐतिहासिक हार दिल्ली के चुनाव में होने वाली है। भाजपा के पास कोई नेरेटिव नहीं है। इनके पास यह बताने के लिए नहीं है कि उन्होंने दस साल में क्या काम किया। दस साल में दिल्ली में आधी सरकार इनकी भी थी। इनके सात एमपी थे, इनके एलजी थे, केंद्र सरकार के पास अरबों-खरबों रुपए थे। इन्होंने इन दस साल में ना कोई सड़क, स्कूल, अस्पताल और ना कॉलेज बनाया। इन्होंने दिल्ली के लोगों के लिए कोई काम नहीं किया। दिल्ली के लोगों ने इन्हें कानून-व्यवस्था का एक ही काम दिया था। उसका भी इन्होंने कबाड़ा कर दिया है। आज दिल्ली के लोग डर के माहौल के अंदर जी रहे हैं और खुलेआम दिल्ली की सड़कों पर गोलियां चल रही हैं। इनके पास ना कोई नेरेटिव है और ना ही ये बता पा रहे हैं कि अगर इन्हें वोट दो तो वह क्या काम करेंगे। केवल केजरीवाल को गालियां दे रहे हैं और इसी आधार पर वोट मांग रहे हैं। इनके पास कोई सीएम चेहरा नहीं है। इनके पास कोई कैंडिडेट्स नहीं हैं। इनके पास चुनाव लड़ने के लिए कोई एजेंडा नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी एक पॉजिटिव कैंपेन कर रही है। हम लोगों को बता रहे हैं कि दस साल में हमने क्या-क्या काम किए। हमने स्कूल अच्छे किए, बच्चों की पढ़ाई का इंतजाम किया। लोगों के इलाज का इंतजाम किया। अस्पताल अच्छे किए। मोहल्ला क्लीनिक बनाए। बिजली मुफ्त और 24 घंटे की। पानी की व्यवस्था की, घर-घर पानी पहुंचाने का काम किया। महिलाओं की बस यात्रा फ्री की। बुजुर्गों के लिए तीर्थयात्रा फ्री की। हमने इतने सारे काम किए। इसलिए हम कह रहे हैं कि हमें वोट दिए। आने वाले समय में हम महिलाओं को 2100-2100 रुपए देंगे। बुजुर्गों का फ्री इलाज कराएंगे, चाहे उनका इलाज प्राइवेट अस्पताल में हो या सरकारी में। हम अपने कामों पर वोट मांग कर रहे हैं। ये केवल और केवल गालियों पर वोट मांग रहे हैं और काम रोकने पर वोट मांग रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम इनको पूछना चाहते हैं कि दस साल में आपने क्या काम किया। एक काम बता दो। ये आने वाले पांच क्या काम करना चाहते हैं, वह बता दें। इन्होंने पिछले दस साल में एक भी काम नहीं किया। इनके पास आने वाले पांच साल के लिए कोई प्लान नहीं है। इनका सीएम चेहरा कौन हैं, यह बता दें। इन तीन प्रश्नों का जवाब दे दें। इन्हें लोग क्यों वोट देंगे। जब इन्होंने कोई काम नहीं किया, इनके पास आगे का कोई प्लान नहीं है, कोई सीएम चेहरा नहीं है। तो फिर इन लोगों को कोई क्यों वोट देगा।

# हम दिल्ली में किए गए विकास कार्यों पर वोट मांग रहे हैं: केजरीवाल



नई दिल्ली, । आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का कहना है कि उनकी पार्टी दिल्ली विधानसभा चुनाव जीत रही है, लेकिन भाजपा हमें रोकने की साजिश कर रही है। हालांकि वह इसमें कामयाब नहीं होगी। यहां संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल ने भाजपा से तीन प्रश्न किए। पहला- पिछले 10 साल में उसने दिल्ली के लिए क्या काम किया? दूसरा- अगले पांच साल में वह क्या काम करेगी? तीसरा- उसका एजेंडा क्या है और मुख्यमंत्री चेहरा कौन है? केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली वालों ने भाजपा (केंद्र सरकार) को कानून व्यवस्था का एक ही काम दिया था, इसका भी उन्होंने कबाड़ा कर दिया। आज पूरी दिल्ली में लोगों में डर का माहौल है। जब उसने दिल्ली के लिए कोई काम ही नहीं किया है तो जनता उनको वोट क्यों दे?। उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली में अच्छे स्कूल-अस्पताल बनाए, बिजली, पानी, महिलाओं की बस यात्रा फ्री करने समेत कई काम किए। हम अपने कामों पर वोट मांग रहे हैं, लेकिन भाजपा सिर्फ गालियों पर वोट मांग रही है। केजरीवाल ने कहा कि सभी जानते हैं कि भाजपा ने किस तरह से 10 साल में दिल्ली के लोगों के खिलाफ उनकी जिंदगी दूभर करने के लिए कितने प्रकार के षडयंत्र रचे हैं। वह लोग समय-समय पर उपराज्यपाल के जरिए तरह-तरह के कानून लाकर दिल्ली सरकार के कामों को रोकते रहे लेकिन हमारी सरकार ने दिल्ली वालों का कोई काम रुकने नहीं दिया। दिल्ली के अंदर ऐसे-ऐसे ऐतिहासिक काम किए गए जो इस देश ने 75 साल में कभी देखे नहीं थे। केजरीवाल ने आगे कहा कि इनके पास कोई मुख्यमंत्री चेहरा नहीं है। इनके पास कोई उम्मीदवार नहीं हैं। इनके पास चुनाव लड़ने के लिए कोई एजेंडा नहीं है। दूसरी तरफ आआपा एक पॉजिटिव कैंपेन कर रही है। हम लोगों को बता रहे हैं कि दस साल में हमने क्या-क्या काम किए। हमने स्कूल अच्छे किए, बच्चों की पढ़ाई का इंतजाम किया। लोगों के इलाज का इंतजाम किया। महिलाओं की बस यात्रा फ्री की। बुजुर्गों के लिए तीर्थयात्रा फ्री की। हमने इतने सारे काम किए। इसलिए हम कह रहे हैं कि हमें वोट दो। आने वाले समय में हम महिलाओं को 2100-2100 रुपये देंगे। बुजुर्गों का फ्री इलाज कराएंगे, चाहे उनका इलाज प्राइवेट अस्पताल में हो या सरकारी में। हम अपने कामों पर वोट मांग कर रहे हैं। ये केवल और केवल गालियों पर वोट मांग रहे हैं।

# 29 दिसंबर को बाबरपुर में मिनी स्टेडियम का उद्घाटन किया जाएगा, फिर बच्चों को दूर खेलने नहीं जाना पड़ेगा- गोपाल राय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के पर्यावरण एवं विकास मंत्री के बलबीर नगर में ऑडिटोरियम अवसर पर गोपाल राय ने कहा कि नेतृत्व में दिल्ली में चौतरफा काम अस्पतालों और बिजली के क्षेत्र में है। इस ऑडिटोरियम के शुरू होने गोरखपार्क, छज्जूपुर, ज्योतिनगर, लोगों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक सुविधा मिलेगी। इस ऑडिटोरियम में गोपाल राय ने बाबरपुर का उद्घाटन किया। इस अरविंद केजरीवाल के हुआ है। दिल्ली के स्कूलों, हुए काम की चर्चा हो रही से बलबीर नगर, ईस्ट वेस्ट ज्योति कॉलोनी आदि के कार्यक्रम के आयोजन में 1000 से 1500 लोगों के लिए बैठने की क्षमता है। गोपाल राय ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद यहां अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में चौतरफा विकास हुआ है। हमारी सरकार ने दिल्ली में 24 घंटे बिजली की गारंटी दी है। दिल्ली इकलौता राज्य है जहां 24 घंटे बिजली आती है और लगभग 22 लाख लोगों का बिजली का बिल जीरो भी आता है। लोगों को फ्री पानी मिल रहा है। सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा मिल रही है। बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद महिलाओं को एक हजार की जगह 2100 रुपये दिए जाएंगे। साथ ही दिल्ली में 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों का मुफ्त इलाज किया जाएगा। कहा कि जब से हमारी सरकार बनी है, बाबरपुर में लगभग 900 से ज्यादा सड़कों का निर्माण किया जा चूका है शेष बचे रोड के निर्माण की भी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यमुनाविहार बस डिपो से निजामुद्दीन तक की बस सेवा शुरू की गई है। बाबरपुर में नए सुपर स्पेशलिटी पॉलीक्लिनिक शुरू किया किया है। गोपाल राय ने कहा कि ऑडिटोरियम के उद्घाटन से बलबीर नगर, छज्जूपुर, ज्योतिनगर, ज्योति कॉलोनी, बाबरपुर ईस्ट और वेस्ट गोरखपार्क आदि के लोगों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में सुविधा मिलेगी। ऑडिटोरियम में लगभग 1500 लोगों को बैठने की सुविधा है। इस ऑडिटोरियम को आगे और विस्तार किया जाएगा। यहाँ सभी आधुनिक सुविधायें उपलब्ध किया गया है। गोपाल राय ने कहा कि 29 दिसंबर को बाबरपुर में मिनी स्टेडियम का उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन के बाद बच्चों को खेलने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। अब सब तरह की सुविधा बाबरपुर में ही उपलब्ध होगी।

# प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल और सीएम आतिशी की आरोपों पर दी सफाई, कहा- मैं अब रुकने वाला नहीं हूं

नई दिल्ली, । दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को पूर्व भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा पर पैसे बांटने का आरोप लगाया। इसपर प्रवेश वर्मा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मैंने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी का ट्वीट देखा। वह तब मुख्यमंत्री बनी थीं, जब दिल्ली सरकार का मंत्रिमंडल तिहाड़ जेल में था। आप सांसद संजय सिंह भी मेरे घर के आगे पीछे घूम रहे हैं। आम आदमी पार्टी के इतने बड़े नेताओं को नई दिल्ली विधानसभा की चिंता करते हुए देख रहा हूं और मुझे यह अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा, आज से लगभग 25 वर्ष पहले मेरे पिताजी द्वारा राष्ट्रीय स्वाभिमान संस्था का निर्माण किया गया था। जब गुजरात में भूकंप आया था, वहां हमने दो गांव का निर्माण किया था और लगभग 2000 से अधिक मकान बनाए थे। इसके बाद ओडिशा में भूकंप के बाद भी हमारी संस्था ने वहां चार गांव वहां पर बसाए थे, जिसका उद्घाटन पूर्व राष्ट्रपति स्व. अब्दुल कलाम ने किया था। इतना ही नहीं, करगिल युद्ध के बाद भी शहीदों के परिवारों को दिल्ली में बुलाकर एक-एक लाख रुपए की राशि दी गई थी। भाजपा नेता ने कहा, मेरी संस्था बहुत पुरानी है और मेरे पिताजी ने मुझे सिखाया कि जो भी जरूरतमंद होते हैं उनकी मदद करनी है। कोविड काल में भी संस्था की तरफ से 500 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, मैं जहां से सांसद था वहां एक-एक गांव और कॉलोनी में मुफ्त में दिए थे। साथ ही अस्थाई कोविड सेंटर खोलकर लोगों की जान बचाई। उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि आज मुझे खुशी है कि मैं गरीब माता बहनों की सहायता कर रहा हूं। मैं शराब नहीं बांट रहा, न ही मैं अपना शीश महल बना रहा हूं। मैं सारी माता-बहनों को कहना चाहता हूं कि चाहे अरविंद केजरीवाल जितना मर्जी शोर मचा लें, मैं अब रुकने वाला नहीं हूं। चाहे उनकी पेंशन की बात हो उनके घर की समस्याओं की बात हो, आपका बेटा और आपका भाई हमेशा आपके लिए खड़ा मिलेगा। आज ये लोग महिला सम्मान की बात करते हैं, हमने देखा है कि कैसे उनकी महिला नेत्री, स्वाति मालीवाल से दुर्व्यवहार किया गया था। यह है मामलाः गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल ने और मुख्यमंत्री आतिशी ने पोस्ट डालकर भाजपा नेता प्रवेश वर्मा पर निशाना साधा था। मुख्यमंत्री आतिशी ने अपनी पोस्ट में यह भी लिखा था कि एऊऔर उइकको तुरंत रेड कर के पैसे बरामद कर प्रवेश वर्मा को तुरंत गिरफ्तार करना चाहिए। वहीं केजरीवाल ने पर लिखा कि हर जगह लोगों ने बताया कि ये लोग खुले आम वोट खरीद रहे हैं।

# अपराध की आय जमा करने या अनुचित लाभ की आशंका को नहीं कहा जा सकता मनी लॉन्ड्रिंग: कोर्ट

नई दिल्ली। ओडिशा में कोयला आवंटन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक कंपनी व इसके दो निदेशकों के विरुद्ध आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से राउज एवेन्यू की विशेष अदालत ने इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा कि अपराध की आय अर्जित करने या अनुचित लाभ की आशंका को मनी लॉन्ड्रिंग नहीं कहा जा सकता है। विशेष न्यायाधीश अरुण भारद्वाज ने कहा कि ईडी के अनुसार एसीएल में होल्डिंग कंपनी के माध्यम से पूंजी/निवेश से संबंधित अपराध एसीएल द्वारा प्राप्त या प्राप्त किए जाने वाले अनुचित लाभ की प्रत्याशा में किया गया था। अपराध की आय अभी तक अस्तित्व में नहीं आई-कोर्ट अदालत ने कहा कि शिकायतकर्ता (ईडी) के अनुसार अनुचित लाभ अभी तक प्राप्त नहीं किया गया है और केवल प्रत्याशित है।

# चुनाव आयोग के नाक के नीचे भाजपा नेता प्रवेश वर्मा के घर खुलेआम वोटरों में बांटे जा रहे पैसे- संजय सिंह



भाजपा नेता प्रवेश वर्मा के घर पर वोटरों को पैसे बांटने का मामला सामने के आने के बाद आम आदमी पार्टी ने चुनाव आयोग और जांच एजेंसियों की चुप्पी पर सवाल खड़ा किया है। आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग के नाक के नीचे भाजपा नेता प्रवेश वर्मा के घर पर खुलेआम वोटरों में पैसे बांटे जा रहे हैं। चुनाव आयोग क्यों सोया हुआ है? अभी भी प्रवेश वर्मा के घर के अंदर करोड़ों रुपए हैं। इतना बड़ा खुलासा हुआ है और ईडी-सीबीआई क्या कर रही है? हमारी ईडी-सीबीआई से मांग है कि प्रवेश वर्मा के घर पर छापा मारा जाए और उनके घर को सीज कर सारा पैसा जब्त किया जाए। साथ ही, इस मामले की तह तक जाया जाए। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में चुनाव आयोग की नाक के नीचे अरविंद केजरीवाल के क्षेत्र में खुलेआम हजार-हजार रुपए बांटे जा रहे हैं और वहां से भाजपा के संभावित प्रत्याशी प्रवेश वर्मा हैं। वह पैसे बांट रहे हैं। उनके घर में अभी भी करोड़ों रुपए हैं। ईडी-सीबीआई क्या कर रही है? क्यों नहीं छापे मार रही है? हम लोग के पास तो जब मन करता है, तब ईडी, सीबीआई और तमाम जांच एजेंसियां पहुंच जाती हैं। इतना बड़ा खुलासा हुआ है। ईडी और सीबीआई क्या कर रही है? अभी भी करोड़ों रुपए इनके घर के अंदर हैं। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा नेता प्रवेश वर्मा के यहां क्यों नहीं छापा मारा जा रहा है? इतनी बड़ी धांधली हो रही है। दिल्ली में इतना बड़ा खेल हो रहा है। अरविंद केजरीवाल के क्षेत्र में खुलेआम हजार हजार रुपए बांटे जा रहे हैं। चुनाव आयोग यही दिल्ली में बैठता है, उसकी नाक के नीचे यह घटना हो रही है। सारी जांच एजेंसियां ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट सब यहीं बैठे हुए हैं। हम मांग करते हैं कि प्रवेश वर्मा का पूरा घर सीज किया जाए। जितना रुपया है, वह यहां से बाहर न निकलने पाए। ईडी-सीबीआई इस मामले की तह तक जाएं। प्रवेश वर्मा के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। संजय सिंह ने आगे कहा कि यह अभियान क्या केवल चुनाव के समय चल रहा है। चुनाव आ गया तो संस्था का अभियान चल रहा है। क्या कभी किसी ने इससे पहले इस संस्था का अभियान देखा? किसी भी तरह से मतदाता को पैसे या नोट बांटना अवैध और गलत है।

# संसद भवन के पास सुसाइड की कोशिश, शख्स ने खुद को लगाई आग; हालत गंभीर

दिल्ली में नए संसद भवन के पास एक व्यक्ति ने खुद को आग लगाकर आत्मदाह की कोशिश की। जितेंद्र नाम का यह व्यक्ति उत्तर प्रदेश का बताया जा रहा है। अभी तक आत्मदाह की कोशिश की वजह का पता नहीं चल पाया है। उधर पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। आगे विस्तार से जानिए आखिर पूरा मामला क्या है। नए संसद भवन के पास एक व्यक्ति ने खुद को आग लगाकर आत्मदाह की कोशिश की। जागरण फोटो नए संसद भवन के पास एक व्यक्ति ने खुद को लगाई आग। इस घटना से पुलिस अफसरों में हड़कंप मच गया है। घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जागरण संवाददाता, नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में बुधवार (25 दिसंबर) को नए संसद भवन स्थित रेल भवन के सामने गोल चक्कर पर एक व्यक्ति ने खुद को आग लगाकर आत्मदाह की कोशिश की। बताया जा रहा है कि जितेंद्र नाम का व्यक्ति उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। (पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जागरण फोटो) पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। हालांकि, अभी यह पता नहीं चला है कि शख्स ने खुद को आग क्यों लगाई है।

## केन-बेतवा परियोजना का शिलान्यास, अब साकार होगा अटल जी का संकल्प

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर 44 हजार 600 करोड़ रुपए की लागत से मध्यप्रदेश के खजुराहो में देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की पहली ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण और 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि-पूजन भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की स्मृति में स्टॉम्प और सिक्का भी जारी किया । कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने यहां अपने भाषण का आरंभ ठेठ बुंदेलखंडी में किया उन्होंने कहा कि वीरों की धरती ई बुंदेलखंड पर रहवे वारे सभी जनन को हमाई तरफ से हाथ जोड़के राम-राम पहुंचे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. भीम राव अंबेडकर का भी उल्लेख किया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा किह्यएमपी में आज हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की शुरूआत हुई है। आज बहुत प्रेरणादायी दिन है। आज अटलजी की जन्म जयंती है। आज उनके जन्म के 100 साल हो रहे हैं। उन्होंने मुझ जैसे कई कार्यकताओं को सिखाया है। देश के विकास में अटलजी का योगदान हमारे स्मृति पटल पर अटल रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत में जो बड़ी नदी परियोजनाएं बनीं, इनके पीछे डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर का ही विजन था। आज जो केंद्रीय जल आयोग है इसके पीछे भी डॉ. अंबेडकर के ही प्रयास थे, लेकिन कांग्रेस ने कभी जल संरक्षण के प्रयासों और बांधों के लिए बाबा साहेब को क्रेडिट नहीं दिया। किसी को पता भी नहीं चलने दिया। प्रधानमंत्री ने नेहरू का नाम लिए बिना कटाक्ष किया किह्यपानी के लिए दूरदर्शी आयोजन पर सोचने का क्रेडिट एक ही व्यक्ति (जवाहर लाल नेहरू) को देने के नशे में सच्चे सेवक को भुला दिया गया। आज मैं बताता हूं, देश आजाद होने के बाद भारत की जल शक्ति, भारत के जल संसाधन, भारत में पानी के लिए बांधों की रचना... इन सबकी दूरदृष्टि के लिए किसी एक महापुरुष को क्रेडिट जाता है तो उस महापुरुष का नाम है बाबा साहेब अंबेडकर। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस परियोजना के शिलान्यास के साथ ही स्व. वाजपेयी का नदी जोड़ो का संकल्प मध्यप्रदेश में मूर्त रूप लेगा। केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना, देश में भूमिगत दाब युक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना से मध्यप्रदेश के 10 जिलों छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर में लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और 44 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। फसलों के उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से हरित ऊर्जा में 103 मेगावॉट योगदान के साथ रोजगार के कई अवसर सृजित होंगे। बेहतर जल प्रबंधन एवं औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास होगा और रोजगार को बढ़ावा भी मिलेगा। इस परियोजना से उत्तर प्रदेश में 59 हजार हेक्टेयर वार्षिक सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी एवं 1.92 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मौजूदा सिंचाई का स्थिरीकरण किया जायेगा, जिससे उत्तर प्रदेश के महोबा, झांसी, ललितपुर एवं बांदा जिलों में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।

## अपहृत चार साल की बच्ची को मुक्त कराया, दो महिलाएं गिरफ्तार



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । पश्चिमी जिले के राजौरी गार्डन थाना पुलिस ने चार साल की अपहृत एक बच्ची को 22 दिन बाद अपहताओं के चंगुल से मुक्त करा लिया है। इस मामले में दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अपहृत बच्ची को दिल्ली के निलोठी इलाके से बरामद किया गया। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि एक दिसंबर को एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी चार साल की बेटी राजौरी गार्डन टी ब्लॉक स्थित एमसीडी स्कूल के पास से गायब हो गई। उस सूचना पर राजौरी गार्डन थाना की पुलिस टीम ने छानबीन शुरू की। इस मामले में राजौरी गार्डन थाने की टीम के साथ एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट और स्पेशल स्टाफ की टीम को भी लगाया गया। एसीपी राजौरी गार्डन की देखरेख में एसएचओ एम एस कमाल की टीम लगातार छानबीन करती रही। स्कूल से लेकर कई इलाकों में लगे 200 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। लगातार 22 दिन तक छानबीन की गई। जो बच्ची लापता तो हुई थी, उसकी फोटो को सोशल मीडिया के ग्रुप में शेयर किया गया। जिस इलाके में पुलिस को संदेह हुआ, वहां भी पुलिस ने बच्ची की फोटो को सकुर्लेट किया। आखिरकार 23 दिसंबर को दोपहर में पुलिस को इस बारे में एक जानकारी मिली। जिस बच्ची का फोटो सकुर्लेट किया जा रहा है, वैसी बच्ची चंद्र विहार के निलोठी इलाके में देखी गई है। पुलिस टीम तुरंत वहां पहुंची और वहां के लोकल दुकानदारों और वहां के निवासियों को फोटो और वीडियो दिखाया और छानबीन के बाद उस बच्ची को निलोठी के विकास विहार इलाके से अपने कब्जे में ले लिया। इस मामले में दो महिला आरोपितों रोमा गुप्ता और आराधना उर्फ मोना कश्यप को पुलिस ने पकड़ा है। ये दोनों महिला निलोठी की रहने वाली हैं। इनमें से एक नि:संतान है जबकि दूसरी महिला को एक बेटी है, इसलिए योजना बनाकर इस बच्ची का किडनैप किया।

## दिल्ली के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा, न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज

नई दिल्ली, । राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में बुधवार को सुबह घना कोहरा छाए रहने से दृश्यता घटकर 100 मीटर रह गई और न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 1.5 डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 100 प्रतिशत रहा। आईएमडी ने बताया कि सफदरजंग और पालम में सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता घटकर 100 मीटर रह गई। मौसम विभाग ने दिन में कोहरा छाए रहने का पूवार्नुमान व्यक्त किया और अधिकतम तापमान के 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 333 यानी ह्यबहुत खराबह्ण श्रेणी में दर्ज किया गया। दिल्ली के 36 निगरानी केंद्रों में से मुंडका ने वायु गुणवत्ता को ह्यगंभीरह्ण श्रेणी में दर्ज किया, जबकि कुछ केंद्रों में इसे ह्यखराबह्ण श्रेणी में दर्ज किया गया।

## चोरी की दो कार समेत वाहन चोर गिरफ्तार

नई दिल्ली, । तिलक नगर पुलिस ने सोमवार को चोरी की दो कार समेत एक वाहनचोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आरिफ के रूप में हुई है। इस पर चार आपराधिक मामले दर्ज मिले हैं। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चोरी की दो कारें बरामद कर चोरी के दो मामले सुलझाने का दावा किया है। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर के अनुसार, गत सोमवार दोपहर 2.30 पेट्रोलिंग टीम ने कृष्णपुरी इलाके में तलाशी के लिए कार को रुकने का इशारा किया। लेकिन कारचालक गति बढ़ाकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने उसका पीछा कर उसे चंदन विहार में केसोपुर मंडी से दबोच लिया। इस दौरान दो पीछे की सीट पर बैठे दो आरोपी मौके से फरार हो गए और पुलिस ने आरोपी आरिफ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मेरठ, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। तलाशी लेने पर उसके कार में रखे बैग से वाहनचोरी के टूल बरामद हुए हैं। पूछताछ में आरोपी ने अपने एक सहयोगी मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश निवासी जावेद उर्फ सुहैब का भी नाम बताया। साथ ही इसकी निशानदेही पर एक अन्य कार बरामद कर ली गई।

## डीयू के तीन छात्रों से चाकू के बल पर लूटपाट

नई दिल्ली, । दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पीजीडीएवी कॉलेज में पढ़ने वाले तीन छात्रों से चाकू के बल पर लूटपाट का मामला सामने आया है। बदमाशों ने पीड़ितों पर चाकू लगाकर उनसे सोने की चेन, चांदी का ब्रेसलेट, ईयर फोन, ईयर बड, मोबाइल फोन व नकद लूट कर फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लाजपत नगर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता 22 वर्षीय सुमन ठाकुर अपने परिवार के साथ होलंबी कलां इलाके में रहते हैं। वह नेहरू नगर स्थित पीजीडीएवी कॉलेज में संस्कृत ऑनर्स से स्नातक कर रहे हैं। 20 दिसंबर को कॉलेज में संस्कृत व्याकरण की परीक्षा देने आए थे। दोपहर एक बजे उनकी परीक्षा खत्म हुई तो वह अपने दोस्त आकाश यादव और अनुराग ठाकुर के साथ लाला लाजपत राय पार्क में कुछ खाने के लिए चले गए। तीनों दोस्त पार्क में बैठ कर खा पी रहे थे कि तभी कुछ लड़के आए बदसुलूकी व बहसबाजी करने लगे। इस दौरान एक लड़के चाकू निकाल कर सुमन ठाकुर के पेट पर लगा दिया। इसके बाद उनके गले से सोने की चेन, चांदी का ब्रेसलेट, ईयर फोन और जेब में पड़े 50 रुपए भी लूट लिया। इतना ही नहीं बदमाशों ने पीड़ित आकाश यादव से उसका मोबाइल फोन और अनुराग ठाकुर का ईयर बड लूट लिया। इसके बाद पीसीआर कॉल कर मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## कांग्रेस ने दिल्ली सरकार और केंद्र के काले कारनामों के खिलाफ श्वेत पत्र जारी किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली, । कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले बुधवार को आम आदमी पार्टी सरकार और केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के काले कारनामों के खिलाफ एक श्वेत पत्र जारी किया और आरोप लगाया कि दिल्ली की दुर्दशा के लिए दोनों पार्टियां जिम्मेदार हैं। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मौका-मौका, हर बार धोखा शीर्षक से श्वेत पत्र जारी किया। पार्टी ने इसमें दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार की कथित वादाखिलाफी का उल्लेख किया है। यह श्वेत पत्र जारी करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि यह श्वेत पत्र दिल्ली और केंद्र सरकार के काले कारनामों के बारे में है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार एक-दूसरे पर आरोप लगाती रहती हैं, जबकि परेशान जनता होती है, जो इन दोनों के बीच फंसी है। माकन ने आरोप लगाया कि इन दोनों सरकारों ने बीते कई वर्षों में दिल्ली को नफरत का बाजार बना दिया है। उन्होंने दावा किया, यहां बेटियां सुरक्षित नहीं हैं और दिल्ली को बनाने वाले लोगों के सम्मान से लगातार समझौता किया गया है। माकन का कहना था, कोरोना काल के समय लोगों को अपने परिजनों के शव के लिए कई दिनों तक इंतजार करना पड़ा, दिल्ली में ऑक्सीजन, आईसीयू की कमी थी। उस समय दिल्ली सरकार अस्पताल बनाने के बजाय शीशमहल बनाने में पैसे खर्च कर रही थी, वहीं भाजपा की सरकार सेंट्रल विस्टा बना रही थी। उन्होंने दावा किया, आज दिल्ली के अंदर बुजुर्गों को पेंशन पाने में दिक्कत आती है। नए राशन कार्ड बनने बंद हो गए हैं। जो पुराने हैं, उन्हें खत्म किया जा रहा है। यह दिल्ली की सबसे बड़ी समस्या है। माकन ने आरोप लगाया कि केजरीवाल फजीर्वाल हैं और अपनी घोषणाओं से दिल्ली के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा, दिल्ली में पिछले 11 साल से आम आदमी पार्टी की सरकार है और केंद्र में 2014 से भाजपा की सरकार है। दिल्ली की जनता ने बहुत उम्मीद के साथ इन दोनों सरकारों को चुना था, लेकिन उन्हें इन वर्षों में झूठे वादों के साथ सिर्फ धोखा मिला। उनका कहना था, दिल्ली में 15 साल कांग्रेस की सरकार रही। उस समय दिल्ली ने नए आयाम गढ़े। चाहे विकास हो या सामाजिक क्षेत्र.. हमारी सरकार ने गरीब, महिला, युवा समेत हर वर्ग के लिए काम किए। दिल्ली में अगले साल फरवरी में विधानसभा चुनाव संभावित हैं।

## केजरीवाल एंटी नेशनल , उनके साथ गठबंधन भूल थी : माकन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने बुधवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर एंटी नेशनल (राष्ट्र विरोधी) होने का आरोप लगाया और कहा कि आम आदमी पार्टी के साथ लोकसभा चुनाव में गठबंधन करना उनकी पार्टी की एक भूल थी, जिसे सुधारना जरूरी है। आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा एक ह्यश्वेत पत्र जारी किए जाने के मौके पर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि दिल्ली की दुर्दशा और यहां उनकी पार्टी की कमजोर होने की एक बड़ी वजह, कांग्रेस का 10 साल पहले केजरीवाल के नेतृत्व वाली पहली सरकार को समर्थन देना था। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यह उनके निजी विचार हैं। उन्होंने केजरीवाल की घोषणाओं का हवाला देते हुए कहा, ह्यकेजरीवाल को अगर एक शब्द में परिभाषित किया जा सकता है तो वह शब्द है फजीर्वाल । इस व्यक्ति की घोषणाएं सिर्फ फजीर्वाड़ा हैं, उसके अलावा और कुछ नहीं हैं। माकन ने कहा कि अगर वह (केजरीवाल) इतने गंभीर हैं तो पंजाब में इन कामों को करके दिखाएं क्योंकि वहां तो कोई उपराज्यपाल भी नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि वह फर्जी वादे करके लोगों को क्यों गुमराह कर रहे हैं? माकन ने कहा, ह्यहमारी पार्टी में सभी को अपने अपने विचार रखने की आजादी है। जहां तक केजरीवाल के बारे में मेरे विचार हैं तो आप (पत्रकार) लोगों से बेहतर कोई नहीं जानता। मेरा मानना है कि दिल्ली की आज जो दुर्दशा है और कांग्रेस इतनी कमजोर हुई है, तो इसकी वजह यह है कि 2014 में हमने उनका 40 दिनों के लिए समर्थन किया था। दिल्ली की दुर्दशा का एक सबसे बड़ा कारण यही है। माकन ने कहा, ह्यमेरा मानना है कि दोबारा गठबंधन (लोकसभा चुनाव में) करके एक भूल हुई है और उसे सुधारना जरूरी है। मैं कभी भी इस बात का पक्षधर नहीं रहा हूं कि केजरीवाल जैसे व्यक्ति पर भरोसा किया जाए। उन्होंने दावा किया कि केजरीवाल राजनीति में अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं तथा इनकी कोई विचारधारा और कोई सोच नहीं है। माकन ने दावा किया कि केजरीवाल सामान नागरिक संहिता, अनुच्छेद 370 और संशोधित नागरिकता कानून के मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी के रुख के साथ खड़े नजर आए। उन्होंने आरोप लगाया, ह्यवह ह्यएंटी नेशनल हैं, उनकी कोई विचारधारा नहीं है सिवाय अपनी निजी महत्वाकांक्षा के। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, ह्यकेजरीवाल की पार्टी का जन्म लोकपाल और जन लोकपाल के लिए हुआ था। सरकार बनने के बाद तो वह कई बार धरने पर बैठे हैं । लेकिन क्या वह एक बार भी लोकपाल या जन लोकपाल के लिए धरने पर बैठे? वह जन लोकपाल कहां है

## भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने भारतीय जनता पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को आज उनकी 100वीं जयंती पर संघ के मुख्यालय बरवाला में उनके करोड़ों प्रशंसकों और कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि उन्हें अटल जी के सान्निध्य और साहचर्य में रहने का परम सौभाग्य मिला था। उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रेरक था। कवि हृदय अटल जी ने राजनीति में अपने सिद्धांतों से कभी किसी से कोई समझौता नहीं किया। देश की एकता अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए उन्होने आजीवन कार्य किया। विश्व बंधुत्व की भावना उनके मन में कूट कूटकर भर्ती हुई थीं। हिंदी के प्रति उनका अपार स्नेह था।

## मुख्यमंत्री आतिशी ने किया आनंद विहार फ्लाईओवर का उदघाटन




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को आनंद विहार और अप्सरा बॉर्डर के बीच 2.2 किलोमीटर लंबे छह लेन के फ्लाइओवर का उद्घाटन किया। इससे पूर्वी और उत्तर पूर्वी दिल्ली के लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल भी मौजूद थे। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में रोड और इन्फ्रास्ट्रक्चर को शानदार बनाने की दिशा में आम आदमी पार्टी सरकार ने बहुत काम किया है। आआपा सरकार का यह 38वां फ्लाइओवर या अंडरपास है। हमने हर नए फ्लाईओवर के साथ दिल्ली की तरक्की की नई इबादत लिख रहे हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा कि आनंद विहार और अप्सरा बॉर्डर के बीच जहां फ्लाईओवर का उद्घाटन किया गया, यह दिल्ली के यातायात दबाव वाले क्षेत्रों में से एक है। इस फ्लाईओवर के चालू होने से रोजाना औसतन 1.5 लाख लोग इसका इस्तेमाल करेंगे। इससे लोगों को ट्रैफिक जाम से होने वाली दिक्कतों से निजात मिलेगी। प्रदूषण कम होगा और ईंधन की बजत होगी। व्यस्ततम समय के दौरान यहां पर घंटों जाम लगता था। अब इस फ्लाईओवर के चालू होने से पूरे इलाके में ट्रैफिक जाम की समस्या दूर हो जाएगी।

## दिल्ली सरकार के विभागों ने आप की योजनाओं से दूरी बनाई, व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने को कहा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली, । दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को सार्वजनिक नोटिस जारी कर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) की महिलाओं को 2,100 रुपये और बुजुर्गों को मुफ्त इलाज देने की योजनाओं से खुद को अलग कर लिया, जिससे विधानसभा चुनावों से पहले एक नया विवाद खड़ा हो गया है। दोनों विभागों ने लोगों को आगाह किया कि अस्तित्वहीन योजनाओं में पंजीकरण के नाम पर किसी से भी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और कहा कि किसी भी निजी व्यक्ति या राजनीतिक दल द्वारा इस तरह के फॉर्म भरवाना या जानकारी एकत्र किया जाना धोखाधड़ी है। यह घटनाक्रम, ह्यआपह्ण नेताओं द्वारा मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना के लिए लोगों के पंजीकरण की कवायद शुरू करने के कुछ दिनों बाद सामने आया जिस पर ह्यआपह्ण संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नाखुशी जाहिर की है। पंजीकरण अभियान की अगुवाई कर रहे केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इन दोनों योजनाओं से घबरा गई है और दावा किया कि आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री आतिशी को फर्जी मामले में गिरफ्तार किया जा सकता है। उन्होंने एक्स पर कहा, महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना से ये लोग बुरी तरह से बौखला गए हैं। अगले कुछ दिनों में फर्जी मामला बनाकर आतिशी जी को गिरफ्तार करने का इन्होंने प्लान बनाया है। उसके पहले आप के वरिष्ठ नेताओं पर छापेमारी की जाएगी। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को दावा किया था कि उन्होंने दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य सचिव से बात की और उन्हें बताया गया कि संजीवनी योजना नाम से कोई योजना ही नहीं है। दोनों योजनाओं की घोषणा केजरीवाल ने अगले साल फरवरी में प्रस्तावित विधानसभा चुनावों से पहले की थी और आप ने योजनाओं के लिए पंजीकरण शुरू कर दिया। आप के नेताओं को भरोसा है कि यह कदम मतदाताओं को लुभाने में मदद करेगा क्योंकि कई जानकारों का मानना है कि ऐसी योजनाएं कई राज्यों में चुनावों में सत्तारूढ़ दलों को सत्ता में बनाए रखने में महत्वपूर्ण साबित हुई हैं। विभाग द्वारा जारी सार्वजनिक नोटिस में कहा गया, मीडिया की खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग के संज्ञान में लाया गया है कि एक राजनीतिक दल दिल्ली में महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत 2100 रुपये प्रति माह वितरित करने का दावा कर रहा है। इसमें कहा, यह स्पष्ट किया जाता है कि दिल्ली सरकार द्वारा ऐसी कोई योजना अधिसूचित नहीं की गई है। यह भी कहा गया कि जब योजना शुरू होती है तो विभाग पात्र लोगों के लिए उचित दिशा-निर्देशों के अनुसार अपने आवेदन ऑनलाइन जमा करने के लिए एक पोर्टल शुरू करेगा। नोटिस में कहा गया कि चूंकि ऐसी कोई योजना है ही नहीं, इसलिए इसके तहत पंजीकरण कराने का सवाल ही नहीं उठता। इसमें कहा गया है, कोई भी निजी व्यक्ति/राजनीतिक दल मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के नाम पर ऐसे आवेदन एकत्र कर रहा है या आवेदकों से जानकारी एकत्र कर रहा है तो यह धोखाधड़ी है। नोटिस में लोगों को आगाह किया गया है कि योजना के नाम पर व्यक्तिगत विवरण और पैन खाता संख्या, फोन नंबर या वोटर आईडी जैसी संवेदनशील जानकारी देने से साइबर और बैंकिंग धोखाधड़ी सहित अपराध हो सकते हैं। आप सरकार ने दिल्ली में 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी पात्र महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह देने करने के लिए बजट 2024-25 में महिला सम्मान योजना की घोषणा की थी। केजरीवाल ने हाल ही में वादा किया कि अगर ह्यआपह्ण सत्ता में वापस आती है तो यह राशि बढ़ाकर 2100 रुपये प्रति महिला की जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार विभाग के सार्वजनिक नोटिस में इसी तरह लोगों को ह्यआप प्रमुख द्वारा 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज के लिए घोषित संजीवनी योजना के बारे में आगाह किया गया है।

## कोचिंग सेंटरों के लिए फिर से तैयार करें दिशा-निर्देश, दिल्ली में याचिका दाखिल

दिल्ली में राव कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से हुई तीन कअर छात्रों की मौत के हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। कोर्ट में दायर की गई याचिका में कोचिंग संस्थानों को जारी किए गए दिशा-निर्देशों को फिर से तैयार करने की मांग की है। पढ़िए और क्या-क्या मांग की गई है

### डेथ चेंबर बन गए दिल्ली के कोचिंग सेंटर, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार को दिया नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने राव कोचिंग सेंटर (Ru Cochifg Ceftre) हादसे की सुनवाई करते हुए केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस दिया है। कोर्ट ने कहा कि कोचिंग सेंटर डेथ चेंबर बन गए हैं। दरअसल राजेंद्र नगर स्थित राव कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बारिश का पानी भरने से तीन कअर अभ्यर्थियों की डूबने से मौत हो गई थी। पढ़िए कोर्ट ने और क्या-क्या कहा है? सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस दिया। जागरण फोटो कोचिंग सेंटर हादसे में केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस ।सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम को भी नोटिस दिया है।

## कुलजीत सिंह चहल ने नई दिल्ली में ट्यूलिप रोपण अभियान की घोषणा की

नई दिल्ली, । नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बुधवार को बताया कि नीदरलैंड से आयातित ट्यूलिप बल्ब आ गए हैं और रोपण के लिए तैयार हैं। चहल ने बताया कि रोपण प्रक्रिया गुरुवार से शुरू होगी। जिसमें ट्यूलिप बल्ब नई दिल्ली के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि इस वर्ष एनडीएमसी ने 5.5 लाख ट्यूलिप बल्ब आयात किए हैं, जिनमें से 3.25 लाख एनडीएमसी के लिए, 2 लाख डीडीए के लिए और 25,000 एमसीडी के लिए निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि इसके अलावा, एनडीएमसी ने पिछले वर्ष के 50 प्रतिशत ट्यूलिप बल्बों को लोदी गार्डन में स्थित एक विशेष संरक्षण केंद्र ह्लट्यूलिप हाउसह्व में सफलतापूर्वक संरक्षित किया था, जिससे प्राप्त विभिन्न आकार के 22,000 बल्ब विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक लगाए गए हैं। चहल ने बताया कि ट्यूलिप बल्ब शांतिपथ, कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क, कन्वेंशन सेंटर, लोदी गार्डन, तालकटोरा गार्डन, सरदार पटेल मार्ग और मंडी हाउस, विंडसर प्लेस, शेरशाह सूरी मार्ग, वाइस प्रेसिडेंट हाउस राउंडबॉट और सुनहरी मस्जिद जैसे प्रमुख गोलचक्करों सहित विशिष्ट स्थानों पर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष एक नई पहल के तहत गमलों में भी ट्यूलिप लगाए जाएंगे ताकि शहर की सुंदरता को और बढ़ाया जा सके। फरवरी से ट्यूलिप खिलने शुरू होंगे और सफेद, पीले, लाल, गुलाबी, नारंगी, बैंगनी और मिश्रित रंगों के जीवंत रंगों से शहर को सजाएंगे। चहल ने कहा कि ट्यूलिप को सुप्तावस्था तोड़ने और अंकुरित होने के लिए दो महीने तक 5 डिग्री सेल्सियस का न्यूनतम ठंडा तापमान चाहिए। इस चुनौती का सामना करने के लिए, एनडीएमसी ने प्री-ट्रीटेड और प्री-प्रोग्राम किए गए बल्ब खरीदे हैं, जो अनियमित मौसम की परिस्थितियों में भी आसानी से जीवित रह सकते हैं। उन्होंने बताया कि एनडीएमसी 2017-18 से ट्यूलिप का रोपण कर रहा है, जब 17,000 बल्बों के साथ एक परीक्षण के रूप में शुरूआत की गई थी। यह पहल एक बड़ी सफलता साबित हुई। इससे एनडीएमसी भारत का पहला नगर निकाय बन गया, जिसने इन बहुमूल्य फूलों को सार्वजनिक स्थानों पर लगाया। पहले ट्यूलिप केवल राष्ट्रपति भवन तक सीमित थे। उन्होंने कहा कि ट्यूलिप का रोपण एनडीएमसी के स्वच्छ, हरित और जीवंत शहर बनाने के व्यापक मिशन का हिस्सा है। चहल ने आगे बताया कि एनडीएमसी द्वारा 1,450 एकड़ हरित क्षेत्र के रखरखाव किया। इसमें नेहरू पार्क, सेंट्रल पार्क और संजय झील जैसे प्रमुख पार्क शामिल हैं । उन्होंने अंत में कहा, ट्यूलिप न केवल लुटियंस दिल्ली की सुंदरता को बढ़ाते हैं बल्कि निवासियों और आगंतुकों को एक सकारात्मक और सुखद अनुभव प्रदान करते हैं। ये फूल वायु और धूल प्रदूषण को कम करने में भी योगदान देते हैं।

## राजाओं की बावली मरम्मत के बाद दर्शकों के दीदार को तैयार, पर्यटक इस दिन से देख सकेंगे खूबसूरत नजारा

महरौली के पुरातत्व पार्क में स्थित राजाओं की बावली का जीर्णोद्धार कार्य लगभग पूरा हो चुका है और इसे जनवरी के अंत तक पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। बावली में पेंटिंग साफ-सफाई रंगाई छत की मरम्मत का काम हो चुका है और फिलहाल हल्की टूट-फूट व नक्काशी को संवारने का काम जारी है। इसके बाद पर्यटक पहले से आकर्षक और सुसज्जित बावली को देख सकेंगे। पर्यटक 26 जनवरी के बाद कर सकेंगे राजाओं की बावली का दीदार। महरौली स्थित पुरात्तव पार्क में बावली के जीर्णोद्धार का काम लगभग पूरा। जनवरी के अंतिम सप्ताह में पर्यटकों के लिए खोल दी जाएगी बावली। जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली। ॠंङ्घल्ल ′ुंङ्म′: महरौली के पुरातत्व पार्क स्थित राजाओं की बावली का दीदार पर्यटक 26 जनवरी के बाद कर सकेंगे। बावली के जीर्णोद्धार का काम तकरीबन पूरा कर लिया गया है। लगभग एक महीने में बाकी काम होने के बाद इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। इसके बाद पर्यटक पहले से आकर्षक और सुसज्जित बावली को देख सकेंगे। बावली में पेंटिग, साफ-सफाई, रंगाई, छत की मरम्मत का काम हो चुका है, फिलहाल हल्की टूट-फूट व नक्काशी को संवारने का काम जारी है। हालांकि पर्यटक बावली को देखने पहुंच रहे हैं, लेकिन इसके भीतर चल रहे काम के चलते नजदीक जाने की इजाजत नहीं है।

# हरियाणा स्वास्थ्य विभाग घोटाला: 29 जनवरी तक पेश करना होगा जांच रिपोर्ट

प्रात: किरण संवाददाता






चंडीगढ़। हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग में दवाइयां और उपकरणों की खरीद में करोड़ों रुपये के घोटाले मामले में 24 फरवरी 2020 को शिकायत दर्ज दी गई थी, लेकिन सरकार ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। सितम्बर माह में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागु एवं जस्टिस अनिल खेत्रपाल ने सरकार को आदेश दिया था कि राज्य के तहत सक्षम प्राधिकारी शिकायत में निहित आरोपों के संबंध में जांच के आदेश दे व रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश करें।

29 जनवरी तक रिपोर्ट दायर करने का आदेश

मामले की सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि इस मामले की जांच पूरी होने वाली है और रिपोर्ट दायर करने के लिए उसे समय दिया जाए। सरकार के आग्रह को स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट ने 29 जनवरी तक रिपोर्ट दायर करने का आदेश दिया।

पिछली सुनवाई पर हाईकोर्ट ने इस मामले में कई तारीख बीत जाने के बाद भी जवाब दायर नहीं करने पर सरकार को एक हजार रुपये का जुमार्ना लगाते हुए जवाब दायर करने का अंतिम अवसर दिया था। कोर्ट ने यह आदेश जगविंद्र सिंह कुल्हरिया द्वारा वकील प्रदीप रापडिया के जरिए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए थे।

दुष्यंत चौटाला ने की थी सीबीआई जांच की मांग

याचिका के मुताबिक सरकारी अस्पतालों में हुए दवा खरीद घोटाले के मामले में वर्ष 2018 में तत्कालीन सांसद दुष्यंत चौटाला ने सीबीआई जांच और कैग से ऑडिट कराने की मांग की थी। आरटीआई के अनुसार तीन वर्ष की अवधि में राज्य के सरकारी अस्पतालों में कई करोड़ रुपये की दवाएं और मेडिकल उपकरण बेहद महंगे दामों में खरीदे गए थे।

दुष्यंत ने जब यह मामला उठाया था, तब स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज थे। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट को बताया कि हिसार की एक दवा कंपनी, जिस एड्रेस पर दर्ज है, वहां फर्म की जगह एक धोबी बैठा मिला था। हिसार और फतेहाबाद के सामान्य अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों की सप्लाई करने वाली फर्म का मालिक नकली सिक्के बनाने के आरोप में तिहाड़ जेल में था।

मामले की जांच ईडी से कराने की मांग

उसने न केवल जेल से ही टेंडर प्रक्रिया में भाग लिया, बल्कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मी ने उसके झूठे हस्ताक्षर किए। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट को बताया कि दवा और उपकरण सप्लाई करने वाली बहुत सी कंपनियों के पास लाइसेंस ही नहीं था।

जिलों के सिविल सर्जनों ने ना केवल दवाइयां और उपकरण महंगे दामों में खरीदे, बल्कि ऐसी कंपनियों से दवाओं की खरीद कर ली, जो कागजों में करियाना और घी का कारोबार करती हैं। याचिकाकर्ता ने इस पूरे मामले की जांच ईडी से कराने की मांग कर रखी है।

# फरीदाबाद में भरे बाजार युवक की हत्या, चाकू से ताबड़तोड़ किए दर्जनों वार

प्रात: किरण संवाददाता



फरीदाबाद। ओल्ड फरीदाबाद थाना क्षेत्र में स्थित बसेलवा कॉलोनी में रहने वाले युवक की कुछ बदमाशों में बाजार में चाकू से गोदकर हत्या कर दी। आरोपित युवक को मारने के बाद वहां से फरार हो गए।

आरोपितों ने इंस्टाग्राम पर दी थी धमकी मृतक अंशुल बसेलवा कॉलोनी का ही रहने वाला था। अंशुल के दोस्त अनमोल ने बताया कि कुछ दिन पहले आरोपितों ने इंस्टाग्राम पर अंशुल को धमकी दी थी। जिसको लेकर अंशुल ने पुलिस को शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस की ओर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

अनमोल के अनुसार, वह बुधवार को अंशुल के साथ गली में खड़े थे। इस दौरान चार से पांच बदमाश वहां से गुजरे। बदमाशों के साथ अंशुल का किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। अंशुल और उसके दोस्त ने बदमाशों को वहां से भगाने के लिए उन पर पत्थर मारे। जब बदमाश भागे तो अंशुल ने भी उनका पीछा करने शुरू कर दिया।

सीसीटीवी में कैद हो गई वारदात

इस दौरान अंशुल को एक बदमाश ने पकड़कर उस पर चाकू से हमला कर दिया। फिर तीन से चार आरोपितों ने अंशुल पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला किया। चाकू मारने के बाद वह फरार हो गए। ओल्ड फरीदाबाद थाना पुलिस के अनुसार आरोपितों की तलाश की जा रही है। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

हरियाणा के फरीदाबाद में युवक की चाकू से गोदकर हत्या

कुछ दिन पहले इंस्टाग्राम पर मिली थी धमकी

चार-पांच युवकों ने भरे बाजार दिया वारदात को अंजाम

उधर, एक अन्य मामले में मुजेसर थाना क्षेत्र में स्थित पावर हाउस कॉलोनी में झाड़ियों में मंगलवार सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान मूलरूप से यूपी के एटा निवासी वेद प्रकाश के रूप में हुई है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट भी मिला है। मुजेसर थाना की पुलिस विभिन्न पहलूओं से मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार, मंगलवार सुबह सूचना मिली कि युवक पावर हाउस कालोनी स्थित झाड़ियों में एक पेड़ से लटका है। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक की पहचान करने के साथ ही शव को कब्जे में ले लिया। अधिकारियों के अनुसार मृतक के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। वह जवाहर कॉलोनी में परिवार के साथ रहता था और एक निजी कंपनी में काम करता है।

# पानीपत में जयपुर जैसा हादसा टला, गैस टैंकर से स्लीपर बस की टक्कर में 12 यात्री घायल

प्रात: किरण संवाददाता

पानीपत। जीटी रोड पर बने एलिवेटेड फ्लाईओवर पर मंगलवार सुबह 5:20 बजे पठानकोट से दिल्ली जा रही स्लीपर बस आगे चल रहे गैस टैंकर से टकरा गई। बस में 45 यात्री थे। हादसे में बस चालक और 11 यात्री घायल हो गए। टैंकर में गैस लीकेज हो जाती तो जयपुर जैसा हादसा हो सकता था। टैंकर चालक फरार हो गया। तहसील कैंप थाने के प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि बस का शीशा तोड़ यात्रियों को निकाला गया। बस चालक की हालत गंभीर घायलों में नेपाल के 28 वर्षीय विजय, दिल्ली के 42 वर्षीय देवेंद्र, 32 वर्षीय सुजीत सिंह, 30 वर्षीय अनामिका, करनाल के असंध के 23 वर्षीय मोहित, उत्तरप्रदेश के 23 वर्षीय आदित्य, पंजाब के गुरदासपुर की 28 वर्षीय सिमरन और 31 वर्षीय कुलदीप को पानीपत के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके अलावा पठानकोट निवासी बस चालक अमित सैनी, महक, दिल्ली के दिलशाद गार्डन निवासी सतवीर कौर और शाहदरा निवासी भावना को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। बस चालक की हालत गंभीर है। कार्रवाई की जा रही है।

फोन पर जयपुर हादसा देख रहा था, इसी बीच बस भिड़ गई

गुरदासपुर के यात्री कुलदीप ने जागरण को बताया कि मैं गुरुग्राम की एक ई-कामर्स कंपनी में काम करता हूं। 20 दिन पहले शादी हुई थी। सोमवार रात 9:30 बजे पत्नी सिमरन के साथ गुरदासपुर से दिल्ली के लिए स्लीपर बस में सवार हुआ था। मंगलवार सुबह 6:30 बजे दिल्ली पहुंचना था, लेकिन बस 22 मिनट देरी से चल रही थी। चालक 100 से अधिक स्पीड में बस चला रहा था। मैंने रात को ही फोन में जयपुर में हुआ गैस टैंकर हादसा देखा था, भगवान से प्रार्थना की थी, ऐसा किसी के साथ न हो। सुबह सवा पांच बजे बस की टक्कर हुई। मैं जब तक कुछ समझ पाता, तब तक बस में चीख पुकार मच चुकी थी। मेरा पैर सुन हो चुका था, मैंने पहले पत्नी को संभाला, उसे गंभीर चोट लगी। मैंने आपातकालीन दरवाजा खोला और बाहर देखा तो गैस टैंकर था, मैं घबरा गया। मैंने तुरंत एक-एक कर सभी सवारियों को बाहर निकाला। टैंकर चालक फरार हो गया। इलाज के दौरान पता चला कि मेरी पत्नी के दोनों पैर टूट चुके हैं, रीढ़ में भी फ्रैक्चर है। मेरे भी पैर में चोट लगी है। जयपुर हादसे में झुलसे ट्रक ड्राइवर की इलाज के दौरान हुई मौत जयपुर में पिछले दिनों एलपीजी टैंकर हादसे में झुलसने वाला ट्रक ड्राइवर यूसुफ इलाज के दौरान मंगलवार को जिंदगी की जंग हार गया। यूसुफ पिनगवां थाने के गांव हिंगनपुर गांव का रहने वाला है।

# इटली भिजवाने का झांसा देकर भेज दिया मलेशिया, हरियाणा के युवक के साथ 18 लाख की ठगी

प्रात: किरण संवाददाता




यमुनानगर। गांव सारन निवासी सतीश कुमार को विदेश भिजवाने के नाम पर ठग लिए गए। आरोप कुरुक्षेत्र के गांव जोगना खेड़ा निवासी अशोक कुमार, रवि कुमार व उनके पिता अमरचंद और उधम सिंह पर लगा है। आरोपितों ने उसे इटली व कनाडा का वीजा लगवाने का झांसा दिया। जबकि उसे थाईलैंड व मलेशिया भिजवा दिया। इसके लिए 18 लाख रुपये ठग लिए गए। थाना छप्पर पुलिस ने आरोपितों पर केस दर्ज किया।

पुलिस को दी शिकायत में गांव सारन निवासी सतीश कुमार ने बताया कि वह विदेश जाना चाहता था। इसके लिए उसकी जनवरी 2023 में अंबाला के उगाला निवासी उधम सिंह से मुलाकात हुई। आरोपित रेलवे में कर्मचारी है। जिसने कहा कि वह एजेंट अशोक व रवि को जानता है। वह लोगों को विदेश भिजवाता है।

28 अप्रैल को दिया था रूस का वीजा लगा पासपोर्ट फरवरी माह में तीनों आरोपित घर पर आए और इटली भिजवाने के लिए 14 लाख रुपये का खर्च बताया। वो उनकी बातों में आकर तैयार हो गया। उस समय आरोपित एक लाख रुपये बतौर एडवांस लिए और एक फाइल तैयार कर दी। जिसमें दिल्ली एंबेसी में जमा कराने के लिए कहा। उनके कहने पर यह फाइल एंबेसी में जमा करा आए। 28 अप्रैल को आरोपितों ने रूस का वीजा लगा हुआ पासपोर्ट दिया और कहा कि विदेश जाने का काम लगभग पूरा हो गया है। इसके लिए आरोपितों ने दस लाख रुपये लिए। कलकत्ता से रूस के लिए कराई फ्लाइट बाद में आरोपितों ने दिल्ली बुलाया और यहां पर सात दिन रखा। जिसके बाद दिल्ली से कलकत्ता और वहां से रूस के लिए फ्लाइट कराई। आरोपितों ने उसे रूस भिजवा दिया। वहां से फर्जी तरीके से बॉर्डर पार कराया। जहां कई दिन जंगलों में रहा। फिर पुलिस ने पकड़ लिया। 16 मई को रूस पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से देश छोड़ने का आदेश हुआ। जिस पर वह वापस लौट आया। यहां आकर आरोपितों से रुपये वापस मांगे। काफी दबाव बनाने के बाद उन्होंने साढ़े छह लाख रुपये वापस कर दिए। जबकि शेष साढ़े तीन लाख रुपये व पासपोर्ट देने के लिए समय मांगा। बाद में फिर विदेश भिजवाने का दे दिया झांसा सतीश कुमार ने बताया कि आरोपितों ने बाद में फिर से उसे विदेश भिजवाने का झांसा देकर तैयार कर लिया। दूसरा पासपोर्ट बनवाया। इस बार आरोपितों ने साढ़े पांच लाख रुपये लिए और थाईलैंड भिजवा दिया। वहां से मलेशिया भिजवाया। एक माह तक मलेशिया में रहा। वहां से वापस थाइलैंड भिजवा दिया। जब काफी समय बीत गया तो वहां से अपने ही खर्च पर टिकट कराकर वापस लौट आया। आरोपितों ने आश्वस्त किया कि इन देशों की वीजा पर मोहर लग गई है। अब उसका कनाडा का वीजा लग जाएगा। उसके लिए अलग-अलग कर आरोपितों ने लगभग नौ लाख रुपये और ले लिए लेकिन वीजा नहीं लगा।

# हरियाणा में महिला यू-ट्यूबर से दुष्कर्म, शादी के नाम पर युवक ने एक साल तक बनाए संबंध



हिसार। हरियाणा के हिसार शहर से एक गंभीर मामला सामने आया है। शहर की निवासी एक युवती ने एक युवक पर शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही महिला ने आरोपी पर वीडियो वायरल करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया है।

पीड़िता ने बताया कि वह इंटरनेट मीडिया पर एक पेज चलाती है। उसकी दोस्ती मिल गेट के दीपक से हुई थी। वह भी इंटरनेट मीडिया पर एक पेज चलाता था।

आरोपित दीपक ने उसे शादी का झांसा देकर करीब एक वर्ष तक दुष्कर्म किया। इस दौरान वह दो बार गर्भवती भी हो गई। आरोपित ने उसे गोलियां खिलाकर उसका गर्भपात करवाया।

सामूहिक दुष्कर्म का भी प्रयास आरोपित ने उसे वीडियो वायरल करने की भी धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि आरोपित युवक उसके कमरे पर आता जाता था और वहां सबको कह रखा था कि उनकी सगाई हो चुकी है।

आरोपित ने एक दिन अपने एक साथी के साथ आकर उससे सामुहिक दुष्कर्म का प्रयास किया। उसने विरोध किया तो उसके साथ हाथापाई की, जिससे वह चोटिल हो गई। पीड़िता ने बताया कि आरोपित ने उसे जान से मारने का प्रयास भी किया। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। घसीटकर लाए जाओगे भारत

उधर, करनाल में महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने मंगलवार को कैथल रोड स्थित पुलिस लाइन में आपराधिक मामलों की सुनवाई की। उन्होंने दहेज प्रताड़ना के मामले में एनआरआइ दूल्हे से वीडियो कॉल कर बात की। दो टूक कहा- या तो 10 दिन में खुद भारत आ जाओ, नहीं तो घसीटकर लाए जाओगे।

आरोपित एसआइ सुनील श्योकंद और आरोपित का पक्ष लेने पर अध्यक्ष ने पुलिस को जमकर फटकार लगाई। साथ ही एसआइ पर कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने दस दिन तक दूल्हे के माता-पिता को न्यायिक हिरासत में रखने को कहा। इस दौरान आठ केस उनके सामने आए। इनमें अधिकतर मामले शारीरिक शोषण और दहेज प्रताड़ना के रहे। एसआइ पर शादी पूर्व दुष्कर्म और फिर गर्भपात कराने के आरोप में सिविल लाइन थाने में 16 नवंबर को केस दर्ज किया गया था।

एसआइ ने अपनी सफाई में कहना शुरू किया तो अध्यक्ष बोलीं-पुलिसगीरी मत दिखा। तू पंचकूला में तैनात अपने एसआइ भाई की धमकी देता है।

# एसपीआर रोड़ की बदलेगी तस्वीर, दिल्ली और मुंबई की बेहतर होगी कनेक्टिविटी



प्रात: किरण संवाददाता

गुरुग्राम। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) जल्द ही सदर्न पेरिफेरल रोड (एसपीआर) रोड को एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर विकसित करेगा। रोड विकसित होने से द्वारका एक्सप्रेस-वे और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के बीच बेहतर कनेक्टविटी भी होगी। प्राधिकरण ने वाटिका चौक से एनएच-48 तक (खेड़की दौला के पास) एसपीआर के सुदृढ़ीकरण और मरम्मत के काम के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। यह कार्य करीब 9.65 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

जीएमडीए यात्रियों की सुविधा के लिए सड़क की करेगा मरम्मत जीएमडीए के मुख्य अभियंता अरुण धनखड़ ने कहा कि यह गुरुग्राम के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है और यहां भारी ट्रैफिक रहता है। जीएमडीए यात्रियों की सुविधा के लिए इस सड़क की मरम्मत होगी। मुख्य कैरिज वे को मजबूत करने के अलावा, इस कारिडोर पर नए स्लिप रोड भी बनाए जाएंगे ताकि इस सड़क पर चलने वाले यात्रियों को और राहत मिल सके। प्राधिकरण ने इस साल की शुरूआत में घाटा से वाटिका चौक तक एसपीआर की विशेष सड़क मरम्मत का काम भी करवाया था। सदर्न पेरिफेरल रोड (एसपीआर) के उन्नयन की योजना भी जीएमडीए द्वारा बनाई गई है, जिसमें वाटिका चौक से एनएच 48-सीपीआर तक एक सिग्नल फ्री कॉरिडोर भी बनाया जाएगा। जो कुशल गतिशीलता के लिए यातायात का दीर्घकालिक समाधान प्रदान करने में सहायक होगा। एलिवेटेड रोड का निर्माण हो जाने पर वाहनों के लिए एक अतिरिक्त मार्ग प्रदान करके जमीनी स्तर पर ट्रैफिक को कम करने में मदद मिलेगी और यातायात प्रवाह में सुधार होगा तथा विशेष रूप से व्यस्त समय के दौरान बाधाओं को कम किया जा सकेगा। वाटिका चौक को एनएच-48 से जोड़ने से गुरुग्राम के दक्षिणी हिस्सों और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के बीच एक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी स्थापित होगी, जिससे दिल्ली, जयपुर और शहर के भीतर अन्य प्रमुख गंतव्यों तक आसानी से और तेजी से पहुंच की सुविधा होगी। मिलेनियम सिटी में आसपास के इलाकों में विकास की रफ्तार ट्रैफिक के दबाव की वजह से धीरे-धीरे कम होती जा रही है। विकास की रफ्तार बनी ही न रहे, बल्कि तेज हो, इसके लिए सार्वजनिक परिवहन की सुविधा को बेहतर करने पर तत्काल जोर देने की जरूरत है।

# कोहरे ने थामी मिलेनियम सिटी की रफ्तार, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

प्रात: किरण संवाददाता

गुरुग्राम। हरियाणा में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। बुधवार को गुरुग्राम समेत हरियाणा के दस जिलों में कोहरे का कहर भी देखने को मिला। कोहरे के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा। इसके साथ ही जिलो से गुजरने वाली ट्रेनें भी कोहरे के कारण 20 से 40 मिनट की देरी से चली। वहीं मौसम विभाग ने ठंड और कोहरे को लेकर एक बार फिर से येलो अलर्ट जारी कर लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

बुधवार को कोहरे का असर अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर, कुरूक्षेत्र, कैथल, करनाल, महेंद्रगढ़, फरीदाबाद में भी कोहरा देखने को मिला। सुबह दस बजे के बाद कोहरे का असर थोड़ा कम हुआ। धूप निकलने के बाद ठंड से लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिली। मौसम विभाग के अनुसार अभी ठंड का कहर जारी रहेगा और लोगों को सावधानी बरतने की भी सलाह दी है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार 27 दिसंबर की रात से बारिश होने के आसार बन रहे है। मौसम विभाग ने कुछ इलाकों में बारिश के साथ-साळा ओले गिरने का भी अंदेशा जाहिर किया है। जबकि मंगलवार को सोनीपत, गुरुग्राम और फरीदाबाद में हल्की बूंदाबांदी होने से इन इलाकों में ठंड ज्यादा बढ़ गई है। मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि 26 दिसंबर को प्रदेश में मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान हल्की गति से उत्तरी व उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाएं चलने की संभावना है, जिससे रात्रि तापमान में गिरावट हो सकती है। प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में कोहरा छाए रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण 26 दिसंबर की रात से हवाओं के रुख में बदलाव आ रहा है।

उत्तर-पूर्वी हवाएं चलने की संभावना है, जिससे 27 व 28 दिसंबर को प्रदेश में मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रहेगा। उत्तरी व दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्रों में कहीं-कहीं बूंदाबांदी की भी संभावना है, लेकिन 29 दिसंबर से मौसम शुष्क रहेगा।

स्कूलों में 15 दिन की सर्दी की छुट्टियां

हरियाणा सरकार ने स्कूलों में सर्दी की छुट्टियों की घोषणा कर दी है। यह छुट्टियों 1 से 15 जनवरी तक रहेंगी। जो सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों पर लागू होंगी।

## अटल जयंती पर भाजपा ने निकाली सुशासन यात्रा, गरीबों में बांटा कम्बल

प्रात: किरण संवाददाता

वाराणसी। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म जयंती पर बुधवार को भाजपा कार्यकताओं ने सुशासन यात्रा निकाल गरीबों में कंबल वितरित किया। रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के कोरौता पटेल तालाब पर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने यात्रा की शुरूआत की।

सुशासन यात्रा का समापन पार्टी के जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा भानु शंकर पटेल के कोरौता स्थित आवास पर हुआ। आवास पर हुई सभा में पार्टी के नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जन्म जयंती मनाई। अटल जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके कार्यकाल के उपलब्धियों और उनसे जुड़े संस्मरण को सुनाया गया। इसके बाद क्षेत्र के गरीब असहयों में कंबल वितरण किया गया। इसमें काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवेश पटेल, जिला महामंत्री सुरेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष विपिन पांडेय,आशीष राय रिंकू ,अभिषेक सिंह, पंकज श्रीवास्तव ,रंजनी सिंह, आलोक पांडेय, संतोष गुप्ता,राजबली चक्रवर्ती आदि ने भागीदारी की।

# अटलजी ने सदैव देशहित को सर्वोपरि रखा : नितिन अग्रवाल

प्रात: किरण संवाददाता

हरदोई। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय सहित जनपद के सभी बूथों और मंडलों पर बुधवार को सुशासन दिवस के रूप में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई गई। भाजपा कार्यालय पर अटल जी के जीवन पर आयोजित प्रदर्शनी का उदघाटन कर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने देश के प्रति उनके समर्पण को याद कर चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर कहा कि अटल जी ने सदैव देशहित को सर्वोपरि रखा। अंतरराष्ट्रीय दबाव हो या राजनैतिक गठबंधन की मजबूरी, देश के विकास में आने वाली सभी बाधाओं को पार लगा दिया। अटल जी का व्यक्तित्व इतना सशक्त था कि केंद्र की सत्ता पर पहुंचकर उसका त्याग कर दिया पर विचारों से समझौता नहीं किया। उनकी सरकार के कुछ फैसले इसकी मिसाल हैं। अटल सरकार ने निजीकरण को बढ़ावा दिया, विनिवेश की शुरूआत की तो संचार क्रांति का दूसरा चरण भी अटल राज में ही शुरू हुआ था। इसके अलावा सर्व शिक्षा अभियान, पोखरण का परीक्षण, पोटा कानून जैसे फैसले लेकर अटल सरकार ने देश को मजबूत करने का काम किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि संसद में कहा गया उनका यह वाक्य... सरकारें आएंगी, जाएंगी, पार्टियां बनेंगी, बिगड़ेंगी मगर ये देश रहना चाहिए...आज भी मंत्र की तरह हम सबके मन में गूंजता रहता है। वह भारतीय लोकतंत्र को समझते थे। वह जानते थे कि लोकतंत्र का मजबूत रहना कितना जरूरी है। आपातकाल के समय उन्होंने दमनकारी कांग्रेस सरकार का जमकर विरोध किया, यातनाएं झेलीं। जेल जाकर भी संविधान के हित का संकल्प दोहराया। एन डी ए की स्थापना के साथ उन्होंने गठबंधन की राजनीति को नए सिरे से परिभाषित किया। वह अनेक दलों को साथ लाए और एन डी ए को विकास, देश की प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं का प्रतिनिधि बनाया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, राम बहादुर सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय अवस्थी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# किसी की समस्या लिखे कागज में होता है उस व्यक्ति का दर्द, अधिकारी उसे समझें: नायब सिंह सैनी

- संवेदनशीलता, सहानुभूतिपूर्वक आम जनमानस की बात सुनें अधिकारी
- मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में राज्य स्तरीय सुशासन दिवस समारोह में की शिरकत

प्रात: किरण संवाददाता



गुरुग्राम। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को जन सेवा के माध्यम से सुशासन का संदेश दिया। उन्होंने सरकारी सेवकों को कहा कि हम जब अंत्योदय की बात करते हैं तो हमें हमारे कार्य में संवेदनशीलता होना चाहिए। जिस भी कुर्सी पर हम बैठे हैं, वह एक मौका हमें ईश्वर ने दिया है कि हम अंत्योदय के उत्थान की सोचें। मुख्यमंत्री बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय सुशासन दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमेशा ध्यान रखना है कि जब भी कोई व्यक्ति हमारे दफ्तर में आता है, हमसे मिलता है और अपनी समस्या रखता है तो उसे संवेदनशीलता से समझें। उसका दिया हुआ कागज, दरखास्त, वह सिर्फ एक कागज का टुकड़ा नहीं है, बल्कि उसके दर्द का निचोड़ है। उस कागज के पीछे की कहानी को समझें। जिस दिन हम उस कहानी को समझ पाए तो मान लेना हम अपने सुशासन के प्रयास में सफल हो गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन दिवस के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम हरियाणा प्रदेश को ऐसा बनाएंगे, जहां विकास समावेशी होगा, जहां नागरिक को अपनी क्षमताओं को पहचानने और निखारने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने अनेक निर्णय लेकर जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। आज घर बैठे सुविधाओं का लाभ नागरिकों को मिल रहा है, यही सुशासन का सबसे बड़ा मंत्र है।

नायब सिंह सैनी ने भारत रत्न से सम्मानित महामना पंडित मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर बधाई देते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि आज का यह दिन हम सभी के लिए न केवल एक स्मरणीय अवसर है, बल्कि यह अवसर हम सभी को यह प्रेरणा देता है कि हम एक बेहतर और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करें।

उन्होंने कहा कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने विचारों, कर्मों और दूरदर्शिता से भारत को नई दिशा और पहचान दी। उन्होंने भारत को विकसित और सशक्त बनाने के लिए सशक्त नीतियों की नींव रखी। इससे उस विकसित भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ, जिसका संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में जनसेवा का दायित्व संभालते ही हमारी सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन से सुशासन और सुशासन से सेवा का अपना अभियान शुरू किया था।

## देवरिया में भाजपाइयों ने निकाली पद यात्रा

प्रात: किरण संवाददाता

देवरिया। भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पं. अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिन सुशासन दिवस पर पद यात्रा पुलिस लाइन स्टेडियम से चल कर हनुमान मंदिर सीसी रोड पर सम्पन्न हुई।

भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह व नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पैदल मार्च किया। अटल बिहारी अमर रहें के नारे लगाते हुए हनुमान मंदिर पहुंचे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा महामंत्री जिला प्रमुख शाही, नगर महामंत्री सुधीर मद्धेशिया रविंद्र राव, अटल बरनवाल, अजय सिंह, राजू मणि, दीपू यादव, अमन वर्मा, ब्रह्म सिंह, दिनेश तिवारी, अनूप शर्मा, नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा अभिषेक मिश्रा, संजय तिवारी, वीरेंद्र सिंह, राजन पांडे, अंकित वर्मा, राजेश द्विवेदी, सुशील सिंह, राजेश पासवान, अतुल पासवान, रोहित राय, ओम अमल आशीष सिंन्हा, गोलू जायसवाल, अंकित शर्मा उपस्थित रहे।

# भाजपा का हर कार्यकर्ता अटल जी के पद चिन्हों का कर रहा अनुसरण : डा. सतीश पूनिया

**पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर गुरुकमल कार्यालय में कही यह बात**

प्रात: किरण संवाददाता



गुरुग्राम। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि कोई चलता है पदचिन्हों पर तो कोई पद चिन्ह बनाता है। अटल बिहारी वाजपेयी ऐसी शख्सियत थे, उन्होंने जो पद चिन्ह बनाएं उसका अनुसरण भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता करता है। वे बुधवार को यहां भाजपा कार्यालय गुरुकमल में पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि देने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे।

डा. पूनिया ने कहा कि अटल जी की समाधि का नाम सदैव अटल है और युगों-युगों तक जब तक यह सृष्टि रहेगी अटल बिहारी वाजपेयी का नाम रहेगा। उन्होंने कहा कि जब हमने अपने विचार और संगठन की शुरूआत जनसंघ के तौर पर की थी तब उस समय हमारे राजनीतिक विरोधी मजाक उड़ाते थे। हमारे विरोधी बोलते थे कि जिस दिए में तेल नहीं, सरकार चलाना खेल नहीं।

डा. पूनिया ने कहा कि हमने तीन प्रतिशत और तीन सीटों से शुरूआत की। दुनिया ने भाजपा के विचारों की प्रबलता देखी और हम देश की हुकुमत पर 303 सीटों पर काबिज हुए। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि भाजपा के शुरूआती दौर में लोग यह भी कहते थे कि संगठन बनाना सपने जैसा है। अटल जी कि कही गई पंक्तियों को याद करते हुए डा. पूनिया ने कहा कि 1980 के भाजपा अधिवेशन में अटल जी ने कहा था-अंधेरा हटेगा, सूरज उगेगा, कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि आज निश्चित तौर पर भाजपा का स्वर्णिम कमल पूरी दुनिया के नक्शे पर खिल रहा है। भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जो हौंसला और प्रेरणा हमें दी उस पर चलते हुए भाजपा ने देश की राजनीति और देश की दिशा में बड़े-बड़े बदलाव किए हैं।

सम्पादकीय

## भारत में टैक्स जोन की संभावनाएं

दुनिया के कई ऐसे छोटे देश या द्वीप हैं जिन्होंने अपने टैक्स नीति का सहारा लिया है अपने आपको विकसित करने और दुनिया भर के लोगों को अपने यहां आकर्षित करने के लिए, आकर वहां कम्पनी खोलने के लिए। ज्यादातर ऐसे देश द्वीपीय देश हैं जैसे केमन आइलैंड है, शेसेल्स द्वीप समूह, ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड, बहामास एवं मॉरिशस आदि जैसे देश । हालांकि इनमें से ज्यादातर को टैक्स हेवन बोला जाता है। मैं टैक्स हेवन के पक्ष में तो नहीं हूं लेकिन कुछ कर रियायतों के साथ जैसे की दुबई में है, वैसा ही हम भारत में टैक्स आकर्षण जोन का निर्माण कर सकते हैं। हमने एक प्रयोग गिफ्ट सिटी बनाकर किया है। बस ध्यान इतना रखना है कि इसका निर्माण पिछड़े क्षेत्रों में करें ताकि वहां विकास हो सके। बकौल संजीव सिंह एवं राजनैतिक मामलों के विशेषज्ञ भारत के पास भी ऐसे कई आइलैंड हैं जैसे कि अंडमान निकोबार द्वीप समूह, दीव, पुडुचेरी या लक्षद्वीप टैक्स जोन के तर्ज पर डेवलप किया जा सकता है और दुनिया भर के निवेशकों का इसे हब बनाया जा सकता है। भारत के यह द्वीप दुनिया के लिए आकर्षक टैक्स जोन के रूप में कार्य कर सकते हैं। ऐसी स्थिति पूर्वोत्तर भारत के राज्यों के लिए भी की जा सकती है। ध्यान देने लायक बात है कि दुनिया के टैक्स आकर्षण वाले जोन में निवेशक तो जाते हैं लेकिन ज्यादातर गतिविधियां उनकी वहां के पर्यावरण से छेड़छाड़ की नहीं होती। वहां मुख्य उद्योग पर्यटन ही विकसित होते हैं जिससे उद्योग धंधे की जगह इसके विकसित होने से पर्यावरण को नुक्सान नहीं पहुंचता। भारत के ये द्वीप समूह या पूर्वोत्तर के राज्य नेचर कल्चर और एग्रीकल्चर में धनी होने के कारण कल कारखाने के गढ़ नहीं हो सकते। ऐसे में वहां टैक्स आकर्षण जोन खोलकर इन इलाकों का विकास भी किया जा सकता है और दुनिया भर से पूँजी को आकर्षित कर भारत से रूट भी किया जा सकता है। दुनिया में जहां भी टैक्स आकर्षण जोन है जिसे लोग टैक्स फ्री जोन के रूप में जानते हैं, आइये उसके बारे में भी कुछ समझते हैं जिससे हमें भारत में ये कैसे कारगर होंगे, उसका एक अध्ययन प्राप्त होगा। टैक्स फ्री जोन एक ऐसे विशेष क्षेत्र होते हैं जहां व्यवसायों और व्यक्तियों को विभिन्न प्रकार के करों से छूट दी जाती है। ये क्षेत्र व्यापार को बढ़ावा देने, निवेश आकर्षित करने, और आर्थिक विकास को तेज करने के उद्देश्य से स्थापित किए जाते हैं। दुनिया के कई देशों ने खासकर छोटे एवं द्वीपीय समूह वाले देशों ने इन जोन्स को विकसित किया है ताकि वे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। इन जोन के निर्माण से उनका आर्थिक विकास तेजी से हुआ है। ये टैक्स फ्री जोन स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों को आकर्षित करते हैं जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होती है। ये जोन निवेशकों को कम लागत और टैक्स में छूट जैसे लाभ प्रदान करते हैं जिससे वे अपना व्यापार आसानी से बढ़ा सकते हैं। इन क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सुविधाजनक बनाया जाता है जिससे देशों को विदेशी मुद्रा अर्जित करने में मदद मिलती है। दुनिया के प्रमुख टैक्स फ्री जोन में दुबई एक प्रमुख केंद्र के रूप में है। संयुक्त अरब अमीरात दुबई में ही कई फ्री जोन्स हैं। यहां व्यवसायों को कॉर्पोरेट टैक्स, आयकर, और कस्टम ड्यूटी से कई तरह की विशेष छूट मिलती है। हांगकांग भी टैक्स फ्रेंडली देश माना जाता है। यहां व्यापारिक आय पर बहुत कम टैक्स लगता है। सिंगापुर अपने सरल टैक्स सिस्टम और कम कॉर्पोरेट टैक्स के लिए जाना जाता है। यह क्षेत्रीय हब के रूप में काम करता है, जहां कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपना संचालन केंद्रित करती हैं। केमन आइलैंड्स यह एक प्रमुख ऑफशोर टैक्स फ्रेंडली देश है जहां कॉर्पोरेट टैक्स, आयकर और पूंजीगत लाभ कर नहीं लगाया जाता। यह वित्तीय सेवा कंपनियों के लिए आकर्षक स्थान है। स्विट्जरलैंड भी विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कम टैक्स दरें प्रदान करता है। खासतौर पर बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में इसका बड़ा योगदान है। पनामा अपने टैक्स फ्री सिस्टम और गोपनीयता कानूनों के लिए प्रसिद्ध है। मॉरिशस एक प्रमुख टैक्स फ्रेंडली देश है जो व्यापार और निवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियां प्रदान करता है। यहां विदेशी निवेशकों को करों में छूट मिलती है, जिससे यह क्षेत्र वित्तीय और व्यापारिक गतिविधियों के लिए आकर्षक बनता है। इसके अलावा मॉरिशस का टैक्स फ्री सिस्टम पर्यटन को भी बढ़ावा देता है। टैक्स लाभों के चलते व्यवसायी और पर्यटक यहां बार-बार आना पसंद करते हैं जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है।

## संभल खुदाई सभ्यता!

सर्वोच्च अदालत ने सभी तरह की खुदाई, जांच और पुरातात्विक दावों पर रोक लगा रखी है, क्योंकि वह ह्यउपासना स्थल कानून, 1991ह्ल संबंधी याचिकाओं पर विचार कर रही है। दूसरी ओर सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद अब हमें हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग खोजने से बाज आना चाहिए। उप्र के संभल या राजस्थान के अजमेर में जो हिंदूवादी, मंदिरवादी दावे किए जा रहे हैं, उनसे स्पष्ट है कि वह तबका न तो शीर्ष अदालत की परवाह कर रहा है और न ही सरसंघचालक की नसीहत सुनने, मानने को तैयार है। बल्कि साधु-संतों का एक वर्ग सरसंघचालक के कथन का विरोध करने लगा है। रामभद्राचार्य सरीखे संत की टिप्पणी है कि मोहन भागवत उप्र, अजमेर या सनातन धर्म के प्रशासक नहीं हैं। दक्षिणपंथी खेमा ही संघ प्रमुख का विरोध कर रहा है, यह अत्यंत आश्चर्यजनक है। बहरहाल संभल (उप्र) में अब भी खुदाई जारी है। वहां 1978 के सांप्रदायिक दंगों की आड़ लेकर खुदाई की जा रही है। उन दंगों में 184 लोगों को जिंदा जला दिया गया था। अधिकांश लोग हिंदू थे। उन दंगों के बाद हिंदुओं ने व्यापक स्तर पर पलायन किया था, लिहाजा आजादी के वक्त हिंदुओं की जो आबादी 45 फीसदी थी, अव वे घट कर मात्र 20 फीसदी रह गए हैं। मुस्लिम आबादी 55 फीसदी से बढ़ कर 80 फीसदी हो गई है। कुछ दिन पहले 46 साल के बाद एक मंदिर खुला था, जहां अब पूजा-सेवा की जा रही हैं। यदि 1978 का दौर याद किया जाए, तो केंद्र में जनता पार्टी की सरकार थी। मोरार जी देसाई देश के प्रधानमंत्री थे। पश्चिमी उप्र के एकछत्र नेता चौधरी चरण सिंह गृहमंत्री थे। जनता पार्टी में ही विलीन ह्यजनसंघह्ल के तत्कालीन शीर्षस्थ नेता अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी भी जनता पार्टी सरकार में मंत्री थे। उप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री रामनरेश यादव भी जनता पार्टी के थे। बाद में वह भाजपा में शामिल हो गए। सवाल यह है कि 1978 के दंगों की जवाबदेही इन नेताओं की थी अथवा नहीं? इतने पुराने दंगों का संदर्भ अब क्यों उठाया जा रहा है? क्या प्रासंगिकता है? एक पुराना नक्शा जांच के दौरान सामने आया है, जिसके मुताबिक 68 हिंदू तीर्थों और 19 कूपों (कुओं) की खोज की जानी है। अब यह नक्शा संभल जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया के पास है, जिस नक्शे को ह्यशंभल महात्म्यह्ल कहा जाता है। क्या इन तीर्थों के लिए भी खुदाई और जांच कराई जाएगी? बीते दिनों एक कूप से हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां मिली थीं। कुछ खंडित प्रतिमाएं भी मिली थीं। अब संभल में एक प्राचीन बावड़ी सामने आई है। इस समय यह 210 वर्गमीटर में बनी है। बावड़ी को राजा सहसपुर के राजघराने के कुंवर जगदीश सिंह के नाना ने बनवाया था। इसमें कोई सुरंग नहीं है, बल्कि बावड़ी गोलाई में बनी है। बावड़ी में तीन मंजिलें पाई गई हैं। बावड़ी भी खुदाई में सामने आई है। खुदाई करते-करते एक नए भारत, नए उप्र की खोज जारी है। उससे हिंदूवादी सोच प्रगाढ़ होती है, बल्कि उन्माद, सांप्रदायिक विभाजन की संभावनाएं घनीभूत होती हैं। भागवत का मानना है कि प्राचीन विचारधारा और समावेशी संस्कृति के कारण भारत एक राष्ट्र बना। एकता का अर्थ इसकी विविधता को नष्ट करना या एकरूपता कायम करना नहीं है। अब हमें शत्रुता पैदा करने वाले या पुराने संदेहों को जगाने वाले मसलों से परहेज करना चाहिए। यह दुनिया को दिखाएगा कि हम सब शांतिपूर्वक एकसाथ रह सकते हैं। अब सवाल यह है कि क्या भाजपा नेतृत्व और खासकर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन खुदाइयों के जरिए 2027 के चुनाव की जमीन तैयार कर रहे हैं? खुदाइयां प्रशासनिक अधिकारियों के संरक्षण में की जा रही हैं। क्या भाजपा अब सरसंघचालक मोहन भागवत के विचार का भी विरोध कर सकती है? क्या आने वाली पीढिां सिंधु घाटी की सभ्यता के स्थान पर संभल खुदाई सभ्यता का अध्ययन करेंगी?

# तख्तापलट के साए में वैश्विक लोकतंत्र

**मगर कई मुल्कों में सैन्य जरनैलों की सत्ता हथियाने की सनक ही तख्तापलट का सबब बनी है। तख्तापलट में सबसे रोचक इतिहास पाकिस्तान का है। पाक सैन्य तानाशाहों ने अपने मुल्क के किसी भी वजीरे आजम का कार्यकाल मुकम्मल नहीं होने दिया। म्यांमार के जरनैल ह्यने विनह्ल मार्च 1962 में अपने मुल्क में तख्तापलट का पहला मजमून लिखकर 26 वर्षों तक सत्ता पर काबिज हो गए थे। म्यांमार की सेना ने अपनी स्टेट काउंसलर व ह्यनोबल शांति पुरस्कार विजेता आंग सान सू की तथा राष्ट्रपति वन मिंट को फरवरी 2021 में सलाखों के पीछे भेजकर अपनी फौजी हुकूमत नाफिज कर दी है।**





**प्रताप सिंह पटियाल**
**लेखक**

तख्तापलट, यह लफ्ज सुनने में ही खौफनाक है, लेकिन भारत के हमसाया मुल्कों सहित विश्व के कई देश तख्तापलट का सामना कर चुके हैं तथा सिलसिला बदस्तूर जारी है। तख्तापलट यानी लोगों द्वारा चुनी गई संवैधानिक सरकार तथा संविधान दोनों को सैन्य बलों या बगावती गुटों द्वारा उखाड़ फैंकना। तख्तापलट के बाद मानवाधिकारों की कोई गारंटी नहीं रहती। बंदूकों की हुकूमत के साए में धर्मनिरपेक्षता, शिष्टाचार व नैतिकता जैसे अल्फाज अपनी आबरू बचाने को मजबूर हो जाते हैं। स्मरण रहे लोगों के वोट से चुने गए सियासी हुक्मरान तथा बम, बंदूक व बारूद की असकरी तरबियत से निकले सैन्य तानाशाह की विचारधारा में बहुत अंतर होता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा तानाशाही के निजाम में जमीन-आसमान का फर्क होता है। तानाशाही के निजाम में संसद का शोर खामोशी में तब्दील हो जाता है। भारत के पड़ोसी मुल्कों ईरान, चीन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, म्यांमार व बांग्लादेश में जम्हूरियत का दम घुट चुका है। लोकतंत्र अपना वजूद तलाश रहा है। भू-माफिया चीन, तिब्बत पर कब्जा कर चुका है। भूटान भारतीय सेना के रहमोकरम से सुरक्षित है। कुछ वर्षों से नेपाल व श्रीलंका में वहां के सियासी दल स्थिर सरकार बनाने में नाकाम रहे हैं। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक जहां लोग गुरबत, महंगाई व भुखमरी जैसी बुनियादी चीजों से बेहाल हों तथा जिन मुल्कों में मानव विकास सूचकांक काफी कम हो, वहां तख्तापलट की घटनाएं ज्यादा होती हैं। मगर कई मुल्कों में सैन्य जरनैलों की सत्ता हथियाने की सनक ही तख्तापलट का सबब बनी है। तख्तापलट में सबसे रोचक इतिहास पाकिस्तान का है। पाक सैन्य तानाशाहों ने अपने मुल्क के किसी भी वजीरे आजम का कार्यकाल मुकम्मल नहीं होने दिया। म्यांमार के जरनैल ने विन मार्च 1962 में अपने मुल्क में तख्तापलट का पहला मजमून लिखकर 26 वर्षों तक सत्ता पर काबिज हो गए थे। म्यांमार की सेना ने अपनी स्टेट काउंसलर व ह्यनोबल शांति पुरस्कार विजेताह्ल ह्यआंग सान सू कीह्ल तथा राष्ट्रपति विन मिंट को फरवरी 2021 में सलाखों के पीछे भेजकर अपनी फौजी हुकूमत नाफिज कर दी है। पड़ोसी मुल्क वियतमान के जनरल ह्यडोंग वान मिन्ह ने नवंबर 1963 में अपने मुल्क में तख्तापलट को अंजाम देकर स्टेट काउंसलर न्गो दीन्ह न्हू व उनके भाई को हलाक करके सत्ता पर कब्जा कर लिया था। हालांकि बाद में डोंग वान मिन्ह को भी अमेरिका में शरण लेनी पड़ी थी। हिंदोस्तान की खैरात पर पलने वाले बांग्लादेश की सेना ने सन् 1975 में अपने राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान का कत्ल करके तख्तापलट की संगे बुनियाद रख दी थी। सिलसिला बदस्तूर जारी है। चरमपंथ की परवरिश व कट्टरवाद की तालीम वाले मजहबी रहनुमां भी जम्हूरी निजाम में अकीदा नहीं रखते। तख्तापलट की लंबी दास्तान वाले अफगानिस्तान के अंतिम शासक राजा मोहम्मद जहीर शाह के दौरे हुकूमत को अफगानों का स्वर्णिम काल कहा जाता है। सन् 1953 में अफगानिस्तान के प्रधानमंत्री बने ह्यमोहम्मद दाउद खानह्ल को राजा जहीर शाह ने सन् 1963 में बर्खास्त कर दिया था। काबुल के कोर कमांडर रहे मोहम्मद दाऊद खान ने जुलाई 1973 को उसी राजा जहीर शाह का तख्तापलट करके राजशाही का सूर्यास्त कर दिया तथा अफगान गणराज्य के पहले राष्ट्रपति बन गए थे। राजा जहीर शाह को 29 वर्षों तक इटली में शरण लेनी पड़ी थी।

मगर अफगान कम्युनिस्ट रहनुमां नूर मोहम्मद तराकी ने मुजाहिद्दीनों की कयादत में अप्रैल 1978 को मोहम्मद दाउद खान का कत्ल कर दिया तथा खुद अफगान सदर के पद पर काबिज हो गए। 1980 के दशक में चौथे अफगान सदर बरबक करमाल ने चरमपंथी गुटों के खौफ से चेक गणराज्य व चेकोस्लोवाकिया तथा सोवियत संघ जैसे मुल्कों में शरण ली थी। सन् 1992 में गुरिल्ला कमांडर अहमद शाह मसूद ने मुजाहिद्दीनों की कमान में काबुल पर हमला करके अफगान राष्ट्रपति नजीबुल्लाह का तख्तापलट कर दिया था। काबुल के संयुक्त राष्ट्र परिसर में शरण ले चुके साबिक सदर नजीबुल्लाह तथा उनके भाई को तालिबानियों ने 27 सितंबर 1996 को हलाक करके उनकी लाशों को ट्रैफिक लाइट के खंबे से लटका दिया था। अमेरिका व सोवियत संघ जैसे ताकतवर मुल्कों की सेनाएं भी अफगान मुजाहिद्दीनों से निपटने में नाकाम रहीं, नतीजतन तालिबान ने काबुल पर कब्जा करके अपना कट्टरपंथी निजाम नाफिज कर दिया। सन् 2021 में अफगान सदर अशरफ गनी ने अपना मुल्क छोडकर यूएई में शरण ली। अगस्त 2024 को बांग्लादेश की सत्ता से बेदखल हुई वजीरे आजम शेख हसीना को भारत ने शरण दी है। नौ दिसंबर 2024 को विद्रोही गुटों ने सीरिया की सत्ता पर कब्जा करके ह्यअसदह्ल परिवार की पांच दशकों की हुकूमत का सूर्यास्त कर दिया। राष्ट्रपति बशर अल-असद ने रूस में शरण ली है। सियासी अंतर्कलह, नीतिगत गतिरोध व कमजोर अर्थव्यवस्था भी मुल्क में बगावत का सबब बनती है। आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका की आवाम ने सन् 2022 में अपनी सरकार के खिलाफ जोरदार बगावत कर दी थी। श्रीलंका की सेना के पूर्व कर्नल तथा राष्ट्रपति ह्यगोटाबाया राजपक्षेह्ल को सिंगापुर में शरण लेनी पड़ी। लोकतंत्र में यदि सियासी लीडरशिप कमजोर होगी तो विदेशी ताकतों का हस्तक्षेप बढ़ जाता है। विदेशी खुफिया एजेंसियां चरमपंथी व अलगाववादी गुटों की पूरी हिमायत करती हैं। यही तख्तापलट का सबब बनता है। अतः राष्ट्रहित के फैसलों में मजबूत इच्छाशक्ति होनी चाहिए। बहरहाल अराजकता, आतंकवाद, अलगाववाद, कट्टरवाद व चरमपंथ के माहौल में विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में यदि न्यायसंगत व्यवस्था लोकतंत्र कायम है, तो इसका श्रेय स्वयं से पहले राष्ट्र के सिद्धांत पर काम करने वाली भारतीय सेना को जाता है। लोकप्रिय शासन व्यवस्था लोकतंत्र को महफूज रखने वाले सैन्य बलों का इकबाल हमेशा बुलंद रहना चाहिए। हथियारों के बल पर तख्तापलट करके सत्ता पर कब्जा करने का प्रचलन जम्हूरियत के वजूद पर खतरे की अलामत है।

# हर जगह कुम्भ के मेले जैसा नजारा

**मगर समस्या यह है कि हमारे अपने पर्यटन स्थल चाहे कितने ही मनमोहक क्यों न हों, वहां लोगों की रेलमपेल मची रहती है। जबकि क्या छुट्टियां मनाने का एक मकसद भीड़-भाड़ से दूर जाना नहीं होता? मगर फिर भी, अपने मन को बहलाने के लिए मैंने गोवा, पोंडिचेरी, कोवलम, अंडमान-भारत के लगभग सभी समुद्री तट के पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए फ्लाइट और होटलें खोजना शुरू कीं। मगर अफसोस, मुझे कहीं भी जाने के लिए फ्लाइट और रुकने के लिए ठीक-ठाक होटल में जगह नहीं दिखी। सब कुछ पहले से ही बुक था-कहीं कोई जगह नहीं है।**





**श्रुति व्यास**
**लेखिका**

घूमने के सारे ठिकाने, पर्यटन स्थल चाहे कितने ही मनमोहक क्यों न हों, वहां कुंभ की रेलमपेल मची रहती है। जबकि छुट्टियों का एक मकसद भीड़-भाड़ से दूर जाना भी होता है। भारत भर में पूरे साल हर तरह के पर्यटन स्थल-बीच हों या पहाड़, तीर्थ हो या नेशनल पार्क-हमेशा बुक रहते हैं। हर जगह कुम्भ के मेले जैसा नजारा रहता है। गहरा नीला आसमान और हवा में झूमते ताड़ के वृक्ष। बालकनी से मैं जमीन पर बिछी सफेद रेत का अंतहीन सिलसिला देख सकती हूँ। धूप ठीक उतनी गर्म है, जितनी होनी चाहिए। दूर कहीं से समुद्र की लहरों के तट से टकराने की आवाज आ रही है। मै अक्सर मनपसिंदा रोजइ पेय की चुस्कियां लेती हूँ और साथ-साथ बीच में चॉकलेट केक के टुकड़े भी मुंह में डालती हूँ। यहाँ की हर सुबह हेमंत जैसी है और हर शाम, वसंत जैसी। यह स्वर्ग है। यहाँ सपने हकीकत बन जाते हैं। यहाँ आनंद ही आनंद है। और मैं यहाँ तब तक रहूंगी जब तक कि सर्दी का मौसम विदा नहीं हो जाता।और फिर मेरी आँख खुल जाती है!मैं तो दिल्ली में हूँ-जापान में बने गर्म कपडे पहनकर, अंग्रेज इंजीनियरों द्वारा डिजाईन किये हुए एयर प्युरिफायर के बगल में। हवा जहरीली है। और आँखें जल रही हैं, नाक बह रही है। मैं रोजइ नहीं बल्कि काढ़ाइ पी रही हूँ। चॉकलेट केकइ नहीं बल्कि च्यवनप्राशइ खा रही हूँ। खिड़की के पास अपनी पसंदीदा कुर्सी पर बैठ कर आकाश में एक के बाद हवाईजहाजों को उड़ान भरते देख रही हूँ। वे अपने यात्रियों को उन सुन्दर जगहों पर ले जा रहे हैं, जहाँ के बारे में मैं केवल सोच सकती हूँ। हाय री किस्मत! मेरा मन खिन्न हो जाता है।ईमानदारी की बात तो यह है कि दिल्ली एकदम बेदिल हो गई है। वे चीजें जो दिल्ली को एक आकर्षण, एक चरित्र और एक व्यक्तित्व देती थीं, गुमशुदा हैं। यहाँ बहुत ज्यादा लोग हैं, बहुत ज्यादा। हर जगह को खोद डाला गया है, मोहल्लों-सड़कों के नाम बदल दिए गए हैं, नल का पानी काला होता है, हवा काली हो गई है। यह शहर अब चाट प्रेमियों का स्वर्ग नहीं रहा। अब यहाँ मोमो का राज है। अजीब सी मूर्तियाँ-बेढब और निरीह सी-कई जगह ऊग आईं हैं। नई उम्र के लड़के-लड़कियों को वे रील बनाने के लिए एकदम उपयुक्त लगती हैं।शहर में इतनी भीड़ है कि इटली के दूतावास में बड़े दिन, क्रिसमस के मेले में घुसने पर ऐसा लगता है मानों आप कुम्भ मेले में हों। यह शहर एक समय उत्कृष्ट संस्कृतियों और पाक शैलियों का गुलदस्ता था, उनका मिलन स्थल था। अब यहाँ जहर है-हवा में भी और लोगों के दिलों में भी।मैं अपने आप को भाग्यवान मानती हूँ कि मैं उस दिल्ली में पली-बढ़ी जो सदियों से सत्ता का केंद्र थी, जिसकी अपनी शान थी, जो अपने लोगों, अपनी इमारतों और अपने खान-पान के लिए जानी जाती थी। यहाँ की सर्दियों खुशनुमा हुआ करती थी। चमकीली धूप, नीला आकाश और चारों तरफ खिलखिलाते बोगेनविलिया। करीने से छटाई किये हुए पौधों और पेड़ों से भरे पार्कों में हम परिवार या दोस्तों के साथ पिकनिक मनाते, खाना खाते, क्रिकेट और लूडो खेलते या अलसाते हुए अगाथा क्रिस्टी या ब्रोंटी पढ़ते। अचार को सुखाने के लिए छत पर धूप में रखा जाता था, सर्दियों में गर्मी के लिए आलू के चिप्स बनाये जाते थे और माएं बच्चों को जबरदस्ती मूली खिलाती थीं। सैलानी पुरानी दिल्ली की गलियों की खाक छानते थे और इंडिया गेट-जब वह इंडिया गेट हुआ करता था-पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुटती थी। शाम की हवा साफ-सुथरी और ठंडी हुआ करती थी। आप घर में बनी स्वेटरें पहनें अलाव के आसपास बैठकर, हॉट चॉकलेट पीते हुए रेवडियाँ टूंगते थे-कुछ-कुछ वैसा ही दृश्य हुआ करता था जैसा कि भारतीय फिल्मों में क्रिसमस का दिखाया जाता है।मगर अब दिल्ली न तो आदर्श राजधानी बची है और ना ही आदर्श शहर। वह ऐसी जगह भी नहीं है जहाँ आप घूमने जा सकते हैं। पार्कों की कटाई-छटाई नहीं होती और वे हँसते-खेलते परिवारों से भरे नहीं रहते। हवा ऐसी नहीं है जो अचार को अचार बना सके और चिप्स को सुखा सके। विदेशी सैलानियों के लिए दिल्ली अब गोल्डन ट्रायंगल की यात्रा का एक पड़ाव भर है। स्थानीय लोग शहर से बाहर जाने के लिए आतुर रहते हैं-चाहे वह एक वीकेंड के लिए ही क्यों न हो।जिस स्वर्ग में होने का सपना मैं देख रही थी, दुर्भाग्यवश, वह बहुत दूर है और इतनी जल्दी वहां जाने का कार्यक्रम बनाना मुमकिन नहीं है। कुल मिलाकर, सर्दियों में फ्रेंच रीविएरा जाने की योजना एक और साल के लिए मुल्तवी!दिल्ली और उसके उदास मौसम, और समुद्र के किनारे गुनगुनी धूप का मजा लेने का एक और मौका खो देने पर मेरी झल्लाहट और बड़बड़ाना सुन कर मेरे पिता कुछ गुस्से से बोले, तो तुम गोवा ही चली जाओ।वाह, क्या घिसापिटा मशविरा है, मैंने तुरंत कहा। आप मॉरिशस, सेशेल्स या मालदीव जाने के लिए भी तो कह सकते थे।हम दोनों ने एक-दूसरे की तरफ देखा और उन्हें समझ आ गया कि मैं सही कह रही हूँ। वैसे मैं बता दूं कि ऐसे मौके कम ही आते हैं!मैं जानती हूँ कि दिव्य और स्वर्गिक समुद्री बीचों वाले इन देशों के मोदी के भारत से सम्बन्ध बहुत अच्छे नहीं हैं और हमारी सरकार ने ढेर सारे देशी पर्यटन स्थलों के उनसे बेहतर होने के बारे में इतना शोर मचाया है ।

**सुनील कुमार महला**

## मजबूत होते भारत-कुवैत द्विपक्षीय संबंध

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक कुवैत यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूती मिली है।चार दशक से अधिक समय में इस खाड़ी देश(कुवैत) की यात्रा करने वाले नरेंद्र मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो वर्ष 1981 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाद यह यात्रा 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली कुवैत यात्रा थी। भारत और कुवैत के संबंध हमेशा से ही मैत्रीपूर्ण रहे हैं और वर्ष 1961 में जब कुवैत अंग्रेजी शासन से आजाद हुआ, तब भारत उसके साथ संबंध बनाने वाले शुरूआती देशों में शामिल था। कहना गलत नहीं होगा कि लंबे समय बाद भारत के प्रधानमंत्री की कुवैत यात्रा से भारत का पश्चिमी एशियाई जुड़ाव और अधिक सुनिश्चित तथा मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी और कुवैत के अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-जाबेर अल- सबा की बातचीत से यह उजागर हुआ है कि भारत और कुवैत कूटनीतिक और आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने के लिए हमेशा तत्पर और तैयार हैं। इस यात्रा के दौरान भारत के प्रधानमंत्री मोदी को कुवैत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ह्यऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीरह्ल से सम्मानित किया जाना दोनों देशों के पारस्परिक सम्मान का सूचक है। वास्तव में यह कदम दोनों देशों के रिश्तों की गहराई और महत्व को दशार्ता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, परस्पर सौहार्द और सहयोग की भावना इनके बीच गहरी रणनीतिक साझीदारी का रास्ता खोलते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुवैत यात्रा आर्थिक संबंधों के साथ ही सांस्कृतिक संबंधों को भी मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण रही। वास्तव में, अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने ऐसे अनेक लोगों से मुलाकात की जिन्होंने भारत-कुवैत संबंधों को मजबूत करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इनमें अब्दुल्ला अल-बारून भी शामिल हैं, जिन्होंने एक अनुवादक के रूप में भारतीय महाकाव्यों ह्यरामायणह्ल एवं ह्यमहाभारतह्ल का अरबीभाषियों के लिए अनुवाद किया है। सच तो यह है कि भारत के प्रधानमंत्री की हालिया कुवैत यात्रा ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के एक नए युग की शुरूआत की है। इस दौरान दोनों देशों के बीच हुए समझौते और रणनीतिक सहमतियां पूरे क्षेत्र की स्थिरता के लिहाज से भी अहम हैं। महत्वपूर्ण है कि कुवैत यात्रा के दौरान भारत और कुवैत के बीच रक्षा, खेल, संस्कृति और सौर क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं, जो दोनों देशों के बीच संबंधों को निश्चित ही और अधिक मजबूती और प्रगाढ़ता प्रदान करेंगे। गौरतलब है कि कुवैत भारत का प्रमुख तेल आपूर्तिकर्ता रहा है और आज भी है। आंकड़े बताते हैं कि कुवैत, भारत का छठा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता है, जो देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को तीन प्रतिशत तक पूरा करता है। यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि इससे यह आपूर्ति सुरक्षित होने के साथ ही खाड़ी क्षेत्र में भारत की समग्र ऊर्जा सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी। साथ ही साथ, कुवैत के साथ रक्षा सहयोग भारत की ह्यऐक्ट बेस्ट नीतिह्ल को भी निश्चित ही मजबूती प्रदान करेगा। आज कुवैत में बहुत से भारतीय निवास करते हैं और वहां की सामाजिक संरचना में भारतीयों का स्थान प्रवासियों के रूप में बहुत ही महत्वपूर्ण है। भारतीयों ने कुवैत को इंजीनियरिंग व शिक्षा, मेडिकल समेत अनेक क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण और अहम् योगदान दिया है।कुवैत भी बरसों-बरसों से भारत का एक महत्वपूर्ण ऊर्जा सप्लायर रहा है, जबकि अनेक भारतीय विशेषज्ञ और भारतीय श्रमशक्ति कुवैत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसी बीच, कुछ समय पहले ही कुवैत नेशनल रेडियो द्वारा साप्ताहिक हिंदी रेडियो कार्यक्रम की शुरूआत किया जाना निश्चित रूप से यह दशार्ता है कि कुवैत के लिए प्रवासी भारतीय कितने महत्वपूर्ण और अहम् हैं। इतना ही नहीं, गत जून में कुवैत की एक इमारत में आग लगने से हुई भारतीयों की मौतों के बाद कुवैत ने जिस तरह का सहयोग दिया, वह भी दोनों देशों के मजबूत संबंधों को ही दशार्ता है। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने प्रवासियों को बेहतर वाणिज्यिक सेवाओं और श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा का सकारात्मक व ठोस आश्वासन दिया है, जो विदेशों में अपने नागरिकों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। निश्चित ही इससे कुवैत में प्रवासी भारतीयों के आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होगी। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि पीएम मोदी की इस ऐतिहासिक दो दिवसीय कुवैत यात्रा के दौरान भारत और कुवैत ने संबंधों को ह्यरणनीतिक साझेदारीह्ल तक बढ़ाने पर सहमति जताई है और रक्षा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को नियमित बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह और भी अधिक महत्वपूर्ण है कि ऊर्जा सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से दोनों पक्षों ने इस बात पर जोर दिया है कि वे अपने-अपने देशों की कंपनियों को तेल और गैस के अन्वेषण तथा उत्पादन, रिफाइनिंग, इंजीनियरिंग सेवाओं, और ह्यपेट्रोकेमिकलह्ल उद्योगों में सहयोग बढ़ाने के लिए समर्थन प्रदान करेंगे।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 26 दिसंबर, 2024



# लखनऊ : रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने अटल जी की प्रतिमा का किया अनावरण

प्रात : किरण संवाददाता





लखनऊ। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती पर बुधवार को राजधानी लखनऊ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में आयोजित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन किया।

इस प्रदर्शनी में अटल जी के छात्र जीवन से लेकर उनके प्रभावशाली राजनीतिक सफर को क्रमवार ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इसमें उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान लिए गए ऐतिहासिक फैसलों, भारत के विकास और समृद्धि के बड़े प्रयासों को भी रेखांकित किया गया है।

वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्नपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण भी किया। यह प्रतिमा राजधानी लखनऊ में गोमती किनारे कुड़ियाघाट पर स्थापित की गई है। रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने प्रतिमा के रचनाकार अमरपाल सिंह को सम्मानित किया। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अटल संकल्प की प्रतिज्ञा भी दिलाई।

इसके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुशासन सप्ताह (19 से 25 दिसंबर) के अंतर्गत हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में स्नेहा तिवारी प्रथम, शांभवी शुक्ला ने द्वितीय और विदुषी मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में पहला स्थान मो. फिरोज, दूसरा स्थान मृणाली दीक्षित और तृतीय स्थान माही वाजपेयी ने हासिल किया। निबंध प्रतियोगिता (कक्षा 9-12) में सुप्रिया दीक्षित ने बाजी मारी। हर्षिता सिंह और साक्षी पांडेय क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। सचिवालय प्रशासन विभाग ने स्वच्छ सचिवालय अभियान के अंतर्गत उत्तम अनुभाग को पुरस्कृत किया। यह पुरस्कार सिंचाई और जल संसाधन विभाग के अनुभाग अधिकारी अंबरीष कुमार यादव को प्रदान किया गया। उत्तम और स्वच्छ भवन के लिए लोकभवन के व्यवस्था अधिकारी मोहित अग्रवाल को सम्मानित किया गया। शिकायत और सर्विस डिलीवरी आवेदनों के शत-प्रतिशत गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए कृषि विभाग के प्रमुख सचिव रविंद्र और विशेष सचिव सूचना-प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग नेहा जैन को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत, साथी घायल

स्योहारा। बीती देर रात हुए एक और सड़क हादसे में एक बाइक सवार की जहां जान चली गई तो वहीं उसका एक साथी भी घायल हो गया। जानकारी नुसार विशाल (28) पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम सिपाही वाला अपने साथी विशाल पुत्र नौबत निवासी गांव बलिया थाना सूरज नगर के साथ बाइक द्वारा कहीं जा रहा था तभी यहां ठाकुरद्वारा मार्ग पर स्थित एक बैंकट हाल के समीप किसी अज्ञात वाहन से उनकी भिड़त हो गई जिस कारण जहां विशाल की मौके पर मौत हो गई तो वहीं उसका साथी भी घायल हो गया.पुलिस ने मृतक का शव पीएम को भेजकर उसके परिजनों की तहरीर के आधार पर अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मुठभेड़ में शातिर बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

गोंडा । जिले में थाना कर्नलगंज और एसओजी की संयुक्त टीम ने मंगलवार रात एक मुठभेड़ में शातिर बदमाश सुनील कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश ने बीते दिनों जिले के कर्नलगंज और कोतवाली नगर क्षेत्र में महिलाओं का ध्यान बांटकर उनसे सामान चोरी करने की कई घटनाओं को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध बदमाश कर्नलगंज थाना क्षेत्र में ब्रह्मचारी स्थान के पास मौजूद हैं। एसओजी और कर्नलगंज थाने की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी की तो सुनील कश्यप और उसके एक साथी पुलिस पर गोली चलाने लगे। जायसवाल ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में सुनील कश्यप घायल हो गया और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। अधिकारी के अनुसार सुनील कश्यप का लंबा आपराधिक इतिहास है और वह गोंडा, अयोध्या तथा बस्ती जिलों में कई गंभीर अपराधों में वांछित था।

# घनश्याम दास टण्डन सरस्वती विद्या मन्दिर में मनाया गया क्रिसमस डे




प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। विद्यालय घनश्याम दास टण्डन सरस्वती विद्या मन्दिर कैलसा में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। बच्चे रंग-बिरंगी और सांताक्लाज की ड्रेस पहनकर विद्यालय आये। क्रिसमस डे की शुरूआत बच्चों ने रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर की। बच्चों ने ईसामसीह के जीवन पर भी कार्यक्रम पेश किए। बच्चों ने जिंगल बेल- जिंगल बेल एवं गीत पर जमकर डांस किया व खूब तालियाँ बटोरी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण क्रिसमस ट्री सजावट प्रतियोगिता थी, जिसमें प्रत्येक कक्षा ने अपने स्वयं के पेड़ को सजाकर अपनी रचनात्मकता और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने छात्रों को पूरे वर्ष उनकी कड़ी मेहनत और सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना के प्रतीक के रूप में मिठाई वितरित की। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र वर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा,यह उत्सव दया, आनंद और प्रेम के मूल्यों की एक सुंदर याद दिलाता है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमति अंजलि टण्डन, सभी शिक्षिकाएँ एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल में क्रिसमस पर्व का आयोजन

अमरोहा। राधा कृष्णा पब्लिक स्कूल में क्रिसमस पर्व का रंगारंग कार्यक्रम बहुत धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने जिंगल बेल- जिंगल बेल एवं गीत पर जमकर डांस किया व खूब तालियाँ बटोरी। सैंटा ने बच्चों को टॉफिया तथा गिफ्ट बाँटे। इस अवसर पर विद्यालय संरक्षक अजय टंडन, प्रबन्धिका अंजली टण्डन, अध्यक्षा अदिती टण्डन, प्रधानाचार्या डा0 शिक्षा सरदाना एवं उप-प्रधानाचार्य रिंकू सक्सेना द्वारा प्री-प्राईमरी ग्रुप द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना की तथा नन्हे-मुन्नों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के संचालन में विद्यालय समस्त प्री-प्राइमरी की अध्यापिकाओं का योगदान रहा।

# डीएम ने की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के कार्यों की समीक्षा

- किसानों को बताएं फसल बीमा के लाभ
- अधिक से अधिक किसानों का कराए फसल बीमा

प्रात : किरण संवाददाता

बदायूंः जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम रबी के कार्यों की समीक्षा करते हुए किसानों को फसल बीमा के लाभ के संबंध में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक किसानों के फसल बीमा निर्धारित तिथि 31 दिसंबर 2024 तक कराने के लिए कहा।

उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश में मौसम रबी वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक के लिए अधिसूचित फसलों में गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर, लाही सरसों, अलसी व आलू है। उन्होंने बताया कि बीमा ग्राम पंचायत स्तर की इकाई पर किया जाता है तथा बीमित राशि प्रति हेक्टेयर के हिसाब से ली जाती है।

उन्होंने बताया मौसम रबी के लिए बीमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 है। किसान अपना बीमा संबंधित बैंक शाखा, जन सेवा केंद्र, भारत सरकार के पीएमएफबीवाई पोर्टल तथा क्रियान्वयक अभिकरण के अधिकृत बीमा मध्यस्थ व कार्यालय से करा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जनपद बदायूं के लिए मसूर का प्रति हेक्टेयर प्रीमियम जो किसानों को देना है वह रुपए 1178 है इसी प्रकार आलू के लिए रुपए 6050, गेहूं के लिए रुपए 1241 प्रति हेक्टेयर तथा सरसों के लिए रुपए 1481 प्रति हेक्टेयर है।

इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी दुर्गेश सिंह सहित विभिन्न बैंकों से आए प्रबंधक व प्रतिनिधि व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# फैजगंज बेहटा में मनाया गया अटल शताब्दी /सुशासन दिवस

प्रात : किरण संवाददाता



बदायूं । फैजगंज बेहटा नगर पंचायत में आज आज भाजपा कार्यकताओं द्वारा अटल शताब्दी सुशासन दिवस मनाया गया तथा पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिन पर उनके चित्र पर फूल माला अर्पण कर अटल जी विचारों पर प्रकाश डाला गया इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख श्री ओमकिशन व मंडल अध्यक्ष मयंक पाठक ने अटल जी की कविता भी कार्यकताओं के बीच सुनाई गई भाजपा चेयरमैन प्रत्याशी प्रदीप गुप्ता फौजी ने भी कार्यकताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में हमारे पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी का ही योगदान जो कि पूरे देश में लगभग भाजपा राज्य कर रही है उन्होंने कहा कि हम सभी भाजपा कार्यकताओं को अटल जी बताए मार्ग पर ही चलकर पार्टी को मजबूत करते रहना है इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि सलीम खान मंडल महामंत्री विजय शर्मा ,संजीव गुप्ता,उमेश गुप्ता ,मंडल उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ,सेक्टर संयोजक हरीश मिश्रा,संतराम मिश्रा ,विनोद गुप्ता,जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह सागर,बृजलाल मौर्या,गौरव वार्ष्णेय,आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

# जल जीवन मिशन के प्रति जागरूकता के लिए एजेंसियों ने डीएम के समक्ष दिया प्रस्तुतीकरण

प्रात : किरण संवाददाता



बदायूँ। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव में कलेक्ट्रेट स्थित सभा कक्ष में जल जीवन मिशन के अंतर्गत शासन स्तर से आईईसी गतिविधियों के लिए चयनित 13 एजेंसियों में से उपस्थित कुछ एजेंसियों के प्रतिनिधियों के प्रस्तुतीकरण को देखा। उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधियों से पूर्व में उनके द्वारा किए गए कार्यों की फोटो व वीडियो भेजने के लिए कहा ताकि अवलोकन उपरांत जनपद के लिए एजेंसी का चयन कर कार्य आवंटन किया जा सके।

जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत आईईसी गतिविधियों के लिए शासन स्तर से 13 एजेंसियों को चयनित किया गया है, जिनमें से चयनित एजेंसी अपने प्रतिनिधियों व कार्मिकों के माध्यम से आमजन को जल जीवन मिशन, जल संरक्षण, जल दोहन को रोकने, प्रभावी प्रबंधन आदि विभिन्न बिंदुओं पर जागरूक करती है। जिलाधिकारी ने बताया कि आईईसी अभियान का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण समुदाय को सक्षम और सशक्त बनाना है, ताकि वे इसमें शामिल हो सकें, उनमें स्वामित्व की भावना पैदा हो और गांवों में जल और स्वच्छता प्रणालियों के प्रभावी प्रबंधन की जिम्मेदारी उठाने में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार सहित विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अटल बिहारी वाजपेई ने नाभिकीय परमाणु परीक्षण कर विश्व में जमाई भारत की धाकः हरिओम मोर्य



प्रात : किरण संवाददाता

मसवासी। नगर पंचायत मसवासी में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष में आदर्श नगर पंचायत मसवासी के लिए निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मोर्य द्वारा नगर के मोहल्ला चाऊपुरा में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प स्थापित किए गए तथा संगोष्ठी आयोजित की गई इस अवसर पर उन्होंने बोलते हुए कहा कि उनका लंबा राजनीतिक जीवन हमारे लिए प्रेरणादाई है उन्होंने बहुत ही विषम परिस्थितियों में राजनीति की तथा लोगों की निस्वार्थ सेवा की तथा देश के प्रधानमंत्री बनकर पूरे देश में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के तहत सड़के बनवाई तथा पूरे देश का बहुत विकास किया तथा पोखरण में नाभिकीय परमाणु परीक्षण कर पूरे विश्व में भारत की धाक जमाई। आज करोड़ों लोगों द्वारा उनकी जन्म शताब्दी पूरे देश तथा विदेशों में भी धूमधाम से मनाई जा रही है तथा उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए तथा अटल जी के जीवन चरित्र के बारे में विस्तार से विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर सुभाष मौर्य केवल सिंह मौर्य रोहिताश उज्जवल मौर्य तथा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार इकबाल अंसारी को ढांढस बांधने पहुंचे सांसद चंद्रशेखर आजाद



प्रात : किरण संवाददाता

धामपुर। नगीना लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद चंद्रशेखर आजाद एडवोकेट ने बीती रात जनपद के वरिष्ठ पत्रकार इकबाल अहमद के आवास पर पहुंच कर उनकी वालिदा के निधन पर अफसोस जताते हुए उन्हें हौंसला बंधाया। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने इकबाल अहमद अंसारी को ढ़ाडंस बंधाते हुए कहा कि मां की कमी तो कोई पूरी नहीं कर सकता। यह वास्तव मे एक अपूर्णीय क्षति है पर इससे उभरने की जरूरत है क्योंकि आपकी माताजी आपको इस हालत में नहीं देखना चाहती होगीं, आप हमेशा खुश रहें तरक्की करें यही उनकी चाहत होगी इसलिए उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि सब्र करें इस दुःख से उबरें और ईश्वर से हमेशा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते रहें। खुश रहें और निरंतर तरक्की करें यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आपको बता दें कि जनपद के वरिष्ठ पत्रकार दिल्ली से प्रकाशित एक दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र के जिला प्रभारी इकबाल अहमद अंसारी की माता जी श्रीमती सरवरी बेगम (73 वर्ष) का गत 19 नवंबर को आकस्मिक निधन हो गया था तथा अगले दिन बुधवार को जौहर की नमाज के बाद के.एम. इंटर कॉलेज के मैदान के सामने स्थित कब्रिस्तान अंसारियान मे तदफीन की गई थी। इसी सिलसिले मे असपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद एडवोकेट देश के तमाम राष्ट्रीय मुद्दों में शामिल होने की वजह से और संसद सत्र में बिजी रहने के कारण इतने दिनों की देरी से गत रात्रि वे धामपुर के मौहल्ला महल सराय स्थित इकबाल अहमद के आवास पर पहुंचे थे। इस दौरान विवेक सेन, कारी राशिद हमीदी, मुफ्ती खालिद, नदीम मेंबर, मौ. शाहिद व अकबर दीवाना आदि मौजूद थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री की जन्म शताब्दी सुशासन यात्रा एवं गोष्टी का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



रामपुर। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी जन्मोत्सव के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, सुशासन दिवस के रूप में मनाती है जनपद रामपुर में उनके विचारों को व्यक्त करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री, अनिल कुमार, रामपुर जनपद पहुंचे, जिला सहकारी बैंक में गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे, गोष्ठी में माननीय मंत्री अनिल सिंह ने श्रद्धा अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके राजनीतिक अनुभवों के बारे में बताया, संगोष्ठी के बाद पूरे जनपद में विभिन्न जगहों पर सुशासन यात्रा निकाली गई, जिसमें कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़कर सहभागिता की और कैबिनेट मंत्री अनिल सिंह ने ज्वालानगर में लक्ष्मी नगर के मोड़ से लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय तक सुशासन यात्रा में सहभागिता की और उसके पश्चात भारतीय जनता पार्टी, जिला कार्यालय पर लगाई गई प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया, प्रदर्शनी में श्रद्धा अटल बिहारी वाजपेई जी के पूरे जीवन चक्र को चित्रों के माध्यम से दशार्या गया है, भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर मंत्री के साथ मौजूद सभी पदाधिकारी ने श्रद्धा अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर फूल अर्पित करके उनको नमन कर किया। साथ ही साथ आज जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू ने सुशासन दिवस पर हमारे रामपुर जनपद के पूर्व राज्य मंत्री, शिव बहादुर सक्सेना और पूर्व नगर विधानसभा प्रत्याशी, योगेश अरोड़ा कुक्कू को भी सम्मानित किया, क्योंकि आप दोनों ने ही श्रद्धा अटल बिहारी वाजपेई जी के साथ काम कर है और उनकी जन्मशताब्दी पर उनका सम्मान करके उनको याद किया गया, आज के कार्यक्रमों में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई, हरीश गंगवार, रविंद्र सिंह रवि, जिला उपाध्यक्ष प्रेम शंकर पांडे, मोहन कुमार लोधी, अनुज सक्सेना, ब्लॉक प्रमुख जगपाल यादव, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, संजय पाठक, कृष्ण अवतार लोधी, रवि रोहिल्ला, पारुल अग्रवाल, शकुंतला लोधी, विजयलक्ष्मी शर्मा, दिनेश शर्मा, वीरपाल पाल, आशु गुप्ता, कुंवर बहादुर राजपूत, ऋषि पांडे,राजू सुमन आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शहीद वीर बाल दिवस पर गोष्ठी का हुआ आयोज

## शहीद वीर हमारे लिए हैं प्रेरणा स्रोतः डॉक्टर एच.एस.कालरा



प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा। शहीदी दिवस के अवसर पर भाजपाइयों ने क्षत्रीय धर्मशाल में गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें वक्ताओं ने शहीद वीरों के जीवन पर प्रकाश डाला। भाजपा नेताओं ने शहीद वीर बाल दिवस पर एक गोष्ठी का क्षत्रीय धर्मशाला स्टेशन रोड पर आयोजन किया गया।जिसमें बाबा फतेह सिंह, बाबा जोरावर सिंह की शहादत पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रभात फेरी निकाली गई। मुख्य अतिथि महेंद्र धनौरिया पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि दोनों महापुरुषों ने अपने जीवन को सच्चाई पर चल कर समाज को आईना दिखाने का कार्य किया।इस मौके पर डा.एचएस कालरा, आशुतोष शर्मा, जसपाल सिंह कालरा, डा.दिनेश सिंह, मोहम्मद अकरम, शरणजीत जोशी, जब्बार अंसारी, अरविंद्र बाल्मीकि, अविनाश जोशी, विपिन शर्मा, वीरेंद्र सिंह, प्रमोद बाल्मीकि आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर व संचालन अमित शर्मा ने किया।

# उप्र : संभल के चंदौसी की बावड़ी का निरीक्षण करने पहुंची एएसआई टीम



संभल। जिले के चंदौसी स्थित प्राचीन बावड़ी की खुदाई बुधवार को पांचवे दिन भी जारी है और एएसआई की एक टीम ने बावड़ी का निरीक्षण किया। चंदौसी नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर ने बताया कि आज खुदाई का पांचवां दिन है, एएसआई की टीम यहां आई हुई है और टीम के लोग खुदाई कार्य की प्रगति का आकलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह खुदाई कब तक चलेगी, यह कहना मुश्किल है क्योंकि इसके ढांचे पर जेसीबी मशीन नहीं चल सकती और श्रमिकों से काम कराया जा रहा है। यह बावड़ी करीब 125-150 वर्ष पुरानी है और 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में है। पिछले सप्ताह चंदौसी के लक्ष्मणगंज इलाके में खुदाई के दौरान इस बावड़ी का पता चला। उल्लेखनीय है कि संभल में 46 वर्षों से बंद भस्मा शंकर मंदिर को 13 दिसंबर को फिर से खोले जाने के बाद यह खुदाई शुरू की गई। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, बिलारी के राजा के शासनकाल से पूर्व इस बावड़ी का निर्माण कराया गया था।

# उप्र : वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से 15 वर्षीय लड़की की मृत्यु

बाराबंकी। थाना दरियाबाद के पास लखनऊ-अयोध्या रेलवे ट्रैक पर पतुलकी गांव के निकट वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के आगे एक किशोरी ने छलांग लगा दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार की है जिसके बाद कुछ देर तक वंदे भारत और सियालदह एक्सप्रेस ट्रेनें रोकनी पड़ीं। मौके पर लोको पायलट ने पुलिस को हादसे की जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि मंगलवार को वंदे भारत एक्सप्रेस अयोध्या से लखनऊ की ओर जा रही थी, तभी पतुलकी गांव के निकट एक किशोरी ट्रेन के सामने अचानक कूद गई। लोको पायलट ने तुरंत ब्रेक लगाए, लेकिन युवती इंजन के नीचे फंसकर कट चुकी थी। युवती की पहचान पतुलकी गांव की निवासी 15 वर्षीय नैंसी पुत्री लवकेश के रूप में हुई। हादसे के बाद वंदे भारत ट्रेन पांच मिनट तक रुकी रही लेकिन मार्ग बाधित होने के कारण पीछे सियालदाह एक्सप्रेस को भी 15 मिनट रोकना पड़ा।

दरियाबाद के कोतवाल मनोज सोनकर ने आज बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी दो युवक गिरफ्तार

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के दुबहर थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय किशोरी के साथ कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार जिले के बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीया किशोरी मंगलवार को देर रात्रि अपने परिजनों से झगड़ा होने के बाद घर से हैदराबाद जाने के लिए टेंपो से निकली और रेलवे स्टेशन आई। पुलिस ने बताया कि रेलवे स्टेशन के पास मंटू यादव (19) और अमित प्रजापति (22) किशोरी को बहला फुसलाकर दुबहर थाना क्षेत्र के एक मठ के पास बांध पर ले गए और दोनों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर बुधवार को मंटू यादव और अमित प्रजापति के विरुद्ध बीएनएस की सुसंगत धारा और पॉक्सो अधिनियम की धारा में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया और पुलिस ने बुधवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# उत्तर प्रदेश में चरित्र पर संदेह होने पर पति ने पत्नी की हत्या की



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के मुड़िया गांव में एक व्यक्ति ने चरित्र पर संदेह होने की वजह से पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (पुवायां) निष्ठा उपाध्याय ने बुधवार को बताया कि पुवायां थाना अंतर्गत मुड़िया गांव में रहने वाला सोहन सिंह सोमवार रात को जब अपने घर पर आया तो उसकी पत्नी फोन पर किसी से बात कर रही थी। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया जिसके बाद आरोपी पति ने पत्नी रागिनी (26) की पिटाई कर दी और घर से चला गया।

उपाध्याय ने कहा कि बाद में वह शराब पीकर वापस आया और फिर पत्नी का सिर पकड़कर कई बार दीवार पर दे मारा, जिससे वह लहूलुहान हो गई।

उन्होंने कहा कि इसके बाद आरोपी ने खून साफ करने के लिए उसे नल पर नहलाया और रात में सो गया। उपाध्याय ने बताया कि अगली सुबह आरोपी गांव में ही मंदिर पहुंचा, जहां भजन कीर्तन हो रहा था।

उन्होंने कहा कि उसने यह कहते हुए भजन कीर्तन बंद कराया कि उसकी पत्नी की मौत हो गई है। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार रात में महिला के मायके वाले आए और देर रात पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# पांच साल की मासूम से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

मैनपुरी। यहां की एक अदालत ने पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के दोषी व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और उस पर 50,000 रुपये जुमार्ना लगाया है। शासकीय अधिवक्ता अभिषेक गुप्ता ने बताया कि यह घटना 23 जुलाई, 2024 को दानाहर पुलिस थाना क्षेत्र में उस समय घटी जब पीड़िता घर में अकेली थी और मौका पाकर पिंकू उर्फ योगेंद्र ने घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

लड़की की मां की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और विवेचना के बाद आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। गुप्ता ने बताया कि दोनों पक्षों को सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) जितेंद्र मिश्रा की अदालत ने योगेंद्र को दोषी करार दिया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई एवं जुमार्ना लगाया।

# रूस-यूक्रेन युद्ध में आजमगढ़ के युवक की मृत्यु, शव घर पहुंचा



आजमगढ़। जिले के रौनापार थाना क्षेत्र के बनकटा (बाजार गोसाई) गांव के निवासी युवक कन्हैया यादव की रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के दौरान गोली लगने से मृत्यु हो गई। उसका शव 23 दिसंबर को उसके गांव लाया गया।

कन्हैया (41) पुत्र फौजदार यादव के परिजनों ने बताया कि कन्हैया एक एजेंट के माध्यम से रसोइये का वीजा हासिल कर 16 जनवरी, 2024 को रूस गया था। वहां उसे रसोइये का कुछ दिन प्रशिक्षण दिया गया और बाद में उसे सैन्य प्रशिक्षण देकर रूसी सेना के साथ युद्ध के लिए भेज दिया गया।

उन्होंने बताया कि युद्ध में कन्हैया घायल हो गया और इलाज के दौरान जून में उसकी मृत्यु हो गई। कन्हैया ने 9 मई को युद्ध में घायल होने की सूचना अपने परिजनों को दी थी। वह 25 मई तक परिजनों के संपर्क में था, लेकिन इसके बाद संपर्क टूट गया।

वहीं, मास्को में भारतीय दूतावास ने 6 दिसंबर को फोन कर कन्हैया के परिजनों को सूचित किया कि 17 जून को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई और अंततः 23 दिसंबर को उसका शव उसके पैतृक गांव लाया गया।

कन्हैया के परिवार में पत्नी गीता यादव और दो पुत्र अजय (23) और विजय (19) हैं। अजय यादव का आरोप है कि रूस की सरकार ने 30 लाख रुपये मुआवजा के तौर पर दिया है, लेकिन परिवार को अभी तक यह मुआवजा नहीं मिला है। कन्हैया का शव उसके गांव पहुंचने पर गांव और क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग उसके घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की।

संक्षिप्त खबरें

## मीरजापुर पुलिस की बड़ी कार्रवाईः 151 गोवंश बरामद, 6 पशु तस्कर गिरफ्तार

मीरजापुर, । मीरजापुर पुलिस द्वारा पशु तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 151 राशि गोवंश और 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने बताया कि जिले भर में गो-तस्करी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत थाना राजगढ़ में दो अभियोग में चार अभियुक्त गिरफ्तार, 19 गोवंश बरामद। थाना लालगंज में दो अभियोग में 15 गोवंश बरामद। थाना ड्रमण्डगंज में एक अभियोग में 32 गोवंश बरामद। थाना चुनार एक अभियोग में 25 गोवंश बरामद किया गया। थाना मड़िहान एक अभियोग में दो अभियुक्त गिरफ्तार, इनमें एक 25,000 का इनामी है। सभी अभियुक्तों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है। इस दौरान कुल 151 गोवंश तथा 5 पिकअप वाहन और एक डीसीएम ट्रक बरामद किया गया है।

## देवरिया में भाजपाइयों ने निकाली पद यात्रा

देवरिया, । भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पं. अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिन सुशासन दिवस पर पद यात्रा पुलिस लाइन स्टेडियम से चल कर हनुमान मंदिर सीसी रोड पर सम्पन्न हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह व नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पैदल मार्च किया। अटल बिहारी अमर रहें के नारे लगाते हुए हनुमान मंदिर पहुंचे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा महामंत्री जिला प्रमुख शाही, नगर महामंत्री सुधीर मद्धेशिया रविंद्र राव, अटल बरनवाल, अजय सिंह, राजू मणि, दीपू यादव, अमन वर्मा, ब्रह्म सिंह, दिनेश तिवारी, अनूप शर्मा, नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा अभिषेक मिश्रा, संजय तिवारी, वीरेंद्र सिंह, राजन पांडे, अंकित वर्मा, राजेश द्विवेदी, सुशील सिंह, राजेश पासवान, अतुल पासवान, रोहित राय, ओम अमल आशीष सिन्हा, गोलू जायसवाल, अंकित शर्मा उपस्थित रहे।

## कुशल प्रबंधन, अनुशासन ही सफलता की कुंजीः नुरुल होदा

जौनपुर, । वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध विभाग के बी.बी.ए. के छात्रों का औद्योगिक भ्रमण के तहत बुधवार को छात्रों को हरियाणा के मानेसर औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण कराया गया। हरियाणा के मानेसर औद्योगिक सम्पदा में स्थित प्रेसिशन मेटल्स एंड प्रेफाब सलूशन्स में छात्रों को शीट मेंटल पार्ट्स का निर्माण प्रक्रिया के बारे में बताया गया ' कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नुरुल होदा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुशल प्रबंधन नेतृत्व एवं अनुसाशन ही व्यवसाय संस्थानों की सफलता की कुंजी है ' गुणवत्ता के लिए आई.एस ओ .9001-2015 प्रमाणित कंपनी सी. एन. सी. लेजर कट एवं प्रेस बेंडिंग वेल्डड तकनीक से प्री- इंजीनियर्स, ऑटोमोबाइल पार्ट्स, मेंटल बिल्डिंग, इंडस्ट्रियल शेड्स एवं माल गोदाम आदि का निर्माण करती है ' श्री नुरुल होदा ने कहा कि जस्ट इन टाइम तकनीक, शून्य त्रुटि सहनशीलता एवं उच्च गुणवत्ता से ही ग्राहक को बेहतरीन उत्पाद से संतुष्ट किया जा सकता है ' छात्रों को कंपनी का अनेक विभागों का दौरा कराया गया, जिसके बाद छात्रों ने अपना प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण किया। छात्रों द्वारा मैनेजमेंट सम्बंधित सवाल किया गया जिसका उत्तर व्यावहारिक उदाहरण देकर समझाया गया 'व्यवसाय प्रबंध के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर मुराद अली ने अपने सन्देश में कहा कि ऐसे भ्रमण से व्यवसाय प्रबंध के विद्यार्थियों को अलग अलग उद्योगों का तुलनात्मक अनावरण करने में मदद मिलती है '

## अटल जयंती पर भाजपा ने निकाली सुशासन यात्रा, गरीबों में बांटा कम्बल

वाराणसी, । देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म जयंती पर बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुशासन यात्रा निकाल गरीबों में कंबल वितरित किया। रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के कोरौता पटेल तालाब पर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने यात्रा की शुरूआत की। सुशासन यात्रा का समापन पार्टी के जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा भानु शंकर पटेल के कोरौता स्थित आवास पर हुआ। आवास पर हुई सभा में पार्टी के नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जन्म जयंती मनाई। अटल जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके कार्यकाल के उपलब्धियों और उनसे जुड़े संस्मरण को सुनाया गया।

# कुशासन को समाप्त कर सुशासन लाना हमारी सरकार का सबसे बड़ा संकल्प : राजनाथ सिंह

प्रात: किरण, संवाददाता

लखनऊ, । भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती के अवसर पर लोकभवन में सुशासन दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और अटल जी के जीवन और कार्यों को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अटल जी ने भारत को ऐसा सुशासन दिया, जिसने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी सरकार के दौरान विकास दर 8.4 प्रतिशत तक पहुंची, जो आजाद भारत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। उन्होंने अटल जी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी गवर्नेंस की दुनिया भर में प्रशंसा होती थी। राजनाथ सिंह ने सुशासन की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए कहा कि, एक अच्छा शासन वही है, जहां हर व्यक्ति की आवश्यकताएं पूरी हों, वह खुद को सुरक्षित महसूस करे और उसके



पास अपनी बात कहने का अवसर हो। यही अटल जी का विजन था, जिसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने अटल जी की ऐतिहासिक योजनाओं को याद करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शिता ने भारत को सड़क, टेलीकॉम और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नई दिशा दी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और अंत्योदय योजना जैसे अभियानों ने भारत के गांवों और गरीबों के जीवन को बदल दिया। उन्होंने कहा कि, अटल जी ने न केवल शहरों को सड़कों से जोड़ा, बल्कि गांवों को भी पक्की और बेहतर सड़कों से जोड़ा। टेलीकॉम सेक्टर में क्रांति लाकर उन्होंने मोबाइल को हर हाथ तक पहुंचाने का सपना साकार किया। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सुशासन के तहत हुई प्रगति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 1,500 से अधिक अनावश्यक कानूनों को समाप्त कर ह्यईज ऑफ डूइंग बिजनेसह्न में भारत को 50वें स्थान तक पहुंचाया है। जल्द ही भारत शीर्ष 20 देशों में शामिल होगा। डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) योजना की सफलता पर जोर देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि अब गरीबों को उनके हक का पैसा सीधे उनके खातों में मिलता है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि 100 पैसा भेजने पर केवल 14 पैसा लाभार्थियों तक पहुंचता है। लेकिन मोदी सरकार ने इस भ्रष्टाचार को समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि अटल जी और मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा, यही सुशासन है। रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सुशासन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने यूपी को भयमुक्त समाज बनाया है। गरीबों को मकान देने में यूपी देश में पहले स्थान पर है। 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्के मकान मिले हैं, जिनमें 70% मकानों की रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेहतर हुई है, 4 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है।

# सुशासन के लिए सुरक्षा का भाव आवश्यक : सीएम योगी

प्रात: किरण, संवाददाता

लखनऊ, । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन के लिए सुरक्षा का भाव आवश्यक है। यह जनसहभागिता के बिना संभव नहीं हो सकता। सुरक्षा का भाव घर के अंदर से पैदा करना होगा। यदि व्यक्ति घर के अंदर सुरक्षित है तो सामुदायिक रूप से सुरक्षा का भाव स्वत स्फूर्ति भाव के साथ पैदा होता हुआ दिखाई देगा। अपराध-अपराधियों, भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों के लिए सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है। अटल जी व पीएम मोदी से प्रेरणा प्राप्त करते हुए सरकार ने सुरक्षा के मुद्दे पर पहले दिन से जीरो टॉलरेंस की जो नीति रखी है, इसके परिणाम सबके सामने हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ह्यभारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह में शिरकत की। रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री समेत जनप्रतिनिधियों ने लोकभवन में पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी की। सीएम ने महामना मदन मोहन मालवीय की



जयंती व क्रिसमस की बधाई दी। छात्रा स्नेहा तिवारी ने कविता सुनाई। रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया। सीएम ने कहा कि अटल जी ने अपने शासनकाल में सुशासन की नींव को मजबूती दी। अटल जी की पंक्तियां ह्यआदमी को चाहिए कि वह जूझे, परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े एक पांव धरती पर रखकर ही वामन भगवान ने आकाश-पाताल को जीता था, धरती ही धारण करती है, कोई उस पर भार न बने, मिथ्या-अभिमान से न तनेह्न यह पंक्तियां हमें प्रेरणा प्रदान करती हैं। सीएम ने कहा कि भावी भारत के विकास व विकसित भारत के निर्माण के लिए जो नींव अटल जी ने रखी थी, पीएम मोदी के नेतृत्व में उस पर नए भारत का निर्माण हो रहा है। यह 2047 में विकसित भारत के रूप में 140 करोड़ की आकांक्षाओं की पूर्ति का भारत बनेगा। सीएम ने कहा कि आज की तिथि अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज से ही दिन बड़े होने लगेंगे यानी ऊर्जा के लिए भगवान सूर्य के दर्शन अधिक समय तक होंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। यह अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष है, इसलिए सुशासन सप्ताह के अवसर पर हर जनपद में बच्चों के लिए सुशासन पर आधारित (काव्य पाठ, निबंध व भाषण) प्रतियोगिताएं हुईं। सीएम ने कहा कि सचिवालय प्रशासन व उच्च शिक्षा विभाग प्रदेश भर में सुशासन से संबंधित स्मारिका व पत्रिका का प्रकाशन व संकलन करे। राज्य स्तर पर अच्छे आलेख को संकलित करते हुए विभिन्न लाइब्रेरी में उपलब्ध कराया जाए। सीएम योगी ने बताया कि सुशासन सप्ताह के आयोजन में शासन के विभिन्न विभागों ने भागीदारी की। इस दौरान लोकशिकायतों के निस्तारण में उत्तर प्रदेश देश में शीर्ष पर रहा। हां 2.59 लाख से अधिक लोकशिकायतों का निस्तारण किया गया। मुख्यालय, मंडल व तहसील स्तर पर भी 16,223 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। 9 लाख छह हजार 800 से अधिक सर्विस डिलीवरी के आवेदन निस्तारित किए गए। इस दौरान ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, मिशन कर्मयोगी, सुशासन में एआई व मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी, सूचना के अधिकार का महत्व, नागरिकों को समयबद्ध रूप से सेवाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु जनहित गारंटी की योजना से संबंधित उपयोगिता, शासकीय खरीद- फरोख्त में जेम पोर्टल, मानव संपदा पोर्टल पर आधारित कार्यक्रमों से भी लोगों को अवगत कराया गया। समारोह में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, संगठन महामंत्री धर्मपाल, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, बलदेव सिंह औलख, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, योगेश शुक्ल, सुरेंद्र मैथानी, ओपी श्रीवास्तव, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, लालजी प्रसाद निर्मल, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया आदि की मौजूदगी रही।

# भाजपा की देश व प्रदेश सरकार ने लिखी, सुशासन की नई परिभाषा : राजकुमार वोहरा

फरीदाबाद, । भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार सुशासन के सपने को साकार कर रही है और सुशासन के कारण ही हरियाणा में विकास का पहिया तेज गति से घूम रहा है, जिससे हरियाणा का जन जन सशक्त हुआ है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के हर वर्ग के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर रहे हैं और उनके नेतृत्व में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय में देशभर में हरियाणा चोटी पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के रथ पर अग्रसर है और देश विश्व पटल पर अपनी एक नई पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्पित हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा ज़िला कार्यालय ह्यअटल कमलह्न पर आयोजित कार्यक्रम में अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और भावांजलि अर्पित की। फरीदाबाद के वरिष्ठ भाजपा नेताओं केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर, विधायक मूलचंद शर्मा, धनेश अधलखा, सतीश फागना, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा, राष्ट्रीय परिषद सदस्य संदीप जोशी, वरिष्ठ भाजपा नेत्री नीरा तोमर, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, निवर्तमान महापौर सुमन बाला, निवर्तमान वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सोहनपाल सिंह, प्रदेश, जिला व बूथ स्तर तक के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने मंडल में अलग अलग बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में पूर्व प्रधानमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य भारतरत्न श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर उनको स्मरण कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें भावांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेन्द्र जांगड़ा, पुनीता झा, मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा, सचिन गुप्ता, सचेत जैन, आभास अग्रवाल, दिनेश राघव, उमाशंकर मिश्रा, राहुल रात्रा, अमन वोहरा, कुन्दन सैनी एवं अन्य भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। श्री वोहरा ने कहा कि प्रदेश में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार 1.80 लाख तक की आय वाले परिवारों को बी.पी.एल कार्ड और 3 लाख तक की आय वाले परिवार को चिरायु योजना के तहत निशुल्क इलाज मुहैया करवा रही है। किसानों की 24 फसलों की एम.एस.पी पर खरीद की जा रही है और युवाओं को बिन खर्ची, बिन पर्ची नौकरी दी जा रही है। प्रदेश के सभी जिला और तहसील कार्यालयों पर समाधान शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। प्रदेश में योजनाओं के माध्यम से महिला, किसान, युवा और गरीब सभी वर्गों को मजबूत किया जा रहा है और भाजपा राज में घर बैठे लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हरियाणा सरकार की जनहितैषी नीतियों का देशभर में डंका बज रहा है और दूसरे राज्य भी हरियाणा की योजनाओं को फॉलो कर अपने प्रदेशों में लागू कर रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सुशासन की एक नई परिभाषा लिख अटल बिहारी वाजपेयी जी के सुशासन के सपने को साकार कर रहे हैं।

# फरीदाबाद : नशे के 160 इंजेक्शन सहित आरोपी गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता



फरीदाबाद, । अपराध शाखा सेक्टर-65 पुलिस टीम ने नशे के 160 इंजेक्शन सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार अपराध शाखा टीम को गश्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से मिली, जिसके आधार पर उन्होंने आरोपी जितेंद्र उर्फ जीतू को सेक्टर 65/64 चौक बायपास रोड के पास से काबू किया है।

आरोपी से मौके पर 160 पेटाजोसिन इंजेक्शन बरामद किए गए हैं।

आरोपी के खिलाफ थाना आदर्श नगर में नशा तस्करी की धारा में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह नशे के इंजेक्शन होडल पलवल में किसी व्यक्ति से 60 प्रति इंजेक्शन के हिसाब से खरीद कर लाया था।

आरोपी नशे के इंजेक्शनों को 200-250 व 300 रुपए के हिसाब से बेच देता है।

आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# न्यू नोएडा के जमीन अधिग्रहण के लिए कंपनी का हुआ चयन, प्रथम चरण में 15 गांव में होगी बात

नोएडा, । नोएडा के नए सेक्टर और न्यू नोएडा (डीएनजीआईआर) दोनों के लिए जमीन अधिग्रहण किया जाना है। जमीन अधिग्रहण किसानों की आपसी सहमति के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण ने सलाहकार कंपनी टीला को नियुक्त किया है। कंपनी के सलाहकार और प्राधिकरण अधिकारियों के बीच पहली बैठक हुई। जिसमें कंपनी ने अपना पूरा प्लान प्रस्तुत किया। सबसे पहले सेक्टर-161 में जमीन के लिए किसानों से बातचीत की जाएगी। इसके बाद न्यू नोएडा की जमीन के लिए किसानों से वार्ता होगी। न्यू नोएडा करीब 209 वर्ग किलोमीटर में बसाया जाना है। इसके लिए ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस के साथ जहां जीटी रोड अलग होती है, सबसे पहले वहां से लगे गांव की जमीन का अधिग्रहण शुरू किया जाएगा। इस गांव में जोखाबाद, सांवली भी आता है। इन गांवों के प्रधान से बातचीत की गई। यहां आपसी समझौते के आधार पर जमीन किसानों से खरीदी जाएगी। इसके अलावा जोखाबाद और ग्राम सांवली में ही डीएनजीआईआर (न्यू नोएडा) का अस्थाई कार्यालय बनाया जाएगा। समस्या आने पर सलाहकार कंपनी प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ किसानों से बातचीत करेंगे। सबसे पहले 15 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जबकि न्यू नोएडा को 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। प्रत्येक गांव में करीब 200 किसान परिवार है। यानी कुल 16 हजार किसान परिवार हैं जिनके साथ बैठक की जाएगी। पहले फेज में 3,165 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। ऐसे में किसानों के साथ भी आज पहली बैठक की गई। न्यू नोएडा 209.11 वर्ग किलोमीटर में यानी 20 हजार 911.29 हेक्टेयर में बसाया जाएगा। इस मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3,165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3,798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5,908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8,230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है। 209 वर्ग किमी में न्यू नोएडा को बसाया जाना है। डीएनजीआईआर मास्टर प्लान 2041 में 40 प्रतिशत भू उपयोग औद्योगिक, 13 प्रतिशत आवासीय और ग्रीन एरिया व रीक्रिएशनल एक्टिविटी के लिए 18 प्रतिशत प्रावधान किया गया है। डीएनजीआईआर को गौतमबुद्ध नगर के 20 और बुलंदशहर के 60 गांवों को मिलाकर बनाया गया है। इस शहर की आबादी 6 लाख के आसपास होगी।

# फरीदाबाद में इलेक्ट्रिकल दुकान से दो लाख नकदी चोरी

फरीदाबाद, । फरीदाबाद के एनआईटी एरिया के जवाहर कॉलोनी गुरुद्वारे के पास इलेक्ट्रिकल दुकान का शटर तोडकर चोरों ने 2 लाख रुपए चोरी कर लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता कमल ने बुधवार को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 दिसंबर की रात को करीब साढे 9 बजे वह अपनी दुकान को बंद करके घर चला गया। सुबह जब उनका बेटा कुणाल दुकान खोलने करीब 10 बजे पहुंचा, तो उसने देखा की दुकान का शटर टूटा हुआ है। जिसकी सूचना उसने पिता दी और मौके पर डायल 112 की पुलिस को बुलाया। उन्होंने बताया दुकान के अंदर तीन दिन की कलेक्शन का 2 लाख रुपए रखा हुआ था। रात को रुपए ले जाना भूल गया और रात में अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। चोरों ने पहले दुकान के ताले को किसी आरी से काटा है और फिर शटर को मोड का अंदर घुसे गए है। दुकान के अंदर सीसीटीवी कैमरा लगा हुए हैं। लेकिन वह खराब हैं। जिससे घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं लग पाई है। पुलिस ने अज्ञात को चोरों के खिलाफ केस दर्ज लिया है।

# फरीदाबाद में दिन दहाड़े युवक की चाकू गोदकर हत्या

● परिजनों का आरोप मिली थी धमकी, पुलिस ने शिकायत पर नहीं की कार्रवाई

फरीदाबाद, । फरीदाबाद में एक युवक की दिन दहाड़े 12 बार चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। बदमाशों के ग्रुप ने बीच बाजार में युवक पर हमला किया। जिससे युवक गंभीर हालत में जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। यह देखकर बदमाश वहां से फरार हो गए। परिजनों का कहना है कि इन आरोपियों ने युवक को इंस्टाग्राम पर धमकी दी थी। जिसकी शिकायत लेकर वह पुलिस थाने भी गए थे। जहां कार्रवाई की जगह एक पुलिसकर्मी ने कहा कि यूं ही कोई किसी को जान से नहीं मारता। इसके 4 दिन बाद ही युवक की हत्या कर दी गई। फरीदाबाद के रहने वाले अनमोल ने बताया कि मरने वाला युवक अंशुल बसेला कॉलोनी का रहने वाला था। मंगलवार रात अंशुल दोस्तों के साथ गली में खड़ा था। तभी 15-16 बदमाश वहां आ धमके। उन्होंने अंशुल के साथ झगड़ा शुरू कर दिया। अंशुल के साथियों की और से बदमाशों को भगाने के



लिए उन पर पथराव भी किया गया लेकिन बदमाश थोड़ी देर जाकर रुके और फिर वापस हमला करने आ गए। अंशुल उनके करीब आया तो बदमाशों ने उसे पकड़ लिया और फिर जमीन पर गिराकर चाकू मारने लगे। चाकुओं के हमले से अंशुल बुरी तरह से जख्मी हो गया लेकिन वह किसी तरह बदमाशों के चंगुल से छूटकर वापस दोस्तों की तरफ भाग निकला। हालांकि बाद में अस्पताल में उसकी मौत हो गई। इसी दौरान दोनों तरफ से झगड़ा शुरू हो गया। इस हत्याकांड का एक सीसीटीवी सामने आया है। जिसमें दिख रहा है कि हमला करने वाले बदमाशों का झुंड वहां से भाग रहा है। उनके पीछे मरने वाला युवक और उसके साथी पथराव कर रहे हैं। अचानक बदमाश वापस मुडकर अंशुल को पकड़ लेते हैं। फिर जमीन पर गिराकर 2 आरोपी उस पर ताबड़तोड़ चाकुओं से वार करते नजर आते हैं। अनमोल ने बताया कि इन आरोपियों में शामिल युवक बसेलवा इलाके में अपना गुंडागर्दी फैलाना चाहते हैं। इसी वजह से अंशुल की कुछ दिन पहले उनसे कहासुनी हुई थी। जिसका बदला लेने के लिए उन्होंने साजिश रचकर अंशुल हमला कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद ओल्ड फरीदाबाद पुलिस थाने में जमा अंशुल के परिजनों और दोस्तों की भीड़। जहां वे आरोपियों के साथ उनकी शिकायत को नजरअंदाज करने वाले पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस मामले में अंशुल के परिजनों ने कहा कि कुछ दिन पहले जब उसे इंस्टाग्राम पर जान से मारने की धमकी मिली तो वे शिकायत लेकर ओल्ड फरीदाबाद थाने पहुंचे।

## श्रमजीवी के जिलाध्यक्ष जीतेंद्र एवं योगेश महामंत्री चुने गए

सुल्तानपुर, । श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के नए जिला अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव एवं महामंत्री योगेश यादव चुने गए। 2025 की नई कार्य कारिणी कार्य करेगी। प्रदेश सदस्य के लिए दो लोगों की घोषणा हुई। उ.प्र. श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की स्थानीय इकाई की बैठक वरिष्ठ पत्रकार सतीश तिवारी की अध्यक्षता एवं महामंत्री संतोष यादव के संचालन में रविवार को प्रेस क्लब में सम्पन्न हुई, जिसमें महामंत्री ने 2025 के लिए सदस्यता लेने वाले नए एवं पुराने सदस्यों की संख्या एवं सदस्यता शुल्क की जानकारी से अवगत कराया। तत्पश्चात 2025 के लिए नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा हुई।

# सीएम योगी ने अटल बिहारी वाजयेपी की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन



लखनऊ, । ह्यभारत रत्नह्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन किया। प्रदर्शनी में अटल जी के छात्र जीवन से लेकर उनके प्रभावशाली राजनीतिक सफर को क्रमवार ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इसमें उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान लिए गए ऐतिहासिक फैसलों, भारत के विकास व समृद्धि के बड़े प्रयासों को भी रेखांकित किया गया है। प्रदर्शनी में अटल जी की देशभक्ति, सेवा और अदम्य साहस को बखूबी दशार्या गया है। इसमें शामिल हर विवरण बहुआयामी व्यक्तित्व के साथ राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की गवाही देता है। उनकी दूरदर्शी सोच ने भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई। उनकी विरासत हमें हमेशा मार्गदर्शन देती रहेगी। मुख्यमंत्री योगी ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अटल जी से जुड़ी स्मृतियों को ताजा किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ह्यभारत रत्नह्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के कटआउट के साथ फोटो खिंचवाई। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक अनुपमा जायसवाल, सुरेंद्र मैथानी, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, गोविंद नारायण शुक्ल, पूर्व मंत्री मोहसिन रजा आदि मौजूद रहे। सभी ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। उनकी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। वह पत्रकार बनना चाहते थे, लेकिन बाद में राजनीति में आ गए। अटल बिहारी वाजपेयी अपने जीवन के प्रारंभिक दिनों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल हुए थे।

# अटलजी ने सदैव देशहित को सर्वोपरि रखा : नितिन अग्रवाल



हरदोई, । भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय सहित जनपद के सभी बूथों और मंडलों पर बुधवार को सुशासन दिवस के रूप में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई गई। भाजपा कार्यालय पर अटल जी के जीवन पर आयोजित प्रदर्शनी का उदघाटन कर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने देश के प्रति उनके समर्पण को याद कर चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर कहा कि अटल जी ने सदैव देशहित को सर्वोपरि रखा। अंतरराष्ट्रीय दबाव हो या राजनैतिक गठबंधन की मजबूरी, देश के विकास में आने वाली सभी बाधाओं को पार लगा दिया। अटल जी का व्यक्तित्व इतना सशक्त था कि केंद्र की सत्ता पर पहुंचकर उसका त्याग कर दिया पर विचारों से समझौता नहीं किया। उनकी सरकार के कुछ फैसले इसकी मिसाल हैं। अटल सरकार ने निजीकरण को बढ़ावा दिया, विनिवेश की शुरूआत की तो संचार क्रांति का दूसरा चरण भी अटल राज में ही शुरू हुआ था। इसके अलावा सर्व शिक्षा अभियान, पोखरण का परीक्षण, पोटा कानून जैसे फैसले लेकर अटल सरकार ने देश को मजबूत करने का काम किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि संसद में कहा गया उनका यह वाक्य... सरकारें आएंगी, जाएंगी, पार्टियां बनेंगी, बिगड़ेंगी मगर ये देश रहना चाहिए...आज भी मंत्र की तरह हम सबके मन में गूंजता रहता है। वह भारतीय लोकतंत्र को समझते थे। वह जानते थे कि लोकतंत्र का मजबूत रहना कितना जरूरी है। आपातकाल के समय उन्होंने दमनकारी कांग्रेस सरकार का जमकर विरोध किया, यातनाएं झेलीं। जेल जाकर भी संविधान के हित का संकल्प दोहराया। एन डी ए की स्थापना के साथ उन्होंने गठबंधन की राजनीति को नए सिरे से परिभाषित किया। वह अनेक दलों को साथ लाए और एन डी ए को विकास, देश की प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं का प्रतिनिधि बनाया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, राम बहादुर सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय अवस्थी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# फरीदाबाद : नशे के 160 इंजेक्शन सहित आरोपी गिरफ्तार



फरीदाबाद, । अपराध शाखा सेक्टर-65 पुलिस टीम ने नशे के 160 इंजेक्शन सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार अपराध शाखा टीम को गश्त के दौरान अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से मिली, जिसके आधार पर उन्होंने आरोपी जितेंद्र उर्फ जीतू को सेक्टर 65/64 चौक बायपास रोड के पास से काबू किया है। आरोपी से मौके पर 160 पेटाजोसिन इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ थाना आदर्श नगर में नशा तस्करी की धारा में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह नशे के इंजेक्शन होडल पलवल में किसी व्यक्ति से 60 प्रति इंजेक्शन के हिसाब से खरीद कर लाया था। आरोपी नशे के इंजेक्शनों को 200-250 व 300 रुपए के हिसाब से बेच देता है। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 26 दिसंबर, 2024





# आमिर अपनी लंबाई को लेकर रहे हैं हीन भावना के शिकार?

## नाना पाटेकर ने दिया दिलासा

**मिस्टर** परफेक्शनिस्ट आमिर खान बॉलीवुड के पसंदीदा अभिनेताओं में से एक हैं। उनका अभिनय हर किसी को पसंद आता है। लेकिन क्या आपको यह पता है कि आमिर भी हीन भावना के शिकार हो चुके हैं। बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान इन दिनों फिल्म लाहौर 1947 और सितारे जमीन पर को लेकर काफी व्यस्त हैं। आज आमिर की फिल्म देखने के लिए प्रशंसक बेसब्री से उनकी फिल्मों का इंतजार करते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि आमिर को अपनी लंबाई अपने कद से असुरक्षा रहती थी। एक इंस्टरव्यू में आमिर ने बताया कि कैसे उन्होंने दर्शकों द्वारा अस्वीकार किये जाने के डर पर काबू पाया और अपने काम को अपनाया।

बॉलीवुड के सबसे मशहूर अभिनेताओं में से एक आमिर खान ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने शुरुआती संघर्षों के बारे में बताया, खासकर अपनी लंबाई को लेकर अपनी असुरक्षा के बारे में। 5.5 इंच के अभिनेता ने कबूल किया कि शुरुआती दिनों में उनके मन में हीन भावना थी, उन्हें डर था कि उनकी लंबाई दर्शकों द्वारा उनकी स्वीकृति में रुकावत पैदा ना कर दे।आमिर ने बताया, हां, मैंने ऐसा किया। मुझे लगता था कि अगर लोग मेरी लंबाई की वजह से मुझे स्वीकार नहीं करेंगे तो क्या होगा। यह मेरा डर था। लेकिन बाद में मुझे एहसास हुआ कि यह सब बिल्कुल भी मायने नहीं रखता। लेकिन उस समय, किसी तरह की असुरक्षा की भावना घर कर जाती है।

नाना पाटेकर ने आमिर को दिलासा देते हुए कहा, मेरे चेहरे को देखो। इस चेहरे के साथ, मैं 50 साल तक काम कर सकता हूं। उन्होंने आगे कहा, शुरुआत में जो चीजें हमें तनाव देती हैं, बाद में हमें एहसास होता है कि ये चीजें बिल्कुल भी मायने नहीं रखती हैं। महत्वपूर्ण यह है कि आप कितनी ईमानदारी से काम कर रहे हैं और आपका काम लोगों को कैसे आकर्षित कर सकता है और उसके बाद बाकी सब कुछ महत्वहीन है।

# सलमान को अब मिला ऋतिक रोशन का साथ

**सलमान** खान और ऋतिक रोशन फिल्म इंडस्ट्री के दो सबसे बड़े और चमकते सितारे हैं। दोनों दशकों से कई हिट प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहे हैं, लेकिन उन्हें कभी भी स्क्रीन शेयर करने का मौका नहीं मिला। हालांकि, अब ऐसा लगता है कि दर्शकों को दोनों कलाकारों को पर्दे पर किसी प्रोजेक्ट में साथ देखने का मौका मिल सकता है और इसको आसान बनाने के पीछे अली अब्बास जफर का हाथ है।

ऋतिक रोशन ने 1995 में अपने पिता राकेश रोशन द्वारा निर्देशित सलमान खान और शाहरुख खान की फिल्म करण अर्जुन में बतौर सहायक निर्देशक काम किया था। कहो ना प्यार है से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने से पहले उन्होंने सलमान के साथ ट्रेनिंग भी ली थी, लेकिन किस्मत से उन्होंने कभी भी स्क्रीन पर साथ काम नहीं किया। भले ही दोनों अभिनेता एजेंट टाइगर और एजेंट कबीर के रूप में वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक शाहरुख खान और सलमान खान जैसे क्रॉसओवर सीन नहीं किए हैं। हालांकि, अब यह सब बदल सकता है।

## जल्द ऑन एयर होगा विज्ञापन

रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान और ऋतिक रोशन पहली बार एक्शन से भरपूर विज्ञापन फिल्म के लिए साथ आने वाले हैं। बताया गया कि बड़े पर्दे पर साथ काम करने की तमाम कोशिशों के बाद एक कॉरपोरेट दोनों सुपरस्टार्स को एक्शन से भरपूर विज्ञापन के लिए साथ लाया है। विज्ञापन फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करेंगे और यह जल्द ही ऑन एयर होगी।

## मुंबई में होगी शूटिंग

रिपोर्ट्स के अनुसार, इस विज्ञापन की शूटिंग मुंबई में की जाएगी। हालांकि, टीम ने अंतरराष्ट्रीय स्थानों के वीएफएक्स प्लेट्स लिए हैं। इस सहयोग के बारे में जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी। इस विज्ञापन फिल्म में निर्देशक अली अब्बास जफर और सलमान खान की जोड़ी सुल्तान, टाइगर जिंदा है और भारत जैसी सफल फिल्में बनाने के बाद फिर से साथ काम करेगी।



# विवेक ओबेरॉय ने किया शाहरुख खान की फिल्म करने से इंकार

**इन** दिनों एक्टर विवेक ओबेरॉय अपनी फिल्मों से ज्यादा, एक बिजनेसमैन के तौर पर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में उन्होंने बताया कि बताया कि कुछ साल पहले शाहरुख खान की एक बड़ी फिल्म ऑफर हुई थी, लेकिन कुछ कारणों से वह उस फिल्म को स्वीकार नहीं कर पाए। एक समय बॉलीवुड में ऐसा था, जब विवेक ओबेरॉय की फिल्में हिट हो रही थी, उनकी एक्टिंग को सराहा जा रहा था। फिर सलमान खान से उनका विवाद हो गया, जिस कारण उनके करियर पर बुरा असर पड़ा। इस समय विवेक ओबेरॉय फिल्मों में कम ही नजर आते हैं लेकिन वह बतौर बिजनेसमैन चर्चा में बने हुए हैं। पिछले दिनों उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि शाहरुख खान की एक बड़ी फिल्म को उन्होंने कुछ कारणों से मना कर दिया था।

जिस फिल्म को विवेक ओबेरॉय ने इंकार किया, वह शाहरुख खान की 'ओम शांति ओम' रही। इस फिल्म में उन्हें एक अहम किरदार ऑफर हुआ था। लेकिन चाहकर भी विवेक फिल्म को स्वीकार नहीं कर पाए। विवेक ने बताया कि उस समय वह फिल्म 'शूटआउट एट लोखंडवाला' की शूटिंग शुरू कर चुके थे, ऐसे में उनके पास डेट्स नहीं थी। ऐसे में चाहकर भी विवेक, शाहरुख खान की फिल्म का हिस्सा नहीं बन पाए।

ऐसा भी नहीं है कि शाहरुख खान और विवेक ओबेरॉय ने कभी किसी फिल्म में साथ अभिनय नहीं किया। शाहरुख खान ने फिल्म 'साथिया' में कैमियो किया था, इसमें विवेक ओबेरॉय लीड रोल में थे। विवेक ने शाहरुख खान के साथ एक दिन की उस शूटिंग के एक्सपीरियंस को शानदार बताया है। कुछ दिनों पहले भी विवेक ओबेरॉय ने एक इंटरव्यू दिया था, जिसमें उन्होंने अपने करियर में आए मुश्किल दौर का भी जिक्र किया। विवेक ने बताया कि मेरा करियर एक टकराव के कारण खराब जोन में चला। इसी मामले के कारण फाइनेंशियल नुकसान भी बहुत हुआ।



# मानुषी छिल्लर ने 2024 के सफर के बारे में बताया

**जैसे** ही 2024 का साल खत्म हो रहा है, मिस वर्ल्
मनोषी छिल्लर ने अपने प्रशंसकों को हाल ही में एक रूसत्र के जरिए अपने प्रशंसकों को अपने वर्ष के बारे में जानकारी दी अपनी यात्रा पर विचार करते हुए, उन्होंने वर्ष 2024 के लिए अपनी प्रमुख उपलब्धियों को साझा किया, जिसमें उनका ड्रीम प्रोजेक्ट, सोम वेलनेस क्लिनिक लॉन्च करना और एक द्वीप-प्रेरित कपड़ों का ब्रांड द्वीप शुरू करना शामिल है। उन्होंने अपने विशेष अनुभवों के बारे में भी बताया, जिसमें एक यादगार प्रोजेक्ट की शूटिंग, दुनिया भर में यात्र करना और एक पेंटिंग को पूरा करना शामिल था जिस पर वह दो साल से काम कर रही थीं।

उन्होंने एक व्यक्तिगत, दिल छू लेने वाला नोट भी साझा किय कि कैसे उनकी भतीजी अब उन्हें सबसे अच्छी दोस्त÷ कहती है। जब उनसे 2024 से उनकी प्रमुख सीखों के बारे में पूछ गया, तो मानुषी ने व्यक्तिगत पहचान और स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डाला, उनके माता-पिता द्वारा उन्हें दिए गए मूल्य जिन्हें अब वह बड़ी होने के साथ अधिक सम्मान देती हैं उन्होंने इस वर्ष की अपनी पसंदीदा किताब, थिंकिंग, फास्ट एंड स्लो (डैनियल काहनेमैन द्वारा) को भी साझा किया और बताय कि 'महाराज' उनकी टॉप फिल्म पसंद थी। 2025 को देखते हुए मानुषी ने उत्साहपूर्वक आगामी वर्ष के लिए अपने लक्ष्यों की रूपरेखा तैयार की। इनमें एक रोमांचक फिल्म रिलीज, एक नया प्रोजेक्ट और एक नया खेल सीखने का उसका लक्ष्य शामिल है, जो विकास और नई चुनौतियों के प्रति उसके जुनून को दर्शाता है।

इसके अलावा, वह एक डांस वीडियो पोस्ट करने की योजना बना रही है, जिससे खुद को अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर ले जा सके और औ शारीरिक रूप से मजबूत बनने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। यात्रा भी एजेंडे में है, क्योंकि वह अपने परिवार के साथ नए स्थानों की यात्रा करने की उम्मीद कर रही है जिसमें रोमांच, फैशन और अपने प्रशंसकों के लिए प्रेरणा का संगम होगा। इतनी सारी योजना के साथ, 2025 मानुषी छिल्लर के लिए एक और घटनापूर्ण वर्ष होने का वादा करता है।



# आइटम सॉन्ग के साथ पंजाबी फिल्मों में डेब्यू करेंगी निक्की तंबोली

बिग बॉस 14 की पूर्व प्रतियोगी निक्की तंबोली पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही हैं। वह जल्द ही फिल्म बदनाम के आइटम सॉन्ग में नजर आएंगीं। यह फिल्म फरवरी में रिलीज होने वाली है। निक्की ने कहा, मैं बदनाम का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित हूं। यह एक ऐसा गाना है जो आपको उठकर नाचने पर मजबूर कर देगा और मैं इतनी शानदार टीम के साथ काम करने का मौका पाकर बहुत आभारी हूं। निक्की हमेशा से ही कुछ नया करने की तलाश में रहती है और बदनाम बस इसी का एक और उदाहरण है। निक्की तंबोली ने गाने पर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रशंसकों को यह गाना उतना ही पसंद आएगा जितना मुझे इस गाने पर काम करने में मजा आया।

इस गाने को सुनिधि चौहान ने अपनी आवाज दी है। बदनाम फरवरी 2025 में रिलीज होने वाली है। यह जय रंधावा, जैस्मीन भसीन और मुकेश ऋषि अभिनीत एक रोमांटिक ड्रामा है। निक्की के करियर पर एक नजर डाले तो उन्होंने एक मॉडल के तौर पर अपना करियर शुरू किया था। 2019 में उन्होंने तेलुगू हॉरर कॉमेडी फिल्म चिकाती गडिलो चिथाकोटुडु से अपने अभिनय की शुरुआत की। बाद में उन्होंने एक्शन हॉरर फिल्म कंचना 3 में दिव्या के रूप में तमिल में अपनी शुरुआत की। कंचना 3. उनकी तीसरी फिल्म तेलुगु में थिप्पारा मीसम थी। 2020 में, उन्होंने हिंदी रियलिटी शो बिग बॉस 14 में भाग लेकर अपना टेलीविजन डेब्यू किया, जहां वह तीसरे स्थान पर रहीं। 2021 में उन्होंने स्टंट-आधारित रियलिटी शो फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 11 में भाग लिया। इस शो को केपटाउन में फिल्माया गया थ। ह 10वें स्थान पर रहीं। रियलिटी शो के अलावा उन्हें कई म्यूजिक वीडियो सहयोग में भी देखा गया था।



# तमन्ना भाटिया की अरनमनई 4 इस साल की टॉप 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्मों में से एक

पैन-इंडिया स्टार तमन्ना भाटिया ने अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन से फिल्म इंडस्ट्री में मानक स्थापित करती जा रही हैं। 2024 की शुरुआत तमिल ब्लॉकबस्टर 'अरनमणई 4' से करने वाली तमन्ना ने एक बार फिर अपने दबदबे को साबित किया है, क्योंकि यह फिल्म इस साल की टॉप 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्मों में शामिल हो गई है। फिल्म में तमन्ना की सशक्त भूमिका 'सेल्वी' ने फिल्म की सफलता में अहम भूमिका निभाई, जिसे समीक्षकों और दर्शकों ने समान रूप से सराहा।



# आयुष शर्मा के हाथ पर पत्नी अर्पिता खान के नाम का टैटू, ट्रोल्स ने साधा निशाना

आयुष शर्मा के करियर को बॉलीवुड में अभी ज्यादा समय नहीं हुआ। उनकी फिल्मों को मनचाही सफलता भी नहीं मिली। वह बॉलीवुड में सलमान खान की बहन अर्पिता के पति के तौर पर भी जाने जाते हैं। हाल ही में आयुष शर्मा के हाथ पर पत्नी के नाम का टैटू नजर आया, जिसकी चर्चा सोशल मीडिया पर खूब हो रही है। साथ ही आयुष को ट्रोल्स ने भी अपने निशाने पर लिया। फिल्म 'अंतिम' से चर्चित हुए आयुष शर्मा को हाल ही में मुंबई में पैपराजी से रूबरू होते हुए देखा गया। वह अपने घर के बाहर पैपराजी को पोज देते हुए देखे गए। इस मौके पर उनके हाथ पर बना पत्नी अर्पिता के नाम टैटू नजर आ गया।

## प्यार के इजहार का तरीका

आयुष शर्मा ने अपने हाथ पर जो टैटू बनवाया हुआ है, वह उनकी पत्नी अर्पिता के नाम का है। बहुत ही स्टाइलिश तरीके से अर्पिता का नाम, आयुष ने अपने हाथ पर लिखवाया हुआ है। इसके जरिए उन्होंने अपनी पत्नी अर्पिता के लिए प्यार का इजहार किया है।

# मैडॉक फिल्म्स की 'परम सुंदरी' में जान्हवी-सिद्धार्थ फरमाएंगे इश्क



**अगले** साल कई लव स्टोरी बेस्ड फिल्म बॉलीवुड में रिलीज होंगी, इसमें से एक दिनेश विजान के मैडॉक फिल्म्स की 'परम सुंदरी' भी होगी। हाल ही में इस फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। दिनेश विजान के मैडॉक फिल्म्स की मूवी 'परम सुंदरी' काफी समय से चर्चा में बनी हुई है। इसमें जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा की जोड़ी नजर आने वाली हैं। हाल ही में इस फिल्म की रिलीज डेट का भी पता चल गया है। अगले साल यह फिल्म कब रिलीज होगी, जानिए

## इस दिन होगी फिल्म रिलीज

फिल्म 'परम सुंदरी' के डायरेक्शन की जिम्मेदारी दिनेश विजान ने तुषार जलोटा को दी है। यह फिल्म अगले साल 25 जुलाई 2025 को रिलीज होगी। फिल्म एक लव स्टोरी है, लेकिन इसमें कहानी को जरा अलग अंदाज में कहा जाएगा। कहा जा रहा है कि फिल्म 'परम सुंदरी' की कहानी दर्शकों के दिलों को छू लेगी।

फिल्म 'परम सुंदरी' की एक फ्रेश लव स्टोरी को दिखाया जाएगा। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा परम नाम का किरदार निभा रहे हैं, जो कि उत्तर भारत से बिलॉन्ग करता है, वहीं जान्हवी कपूर ने सुंदरी नाम की लड़की का रोल किया है, जो दक्षिण भारत से आती है। इन दोनों के बीच कैसे प्यार होता है, यह फिल्म की स्टोरी लाइन है। इस तरह के सब्जेक्ट पर पहले भी फिल्में बनी हैं, लेकिन दिनेश विजान और तुषार जलोटा, इसी कहानी को अलग ढंग से कहने वाले हैं। फिल्म का जो पोस्टर और लुक अभी तक रिलीज हुआ है, उसमें जान्हवी और सिद्धार्थ मल्होत्रा काफी अच्छे नजर आ रहे हैं, इन दोनों के बीच केमिस्ट्री भी अच्छी दिख रही है।

## केरल के लुभावने दृश्य होंगे

फिल्म 'परम सुंदरी' में केरल को भी दिखाया जाएगा, वहां की सुंदरता को भी फिल्म में दिखाया जाएगा। साथ ही एक हंसाने-रुलाने वाली प्रेम कहानी को भी कहा जाएगा। उम्मीद है कि यह फिल्म भी मैडॉक की बाकी फिल्मों की तरह ही सफल होगी।

# सूरज बड़जात्या की फिल्म से कटा सलमान खान का पत्ता? आयुष्मान खुराना बनेंगे नए प्रेम!

**मैंने** प्यार किया, हम आपके हैं कौन और विवाह जैसी पारिवारिक मनोरंजक फिल्मों के निर्माता प्रशंसित फिल्म निर्माता सूरज बड़जात्या को कथित तौर पर आगामी निर्देशित फिल्म के लिए अपना नया प्रेम मिल गया है। सलमान खान ने बड़जात्या की कई फिल्मों में प्रेम के किरदार को अमर कर दिया। अब बड़जात्या की अगली फिल्म में यह प्रतिष्ठित भूमिका निभाने के लिए अभिनेता आयुष्मान खुराना को साइन किया गया है ।

## आयुष्मान ने भी जताया उत्साह

अभिनेता आयुष्मान खुराना फिल्म निर्माता सूरज बड़जात्या की अगली पारिवारिक रोमांटिक फिल्म में नए प्रेम की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता फिल्म की स्क्रिप्ट से प्रभावित हैं और बड़जात्या के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, सूरज बड़जात्या अपनी आगामी पारिवारिक ड्रामा के लिए एक नए चेहरे की तलाश में थे, जिन्होंने पहले सलमान खान, शाहिद कपूर और सोनू सूद को अपनी फिल्मों में प्रेमी के रूप में दिखाया है।

## नया प्रेम चाहते थे सूरज

प्रोडक्शन से जुड़े सूत्र का कहना है कि सूरज जी किसी ऐसे व्यक्ति को कास्ट करना चाहते थे, जिसकी छवि पारिवारिक दर्शकों के साथ जुड़ सके और बड़े पर्दे पर नए जमाने के प्रेम का किरदार निभाने के लिए आयुष्मान खुराना से बेहतर कौन हो सकता है। दोनों की जोड़ी अच्छी बन गई है और आयुष्मान को वह दुनिया बहुत पसंद आई है, जिसे सूरज बड़जात्या अपनी अगली फिल्म के साथ बना रहे हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### 31 दिसंबर को खुलेगा इंडो फार्म इक्विपमेंट का आईपीओ, 14,835 का करना होगा निवेश

मुंबई। इंडो फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) 31 दिसंबर को खलेगा। निवेशक इसके लिए 2 जनवरी तक बिडिंग (बोली) लगा सकते हैं। 7 जनवरी को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। क्रिसमस के चलते आज शेयर बाजार बंद है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी टोटल 260.15 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 184.90 करोड़ रुपए के 86,00,000 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है। वहीं, इंडो फार्म इक्विपमेंट के मौजूदा निवेशक 75.25 करोड़ रुपए के 35,00,000 शेयर बेच रहे हैं। इंडो फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड ने आईपीओ का प्राइस बैंड 204-215 रुपए तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 69 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 215 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय किया जाता है तो इसके लिए 14,835 इन्वेस्ट करने होंगे। वहीं, मैक्सिमम 13 लॉट यानी 897 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 1,92,855 इन्वेस्ट करने होंगे।

### घर के लिए आज ही खरीद सकते हैं ब्ल्यूटूथ पार्टी स्पीकर

मुंबई। क्रिसमस और न्यू ईयर पार्टी प्लान अगर आप भी बना रहे हैं तो आपके पास एक बेहतरीन मौका है जिससे आप भी अपने घर के लिए ब्ल्यूटूथ पार्टी स्पीकर आज ही खरीद सकते हैं। चाहे साउंड क्वालिटी की बात कर लीजिए या फिर बैटरी बैकअप की, हर मामले में ये स्पीकर आपके लिए अच्छे रहने वाले हैं। आसान कनेक्टिविटी और फास्ट चार्जिंग की सुविधा इस स्पीकर में आपको मिल रही है और वो भी बेहद कम खर्च पर। आप चाहें तो नो कॉस्ट ईएमआई का भी ऑप्शन चुनकर इन स्पीकर की खरीदारी कर सकते हैं। आइए अब इन स्पीकर की लिस्ट पर एक नजर डालते हैं और फिर नीचे आपको इनके बारे में आपको विस्तार से जानकारी देंगे। 30 वॉट का यह फिलिप्स ब्ल्यूटूथ स्पीकर डायनिकिम बेस बूस्ट के साथ आ रहा है जिसमें 3000 एमएएच की बैट्री भी लगी हुई है। इस स्पीकर को आप न्यू ईयर के मौके पर घर पर इस्तेमाल करके दमदार पार्टी कर सकते हैं और इतना ही नहीं, आप चाहें तो इसको दोस्तों के साथ लेकर आउटिंग पर भी जा सकते हैं। वायरलेस पेयरिंग सुविधा होने की वजह से आप इसको अपने स्मार्टफोन के जरिये आराम से कनेक्ट कर पाएंगे। टाइप सी के चार्जिंग पोर्ट वाला यह ब्ल्यूटूथ स्पीकर 100 वॉट पॉवर वाला है और इसमें पंची साउंड भी मौजूद है जो इसको और भी खास बनाता है।

### विदेशों में बसे भारतीय देश में जमकर भेज रहे डॉलर, रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा रेमिटेंस

नई दिल्ली। नॉन-रेजिडेंट इंडियन (एनआरआई) जमा खातों में चालू वित्त वर्ष की अप्रैल से अक्टूबर अवधि में 11.9 अरब डॉलर का इनफ्लो आया है, जो पिछले साल समान अवधि के आंकड़े 6.1 अरब डॉलर से करीब दोगुना है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर के अंत तक भारत में एनआरआई खातों में जमा रकम बढ़कर 162.7 अरब डॉलर हो गई है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 143.5 अरब डॉलर थी। एनआरआई डिपॉजिट योजनाओं में फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट (एफसीएनआर) डिपॉजिट, नॉन-रेजिडेंट एक्सटर्नल (एनआरई) डिपॉजिट और नॉन-रेजिडेंट ऑर्डिनरी (एनआरओ) डिपॉजिट शामिल हैं। आंकड़े के मुताबिक, एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट में सबसे अधिक 6.1 अरब डॉलर का इनफ्लो आया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में जमा की गई 2.1 अरब डॉलर की राशि से लगभग तीन गुना है।

### ऊर्जा क्षेत्र के लिए अगले 25 साल का खाका तैयार किया है: फडणवीस

नागपुर। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने राज्य के ऊर्जा क्षेत्र के लिए अगले 25 साल का खाका तैयार किया है। उन्होंने यहां प्रेस से मुलाकात कार्यक्रम में कहा कि राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के तहत गरीब लोगों को दिए जाने वाले मकानों में सौर ऊर्जा सुविधा उपलब्ध कराने की योजना बना रही है। फडणवीस के पास ऊर्जा विभाग का प्रभार भी है। उन्होंने कहा कि अगले दो-तीन साल में बिजली की दरें कम करने की भी कोशिश की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा, ऊर्जा क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है और हमने इसके लिए अगले 25 साल का खाका तैयार किया है। उन्होंने कहा, हमारी योजना यह भी है कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत गरीबों को दिए जाने वाले मकानों का बिजली का बिल न आए। इन मकानों को सौर ऊर्जा के तहत लाया जाएगा।

# कंपनियां करें कॉलिंग-एमएसएस पर फोकस, सस्ते रिचार्ज का मिलेगा ऑप्शन

## ट्राई ने जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल को दिया आदेश

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (वेब वार्ता)। जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल यूजर्स को जल्द ही सस्ते रिचार्ज का ऑप्शन मिल सकता है। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) ने सभी टेलीकॉम ऑपरेटर्स से कंज्यूमर्स के लिए कॉलिंग और एमएसएस फोकस प्लान्स लॉन्च करने के लिए कहा है, जिसमें वैलिडिटी भी मिलती हो। टेलीकॉम ऑपरेटर्स के पोर्टफोलियो पर नजर डालें तो इसमें सभी प्लान्स डेटा पर फोकस्ड मिलते हैं यानी इसमें कॉलिंग, एसएमएस और डेटा तीनों मिलता है। ऐसे में कई यूजर्स जिन्हें डेटा नहीं चाहिए होता है, उन्हें भी डेटा के लिए भुगतान करना पड़ता है। इस तरह का प्लान ना होने की वजह से जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के यूजर्स को अपना सिम एक्टिव रखने के लिए हर महीने करीब 200 रुपए खर्च करने होते हैं। वहीं कुछ ऐसे यूजर्स भी हैं, जिन्हें लॉन्ग टर्म प्लान्स चाहिए होता है। आपको ऐसा लॉन्ग टर्म प्लान नहीं मिलेगा, जो सिर्फ कॉलिंग और एसएमएस पर फोकस्ड करता हो। ट्राई ने 23 दिसंबर को जारी अपने आदेश में कहा कि टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स को ऐसे एसटीवी जारी करने होंगे, जो सिर्फ वॉयस कॉलिंग और एसएमएस की सुविधा के साथ आते हों, जिससे कंज्यूमर्स सिर्फ उस सर्विस के लिए ही भुगतान करें, जो वह यूज करते हैं। इसका टेलीकॉम कंपनियों के कारोबार पर बड़ा असर पड़ेगा। ट्राई ने पहले भी इस पर कंपनियों से सुझाव मांगा था, जिसमें टेलीकॉम कंपनियों



ने इसका विरोध किया था। कंपनियों का कहना था कि इस तरह के किसी नए प्लान की जरूरत नहीं है। कंज्यूमर्स के लिए ऐसे प्लान्स पहले से ही मौजूद हैं। बता दें कि टेलीकॉम कंपनियों ने कुछ साल पहले ही लाइफटाइम फ्री इनकमिंग की सुविधा खत्म कर दी है। इसके बाद ग्राहकों को अपना सिम कार्ड एक्टिव रखने के लिए हर महीने मिनिमम रिचार्ज करना होता है। वहीं इस साल जुलाई में टेलीकॉम कंपनियों ने अपने रिचार्ज प्लान्स की कीमतों में भी वृद्धि की है। इसकी वजह से कंज्यूमर्स को करीब 200 रुपए हर महीने सिर्फ सिम एक्टिव रखने के लिए खर्च करने होते हैं। वहीं सभी प्लान्स में डेटा दिया जाता है। ऐसे में जिन यूजर्स को डेटा की जरूरत नहीं होती है, उन्हें भी इस सर्विस के लिए भुगतान करना पड़ता है। वहीं बीएसएनएल में 30 दिनों का प्लान 147 रुपए का आता है, जिसमें यूजर्स को कॉलिंग और एसएमएस के साथ 10जीबी डेटा मिलता है। ऐसे यूजर्स जिन्हें इस डेटा की जरूरत नहीं है, उन्हें भी इसके लिए भुगतान करना होता है।

# अडानी ने खरीदी एयर वर्क्स इंडिया में मैजोरिटी हिस्सेदारी, 400 करोड़ में हुई डील

**अब साल के आखिर में अडानी ग्रुप ने एक बड़ी डील की है। इसके तहत अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने एयर वर्क्स इंडिया में मैजोरिटी हिस्सेदारी खरीदी है। गौतम अडानी ने जिस एयर वर्क्स कंपनी की अधिग्रहण किया है, वह भारत की प्रमुख प्राइवेट एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस कंपनी है। यह अधिग्रहण अडानी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने किया है और इसके साथ ही कंपनी की एंट्री विमान मैंटिनेंस, रखरखाव और ओवरहाल इंडस्ट्री में हो गई है।**

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। बीते कुछ महीनों में भारत के उद्योगपति गौतम अडानी अमेरिकी के लगाए गए आरोपों के चलते विवादों में रहे, लेकिन इस बीच उनका फोकस पूरी तरह कारोबार के विस्तार पर था। अब साल के आखिर में अडानी ग्रुप ने एक बड़ी डील की है। इसके तहत अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने एयर वर्क्स इंडिया में मैजोरिटी हिस्सेदारी खरीदी है।

गौतम अडानी ने जिस एयर वर्क्स कंपनी की अधिग्रहण किया है, वह भारत की प्रमुख प्राइवेट एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस कंपनी है। यह अधिग्रहण अडानी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने किया है और इसके साथ ही कंपनी की एंट्री विमान मैंटिनेंस, रखरखाव और ओवरहाल इंडस्ट्री में हो गई है। अडानी ग्रुप के मुताबिक ये पूरी डील 400 करोड़ में हुई है।



इस 400 करोड़ रुपए की डील के जरिए अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने एयर वर्क्स में 85.8 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है और एग्रीमेंट साइन किए हैं। इस संबंध में अडानी ग्रुप की ओर से एक बयान जारी किया गया है जिसमें कहा है कि एडीएसटीएल ने देश की सबसे बड़ी प्राइवेट एमआरओ कंपनी एयर वर्क्स में मैजोरिटी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए डील की है। एयर वर्क्स इंडिया की स्थापना साल 1951 में की गई थी और ये देश की दिग्गज एयरलाइंस कंपनियों को सेवाएं देती है। इसकी कस्टमर लिस्ट में इंडिगो और विस्तारा जैसे नाम शामिल हैं। इसके अलावा लुफ्थांसा, टर्किश एयरलाइंस समेत एतिहाद जैसी इंटरनेशनल एयरलाइंस भी इससे सर्विसेज लेती हैं। इसके साथ ही एयर वर्क्स इंडियन नेवी और एयरफोर्स के विमानों की भी देखरेख करती है। कभी दुनिया के टॉप-3 अमीरों में शामिल गौतम अडानी की 10 कंपनियां शेयर बाजार में लिस्टेड हैं और उनका कारोबार घर की रसोई से लेकर एयरपोर्ट्स तक फैला हुआ है। अडानी की नेटवर्थ ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, 75 अरब डॉलर है और इस आंकड़े के साथ दुनिया के टॉप अरबपतियों की लिस्ट में वे 19वें पायदान पर हैं। बीते 24 घंटे में उनकी संपत्ति में 249 मिलियन डॉलर का इजाफा हुआ है।

# भारत का घरेलू एयर ट्रैफिक नवंबर में दोहरे अंक में बढ़ा

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भारत में नवंबर में घरेलू मार्गों पर 1.42 करोड़ यात्रियों ने उड़ान भरी। इसमें सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आंकड़ों के मुताबिक, एयर ट्रैफिक में 63.6 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ इंडिगो देश की शीर्ष एयरलाइन बनी हुई है। इसके बाद एयर ट्रैफिक में एयर इंडिया के पास 24.4 प्रतिशत, आकासा एयर के पास 4.7 प्रतिशत और स्पाइस जेट के पास 3.1 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है।

एयर ट्रैफिक में नवंबर में एलायंस एयर की हिस्सेदारी 0.07 प्रतिशत रही है। डीजीसीए की रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी-नवंबर 2024 के दौरान घरेलू एयरलाइनों द्वारा ले जाए गए यात्रियों की संख्या 14.64 करोड़ थी, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह संख्या 13.82 करोड़ थी। यह सालाना आधार पर यात्रियों की संख्या में 5.91 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। नवंबर में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 1.42 करोड़ रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 1.27 करोड़ था। नवंबर में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या भी अक्टूबर के 1.36 करोड़ के आंकड़े से भी अधिक रही है। हालांकि, नवंबर के दौरान बेंगलुरु, दिल्ली, हैदराबाद और मुंबई में शेड्यूल्ड घरेलू



एयरलाइनों के ऑन टाइम परफॉर्मेंस (ओटीपी) में गिरावट आई है और यात्रियों को देरी का सामना करना पड़ा है। आंकड़ों के अनुसार, इंडिगो का ओटीपी 74.5 प्रतिशत रहा, जबकि अकासा एयर और स्पाइसजेट का ओटीपी क्रमशः 66.4 प्रतिशत और 62.5 प्रतिशत रहा। वहीं, एयर इंडिया और एलायंस एयर का ओटीपी क्रमशः 58.8 प्रतिशत और 58.9 प्रतिशत रहा।

आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में 2,24,904 यात्री देरी से प्रभावित हुए। एयरलाइनों ने फंसे हुए यात्रियों की सुविधा के लिए करीब 2.9 करोड़ रुपये का भुगतान किया। नवंबर के दौरान शेड्यूल घरेलू एयरलाइनों को यात्रियों से संबंधित 624 शिकायतें मिलीं। नवंबर में कुल 3,539 यात्रियों को विमान में चढ़ने से मना कर दिया गया और उन्हें मुआवजा देने और सुविधाएं प्रदान करने के लिए एयरलाइनों द्वारा 2.84 करोड़ रुपये खर्च किए गए। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि उड़ान रद्द होने से 27,577 यात्री प्रभावित हुए, जिसके लिए एयरलाइनों ने मुआवजे और सुविधाएं प्रदान करने के रूप में 36.79 लाख रुपये खर्च किए।

# भारतीय टेलीकॉम इंडस्ट्री की आय बीते 5 वर्षों में हुई डबल, एयरटेल को हुआ सबसे अधिक फायदा

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय टेलीकॉम इंडस्ट्री की आय वित्त वर्ष 25 की जुलाई-सितंबर अवधि में तिमाही आधार पर 8 प्रतिशत और सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 674 अरब रुपये रही है। इस मजबूत वृद्धि की वजह मोबाइल टैरिफ में बढ़ोतरी होना है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की रिपोर्ट के अनुसार, स्मार्टफोन टैरिफ में तीन बार बढ़ोतरी के कारण भारत की टेलीकॉम इंडस्ट्री की तिमाही आय सितंबर 2019 से लगभग दोगुनी हो गई है, जिसका अर्थ है कि बीते पांच साल में उद्योग की आय 14 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ी है। भारतीय टेलीकॉम इंडस्ट्री का



कंसोलिडेटेड मार्केट स्ट्रक्चर, उच्च डेटा खपत, कम एआरपीयू और टेलीकॉम कंपनियों द्वारा उत्पन्न अपर्याप्त रिटर्न को देखते हुए, हमें उम्मीद है कि आगे टैरिफ में और बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। टेलीकॉम इंडस्ट्री का औसत राजस्व प्रति यूनिट (एआरपीयू) सितंबर 2019 में 98 रुपये से लगभग दोगुना होकर सितंबर 2024 में 193 रुपये हो गया है, जो टैरिफ बढ़ोतरी के कारण है। हालांकि, तेज टैरिफ बढ़ोतरी के परिणामस्वरूप, सितंबर 2024 में उद्योग का ग्राहक आधार 115 करोड़ हो गया है जो सितंबर 2019 के स्तर 117 करोड़ से कम है।

टेलीकॉम कंपनियों में भारती एयरटेल टैरिफ बढ़ोतरी का सबसे बड़ा लाभार्थी रहा है। इस दौरान कंपनी के एआरपीयू में 2.2 गुना की वृद्धि हुई है। यह बीते पांच वर्ष में 17 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है, ह्नहमारा मानना है कि डेटा सब्सक्रिप्शन अनुपात में मजबूत सुधार होना भारती एयरटेल का एआरपीयू बढ़ने के प्रमुख कारणों में से एक रहा है। 2019-2024 की रिपोर्टिंग अवधि में, भारती एयरटेल की आय में 2.6 गुना वृद्धि हुई है, जिसका अर्थ है बीते पांच वर्षों में कंपनी की आय 21 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ी है।

# सिनेमाघरों में बिकने वाले पॉपकॉर्न पर पांच फीसदी ही लगेगा जीएसटी

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। सिनेमा घरों में खुले रूप से बिकने वाले पॉपकॉर्न पर वस्तुल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर पांच फीसदी ही लागू होगा, जैसा कि रेस्टोरेंट सेवाओं पर लागू होता है। अगर पॉपकॉर्न को फिल्म टिकट के साथ बेचा जाता है, तो इसे एक समग्र आपूर्ति के रूप में माना जाएगा। चूंकि, इस मामले में मुख्य आपूर्ति टिकट है, इसलिए उसकी लागू दर के अनुसार कर लगाया जाएगा। इस बारे



में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में स्पष्टीकरण दिया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को दी जानकारी में कहा कि नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न पर लागू वर्गीकरण और जीएसटी दर को स्पष्ट करने के लिए उत्तर प्रदेश से अनुरोध मिला था। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जैसलमेर में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक के बाद मीडिया को बताया था कि परिषद ने पॉपकॉर्न पर कर के संबंध में स्पएष्टीककरण जारी करने पर सहमदति जताई है। पॉपकॉर्न पर जीएसटी की दर में कोई वृद्धि और बदलाव नहीं किया गया है। उल्ले खनीय है कि जीएसटी के तहत नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न को नमकीन के रूप में वगीर्कृत किया जाता है, जिसको खुले में बेचने पर 5 फीसदी का कर लगता है।

# सर्राफा बाजार में सपाट कारोबार, सोना और चांदी के भाव में बदलाव नहीं

नई दिल्ली/एजेंसी। घरेलू सराफा बाजार में आज क्रिसमस के मौके पर सपाट कारोबार होता नजर आ रहा है। सोने और चांदी के भाव में आज भी बदलाव नहीं हुआ है। इस वजह से देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 77,500 रुपये से लेकर 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,050 रुपये से लेकर 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज कोई परिवर्तन नहीं होने के कारण दिल्ली सराफा बाजार में इसकी कीमत 91,300 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# स्टॉक मार्केट में क्रिसमस की छुट्टी, इस साल शेयर बाजार में कुल 16 दिन रहा अवकाश

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। क्रिसमस के मौके पर घरेलू शेयर बाजार में आज छुट्टी है। आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में कोई कारोबार नहीं होगा। इसके साथ ही करेंसी डेरिवेटिव्स, कमोडिटी डेरिवेटिव्स और इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसिप्ट्स (ईजीआर) में भी ट्रेडिंग नहीं होगी। इस साल शेयर बाजार में रविवार और शनिवार को छोड़कर कुल 16 दिन छुट्टी रही है। साल 2024 में स्टॉक मार्केट में पहली छुट्टी 26 जनवरी को थी, जबकि आज क्रिसमस के दिन आखिरी छुट्टी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के हॉली-डे कैलेंडर के मुताबिक अगले साल 2025 में स्टॉक मार्केट में कुल 14 दिनों का अवकाश रहेगा। 2025 में पहली छुट्टी 26र जनवरी की जगह महाशिवरात्रि के मौके पर 26 फरवरी को होगी। आमतौर पर स्टॉक मार्केट में पहली छुट्टी गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी को होती है, लेकिन 2025 में गणतंत्र दिवस रविवार को है।

उस दिन स्टॉक मार्केट में साप्ताहिक अवकाश होता है। यही वजह है कि स्टॉक मार्केट में अगले साल की पहली छुट्टी 26 फरवरी को होगी। हालांकि 2025 का आखिरी अवकाश 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर ही होगा। 2025 में दिवाली के मौके पर होने वाले मुहूर्त ट्रेडिंग का आयोजन मंगलवार 21 अक्टूबर को होगा। हालांकि बीएसई के कैलेंडर में मुहूर्त ट्रेडिंग के समय की जानकारी अभी नहीं दी गई है। इसकी जानकारी दिवाली के एक-दो दिन पहले बीएसई और एनएसई द्वारा दी जाएगी। जहां तक दिसंबर के शेष बचे दिनों की बात है तो इस सप्ताह क्रिसमस की छुट्टी के कारण कुल 4 दिन ही कारोबार होगा, जबकि अगले सप्ताह 30 और 31 दिसंबर को भी स्टॉक मार्केट में खरीद बिक्री होती रहेगी।

# वेडिंग फंक्शन के लिए मिल रही एक से बढ़कर एक साड़ियां

प्रात: किरण/एजेंसी

मुंबई। वेडिंग सारी फार वूमेन साड़ी कलेक्शन में वेडिंग फंक्शन के लिए एक से बढ़कर एक साड़ियां मिल रही हैं। साडियों की इस सेल में लेटेस्ट स्टाइल और ट्रेंड वाली साड़ियां उपलब्ध हैं। ये सॉफ्ट और लाइट फैब्रिक से बनी हैं। एथनिक और ट्रेडिशनल स्टाइल के लिए इन साड़ियों को बेस्ट माना जाता है। ये साड़ियां अमेजन द वेडिंग फेस्ट में 80 प्रतिशत तक की छूट पर मिल रही हैं। इस लिस्ट में रुपए 4999 वाली साड़ी 999 रुपये में उपलब्ध है। बचत के साथ के साथ साड़ी के लिए यह कलेक्शन बेस्ट है। पिंक कलर में मिल रही यह बनारसी सिल्क सारी बहुत ही आकर्षक है। इस कांजीवरम बनारसी सिल्क साड़ी को वेडिंग के साथ ही फेस्टिवल, पार्टी और डेली वेयर में ऐड कर सकती हैं। यह 6 यार्ड की लेंथ में आ रही है। यह फ्लोरल प्रिंट वाली साड़ी आपको एथनिक और ट्रेडिशनल लुक भी देती है। इस साड़ी के साथ अनस्टिच्ड ब्लाउज दिया गया है। इसका सिल्क फैब्रिक काफी बढ़िया है। अगर आप वेडिंग फंक्शन में आकर्षक और स्टाइलिश लुक पाना चाहती हैं, तो यह रेडी टू वियर सारी आपके लिए बेस्ट हो सकती है। यह



एम्बेलिश्ड लाइक्रा साड़ी बहुत ही बढ़िया है। यह साड़ी पिंक और अन्य कलर में भी उपलब्ध है। इस रेडी टू वेयर साड़ी को पहनना काफी आसान है। इसे एनिवर्सरी और बर्थडे गिफ्ट के लिए भी लिया जा सकता है। यह लाइक्रा फैब्रिक से बनी हुई वूमेंस साड़ी है। यह प्लेन वीव टाइप वाली जार्जेट इम्बेलिस्ड सारी है। वेडिंग फंक्शन में पहनने के लिए इस साड़ी को सबसे अच्छा माना जाता है। फेस्टिव, पार्टी, कैजुअल और सेरेमनी में अच्छे लुक के लिए इसे ट्राय कर सकती हैं। इस साड़ी को जॉर्जेट फैब्रिक से बनाया गया है। इसके साथ मैचिंग ब्लाउज पीस भी रहा है। यह 5.5 मीटर वाली साड़ी है। इस साड़ी को ड्राय क्लीन से साफ कर सकती हैं। यह बांधनी वीव और स्टाइल वाली साड़ी है। इस सिल्क बंधानी प्रिंटेड सारी में वायलेट और टील ग्रीन कलर का ऑप्शन दिया गया है। यह साड़ी पहनने में काफी कंफर्ट फील भी देती है।

**आग्रह** — एनएटीएएचएलटीएच ने कहा कि कैंसर देखभाल की लागत को कम करने के लिए, एलआईएनएसीएस जैसे ऑन्कोलॉजी विकिरण उपकरणों पर सीमा शुल्क को हटाने और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को घटाकर पांच प्रतिशत करने की आवश्यकता है

# एनएटीएचईएएलटीएच का सरकार से आगामी बजट में स्वास्थ्य सेवा में प्रणालीगत खामियां दूर करने का आग्रह

**स्वास्थ्य निकाय ने सरकार से स्वास्थ्य सेवा उपकर तथा तंबाकू व चीनी उत्पादों पर प्रस्तावित 35 प्रतिशत जीएसटी से प्राप्त आय को सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को मजबूत करने के लिए आवंटित करने का भी सुझाव दिया। साथ ही कच्चे माल की लागत को कम करने के लिए सभी स्वास्थ्य संबंधी वस्तुओं व सेवाओं पर एकीकृत पांच प्रतिशत जीएसटी की वकालत की।**

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। स्वास्थ्य सेवा उद्योग निकाय एनएटीएचईएएलटीएच ने सरकार से आगामी केंद्रीय बजट में बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए चिकित्सकीय विशेषज्ञों की भारी कमी, कैंसर देखभाल की बढ़ती लागत और अपर्याप्त अस्पताल बुनियादी ढांचे जैसी प्रणालीगत खामियों को दूर करने का आग्रह किया है।

अपनी बजट-पूर्व सिफारिशों में एनएटीएएचएलटीएच ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए बजटीय आवंटन को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2.5 प्रतिशत से अधिक करने की मांग की और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से संचारी तथा गैर-संचारी रोगों के बढ़ते बोझ को दूर करने का अनुरोध किया, जो दीर्घकालिक चुनौतियों से और भी जटिल हो गया है। एनएटीएएचएलटीएच के अध्यक्ष अभय सोई ने बयान में कहा, आगामी केन्द्रीय बजट चिकित्सकीय विशेषज्ञों की भारी कमी, कैंसर देखभाल की बढ़ती लागत, और बढ़ती जनसंख्या की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त अस्पताल अवसंरचना जैसी प्रणालीगत कमियों को दूर करने का अभूतपूर्व अवसर प्रदान करता है।

मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सोई ने कहा, अस्पताल की क्षमता का विस्तार, व्यवहार्य



प्रतिपूर्ति ढांचे, उपचार लागत में कमी, चिकित्सकीय शिक्षा को आगे बढ़ाना न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान करेगा बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य सेवा नेता के रूप में भारत की स्थिति को भी सुरक्षित करेगा। ये प्रयास सभी के लिए एक स्वस्थ और अधिक टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत का स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र एक निर्णायक चौराहे पर खड़ा है, जो जटिल चुनौतियां तथा परिवर्तनकारी अवसर दोनों प्रस्तुत कर रहा है।

एनएटीएएचएलटीएच ने कहा कि कैंसर देखभाल की लागत को कम करने केलिए, एलआईएनएसीएस जैसे ऑन्कोलॉजी विकिरण उपकरणों पर सीमा शुल्क को हटाने और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को घटाकर पांच प्रतिशत करने की आवश्यकता है, ताकि वंचित क्षेत्रों में कैंसर उपचार क्षमता का विस्तार किया जा सके। स्वास्थ्य निकाय ने सरकार से स्वास्थ्य सेवा उपकर तथा तंबाकू व चीनी उत्पादों पर प्रस्तावित 35 प्रतिशत जीएसटी से प्राप्त आय को सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को मजबूत करने के लिए आवंटित करने का भी सुझाव दिया। साथ ही कच्चे माल की लागत को कम करने के लिए सभी स्वास्थ्य संबंधी वस्तुओं व सेवाओं पर एकीकृत पांच प्रतिशत जीएसटी की वकालत की।

निकाय ने व्यवहार्य बीमा प्रतिपूर्ति दरों की मांग करते हुए कहा कि सीजीएचएस, पीएमजेएवाई तथा ईसीएचएस जैसी योजनाओं के तहत प्रतिपूर्ति दरों को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुरूप करने से वित्तीय व्यवहार्यता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है, क्योंकि कई दरें लगभग एक दशक से अपरिवर्तित बनी हुई हैं। इसके अलावा, उसने सरकार से भारत में (जीसीसी सहित) अनुसंधान एवं विकास को समर्थन देने तथा चिकित्सकीय-प्रौद्योगिकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक कोष की घोषणा करने और मूल्य-आधारित देखभाल के लिए गुणवत्ता से जुड़े मानकीकृत खरीद मानदंडों में बदलाव करने की मांग की। चिकित्सकीय शिक्षा के विस्तार की आवश्यकता पर बल देते हुए एनएटीएचईएएलटीएच ने सरकार नीत निवेश के जरिये एमबीबीएस तथा स्नातकोत्तर चिकित्सकीय सीटों को बढ़ाने का प्रस्ताव दिया, जिसे ऋण व ब्याज अनुदान जैसे वैकल्पिक वित्तपोषण तंत्रों द्वारा समर्थित किया गया।

# पहले खो-खो विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने कस ली है कमर

प्रात: किरण/ एजेंसी

नयी दिल्ली। सिडनी, मेलबर्न और कैनबरा शहरों में आयोजित प्रशिक्षण शिविरों में प्रशिक्षित ऑस्ट्रेलियाई खो खो टीम ने अगले महीने होने वाले विश्वकप के लिए कमर कस ली हैं। ऑस्ट्रेलियाई लोग खो-खो को को-को कहते हैं। इसके लिए बस कुछ सटीक उच्चारण (गूगलिंग) और सिडनी, मेलबर्न और कैनबरा शहरों में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये जाने के बाद इस खेल को लोगों ने बहुत पसंद किया। अब ऑस्ट्रेलियाई टीम 13 से 19 जनवरी 2025 के बीच दिल्ली में होने वाले पहले विश्व कप का हिस्सा बनने के लिए कमर कस रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया इस टूनार्मेंट में पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में भाग ले रहा है। 15 खिलाड़ियों वाली प्रत्येक टीम में कुछ भारतीयों के अलावा, ऑस्ट्रेलियाई मूल के छह पुरुष और आठ महिला खिलाड़ी हैं।



टीम के एक सदस्य गस डॉडल ने भारत आने और इतिहास का हिस्सा बनने पर खुशी और उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ह्वएक महान खेल राष्ट्र के रूप में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। हम हमेशा ऐसे खेलों को आजमाने के लिए तैयार रहते हैं जिन्हें हमने पहले नहीं खेला है और मेरे लिए यह एक अद्भुत अवसर है कि मैं ऑस्ट्रेलिया के खेल मूल्यों जैसे निष्पक्ष खेल, प्रतिस्पर्धा और दृढ़ता को विश्व कप में ला पाऊं। मैंने पाया है कि यह बहुत तेज और कठिन खेल है। साथ ही, यह बहुत मजेदार है और इस करण मैं इस ग्लोबल स्पर्धा में खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, हमें खेल प्रेमियों से बहुत समर्थन मिल रहा है। वे सभी यह जानकर बहुत उत्साहित हैं कि ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व कप में है। जो लोग खो-खो के बारे में जानते हैं, उनके लिए यह बहुत बढ़िया है और जो लोग इस खेल के बारे में जान रहे हैं, वे सभी यह जानकर बहुत उत्साहित और गौरवान्वित हैं कि ऑस्ट्रेलिया की टीम है। एक दशक से भी अधिक समय से टीम जुड़े अभिन्न अंग ओजस कुलकर्णी कहा, इस सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण खेल में भाग लेने के सामाजिक और भावनात्मक लाभ शारीरिक स्वास्थ्य से कहीं बढ़कर हैं। यह समावेशिता, विविधता के प्रति सम्मान और विभिन्न समुदायों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देता है।

## संक्षिप्त खबरें

### नेशनल साफ्ट टेनिस के लिए चंडीगढ़ रवाना हुई उत्तर प्रदेश की टीम

लखनऊ। 19वीं जूनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप 27 दिसम्बर से चंडीगढ़ में शुरू हो रही है। इस चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने के लिए उप्र की टीम का चयन हो गया है। इन खिखाड़ियों को बुधवार को किट वितरित किया गया। इसके साथ ही टीम चंडीगढ़ के लिए रवाना हो गयी। चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने वाली टीम में बालक वर्ग में यश पटेल, अनुज पांडे, राज पांडे, साहिल सिंह, विवेक, ओमकार जोशी, आराध्य चौहान एवं प्रशांत वर्मा शामिल हैं। वहीं बालिका वर्ग में अनुष्का, खुशी, नव्या, सोनाली, जमजम, संस्कृति, रिषिभा एवं स्वास्तिका शामिल हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मृत्युंजय साहनी, कोषाध्यक्ष राजेश मिश्रा, एवं महासचिव प्रशांत शर्मा उपस्थित रहे। इन्होंने खिलाड़ियों को नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। मृत्युंजय साहनी ने उम्मीद जतायी कि चंडीगढ़ में खिलाड़ी अब तक का सबसे बेहतर प्रदर्शन करेंगे और मेडल अपने नाम कर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

### ब्राजील के पूर्व डिफेंडर राफिन्हा अपने मूल क्लब कोरीतिबा में लौटे

रियो डी जेनेरियो। ब्राजील के पूर्व अंतरराष्ट्रीय डिफेंडर राफिन्हा ने अपने मूल क्लब कोरीतिबा में मुफ्त ट्रांसफर पर फिर से शामिल होने पर सहमति व्यक्त की है। ब्राजील के सेरी बी क्लब ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने इस महीने की शुरुआत में साओ पाउलो से अलग होने के बाद इस क्लब के साथ एक साल का अनुबंध किया है, जिससे उनके पेशेवर करियर की शुरुआत हुई थी। राफिन्हा ने सोशल मीडिया पर प्रकाशित एक वीडियो में कहा, मैं आपको यह बताने के लिए यहां हूं कि मैं लगभग 20 साल पहले जब मैं यहां से गया था, तो मैंने जो वादा किया था, उसे पूरा करने में मैं कभी असफल नहीं हो सकता। मैं एक बच्चे के रूप में यहां से चला गया था और आज मैं कोरीतिबा को उसके मूल स्थान पर वापस लाने में मदद करने के लिए वापस आया हूं। 2005 में राफिन्हा कोरीतिबा छोड़कर जर्मनी के शाल्के में शामिल हो गए और उसके बाद से राइट-बैक ने जेनोआ, बायर्न म्यूनिख और फ्लेमेंगो सहित अन्य क्लबों में खेला है। वह ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के लिए चार बार खेल चुके हैं।

### मोहम्मद रिजवान, पीसीबी प्रमुख ने चैंपियंस ट्रॉफी कार्यक्रम की सराहना की; जय शाह उत्साहित

नई दिल्ली। पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मंगलवार को चैंपियंस ट्रॉफी को हाइब्रिड मॉडल में आयोजित करने के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के फैसले को देश के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर करार दिया। पाकिस्तान 28 साल बाद किसी आईसीसी इवेंट की मेजबानी करेगा, क्योंकि यहां आखिरी वैश्विक टूर्नामेंट 1996 विश्व कप था, जिसका संयुक्त मेजबान भारत भी था1 पीसीबी मीडिया विज्ञप्ति में रिजवान ने कहा, एक क्रिकेट प्रेमी देश के रूप में, हम सभी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। यह एक शानदार अवसर है क्योंकि पाकिस्तान 28 वर्षों में अपने तटों पर पहली बार आईसीसी इवेंट का स्वागत कर रहा है और खासकर इसलिए क्योंकि हम गत विजेता हैं। हम अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने के लिए उत्सुक हैं।

### ऑस्ट्रेलिया पहले खो-खो विश्व कप के लिए तैयार

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया 13-19 जनवरी, 2025 के बीच दिल्ली में होने वाले पहले विश्व कप का हिस्सा बनने के लिए तैयार है। ऑस्ट्रेलिया की ताकतवर टीम हमेशा से ही अपनी समृद्ध खेल संस्कृति के लिए जानी जाती है। क्रिकेट से लेकर रग्बी तक, वे हमेशा से ही अपनी ताकत का लोहा मनवाते आए हैं और खो-खो में भी वे अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं, जहां वे पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में भाग लेंगे। 15 खिलाड़ियों वाली प्रत्येक टीम में, कुछ भारतीयों के अलावा, ऑस्ट्रेलियाई मूल के 6 पुरुष और 8 महिला खिलाड़ी भी हैं। टीम के एक सदस्य गस डॉडल ने भारत आने और इतिहास का हिस्सा बनने पर खुशी और उत्साह व्यक्त किया।

# पिछली यादगार जीत को दोहराने मेलबर्न उतरेगी भारतीय टीम

**सीरीज के पिछले तीन मुकाबलों में देखा गया है कि भारतीय टीम शीर्षक्रम बल्लेबाजी को लेकर असमंजस की स्थिति रही। अब तक देखा गया है कि फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज ने इस सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया है, लेकिन खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान रोहित शर्मा ने भारत के बल्लेबाजी क्रम को बिगाड़ दिया है। इस बॉक्सिंग डे टेस्ट में दो क्रिकेट दिग्गज रोहित शर्मा ,केएल राहुल के चरित्र, धैर्य और दृढ़ संकल्प की परीक्षा होगी।**

प्रात: किरण/ एजेंसी

मेलबर्न। कल से शुरू होने जा रहे चौथे टेस्ट मैच में भारतीय टीम में पिछली बार वर्ष 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में इसी मैदान पर मिली जीत के दोहराने के इरादे से उतरेगी। भारतीय प्रबंधन को इस टेस्ट में जीत दर्ज करने के लिए चुनौतीपूर्ण निर्णय लेने होंगे। सीरीज के पिछले तीन मुकाबलों में देखा गया है कि भारतीय टीम शीर्षक्रम बल्लेबाजी को लेकर असमंजस की स्थिति रही। अब तक देखा गया है कि फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज ने इस सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया है, लेकिन खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान रोहित शर्मा ने भारत के बल्लेबाजी क्रम को बिगाड़ दिया है। इस बॉक्सिंग डे टेस्ट में दो क्रिकेट दिग्गज रोहित शर्मा ,केएल राहुल के चरित्र, धैर्य और दृढ़ संकल्प की परीक्षा होगी। भारत अभी भी बुमराह के पर्याप्त समर्थन और खराब फॉर्म में चल रहे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से काफी अपेक्षा कर रहा है।

बल्लेबाजी क्रम में खिलाड़ियों को बदलने के मामले में भारत के पास अधिक विकल्प नहीं हैं। इसलिए वे उम्मीद करेंगे कि कोई के एल राहुल का साथ दे और उनके साथ घंटों बल्लेबाजी कर सके। अगर भारतीय टीम यह टेस्ट हारती है तो डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें अन्य मैचों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। साथ ही एक दशक के बाद ऐसा होगा, जब ऑस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ कोई टेस्ट श्रृंखला जीतने के बेहद करीब होगा। वहीं अगर भारत को जीत मिलती है तो वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को रिटेन कर लेंगे।



भारत के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने केएल राहुल को छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने का सुझाव दिया है। यह उन्हें पारी की शुरूआत में नई गेंद से बचायेगा और उन्हें दूसरी नई गेंद के खिलाफ मजबूती से खड़े हो सकेंगे। हालांकि इस रणनीति के अपने फायदे हैं, लेकिन इससे राहुल की लय को बिगाड़ने का भी जोखिम है, विशेषकर सलामी बल्लेबाज के रूप में उनकी सफलता को देखते हुए। रोहित का शीर्ष पर स्थान अभी सुरक्षित लगता है, भले ही वह रन नहीं बना रहे हों। अगर राहुल नीचे आते हैं तो मध्यक्रम की गतिशीलता में काफी बदलाव आएगा। देखना होगा कि शुभमन गिल एकादश में अपना स्थान बरकरार रख पाते है या ध्रुव जुरेल को मौका मिलेगा। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की अगुवाई में भारत के गेंदबाजी आक्रमण को अपनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मैदान की सतह पारंपरिक रूप से तेज गेंदबाजों के अनुकूल है, लेकिन 40 डिग्री सेल्सियस के चिलचिलाती गर्मी के पूवार्नुमान के कारण भारत को दूसरा स्पिनर शामिल करना होगा। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया भी शीर्षक्रम की बल्लेबाजी को लेकर परेशान है। ऑस्ट्रेलिया ने जसप्रीत बुमराह का मुकाबला करने के लिए अपनी सलामी जोड़ी में बदलाव करना पड़ा है। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया ने टीम में सैम कॉन्स्टास को जगह दी है। गेंदबाजी में पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क की जोड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने में सक्षम है। पूरी तरह से फिट और खेलने के लिए तैयार ट्रैविस हेड की वापसी से मध्य क्रम को मजबूती मिली है। स्टार्क और स्कॉट बोलैंड से इस पिच की उछाल पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में भारत का दिलचस्प इतिहास रहा है इस जगह हाल के वर्षो में कई यादगार भारतीय जीत देखी हैं, जिसमें प्रतिष्ठित 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दौरान उनकी जीत भी शामिल है। भारत को इस मुकाबले में जीत दर्ज करने के लिए बल्ले और गेंद दोनों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

**चौथे टेस्ट मैच के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया की संभावित टीम इस प्रकार है:-**

भारत की संभावित एकादशः- यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रोहित शर्मा (कप्तान), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्डी/वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, और मोहम्मद सिराज। ऑस्ट्रेलिया की संभावित एकादशः- उस्मान ख्वाजा, सैम कॉन्स्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीवन स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, ऐलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड

# बेंगलुरु बुल्स पर जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे सथान पर पहुंचे यूपी योद्धाज

**यूपी की जीत में शिवम चौधरी (13), लंबे समय बाद वापसी कर रहे सुरेंदर गिल (9) का अहम रोल रहा। यूपी को 22 मैचों में 13वीं जीत मिली। वह बीते नौ मैचों से अजेय है। बुल्स के लिए सुशील धनकर ने सबसे अधिक 12 अंक लिए जबकि इस मैच में 1800 रेड प्वाइंट्स पूरा करने वाले परदीप नरवाल ने 6 अंक जुटाए।**

प्रात: किरण/ एजेंसी

पुणे। यूपी योद्धाज ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में मंगलवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 131वें मैच में बेंगलुरू बुल्स को 44-30 के अंतर से हराते हुए अंक तालिका में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। दूसरी ओर, अच्छा खेलने के बावजूद बुल्स 22 मैचों में 19वीं हार के साथ इस सीजन से विदा हुए। यूपी की जीत में शिवम चौधरी (13), लंबे समय बाद वापसी कर रहे सुरेंदर गिल (9) का अहम रोल रहा। यूपी को 22 मैचों में 13वीं जीत मिली। वह बीते नौ मैचों से अजेय है। बुल्स के लिए सुशील धनकर ने सबसे अधिक 12 अंक लिए जबकि इस मैच में 1800 रेड प्वाइंट्स पूरा करने वाले परदीप नरवाल ने 6 अंक जुटाए। अब यूपी एलिमिनेटर-1 में खेलती दिखेगी।

यूपी के लिए यह मैच काफी अहम था लेकिन बुल्स ने अच्छी शुरूआत करते हुए छह मिनट के खेल में 4-3 की लीड बना रखी थी। इसका कारण यह था कि धीमी गति से चल रहे मैच में परदीप ने अपेक्षित शुरूआत की और दो बार गंगाराम को आउट किया। फिर सुशील ने मल्टीप्वाइंटर के साथ स्कोर 6-3 करते हुए यूपी को आलआउट की कगार पर ला दिया।

इसके बाद परदीप ने मल्टीप्वाइंटर के साथ आलआउट ले लिया। स्कोर 11-3 हो गया लेकिन आलइन के बाद सुरेंदर ने डुबकी पर दो अंक लिए और फिर सुशील ने बोनस के साथ 10 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 5-12 कर दिया। इस बीच बोनस के साथ परदीप पीकेएल इतिहास में 1800 रेड प्वाइंट्स करने वाले पहले खिलाड़ी बने। परदीप के कीर्तिमान से बेखबर ब्रेक के बाद यूपी ने हालांकि सुधरा हुआ खेल दिखाया और बुल्स को



आलआउट को कर स्कोर 12-15 कर दिया। आलइन के बाद भी यूपी ने लगातार तीन अंक लिए और स्कोर 15-16 कर दिया। बुल्स के लिए सुशील लगातार अंक रहे थे। इस बीच यूपी ने स्कोर 18-18 कर दिया। हालांकि बुल्स ने 19-18 स्कोर पर पाला बदला। हाफटाइम के बाद हालांकि यूपी ने फिर से बराबरी कर ली। इसके बाद सुरेंदर ने सौरव को आउट कर यूपी को लीड दिला दी। फिर साहुल ने परदीप और सुरेंदर ने प्रतीक का शिकार कर कर लीड 3 की कर दी। बुल्स के लिए सुपर टैकल आन था। इसके बाद यूपी ने लगातार दो अंक लेकर बुल्स को आलआउट की ओर धकेल दिया। लकी ने हालांकि मल्टीप्वाइंटर के जरिए स्कोर 22-25 कर दिया लेकिन फिर बुल्स आलआउट हो गए। यूपी को 29-23 की लीड मिल गई, जिसे उसने 30 मिनट की समाप्ति तक 30-23 कर दिया। बुल्स ने हालांकि इसके बाद लगातार चार अंक लेते हुए स्कोर 27-30 कर दिया। इस बीच सुशील ने सुपर-10 पूरा किया। फिर सुशील ने ही यूपी को सुपर टैकल सिचुएशन में धकेल दिया लेकिन परदीप की गलती से यूपी को सुपर टैकल के दो अंक मिल गए। यूपी 32-29 से आगे थे। इस बीच शिवम ने मल्टीप्वाइंटर के साथ लीड 5 की कर दी। जयेश ने फिर सुशील को लपक स्कोर 35-29 कर दिया। फिर उसने अंतिम मिनट मे आलआउट लेते हुए जीत की औपचारिकता पूरी कर दी।

# अंडर-19 विश्व कप : ग्वालियर की वैष्णवी शर्मा ने टीम में चयनित होते ही बनाया शानदार रिकॉर्ड

प्रात: किरण/ एजेंसी

ग्वालियर। आगामी महिला विश्व कप के लिए भारत की अंडर-19 टीम में ग्वालियर की क्रिकेटर वैष्णवी शर्मा का नाम चचाओं में है। ग्वालियर चंबल की वैष्णवी को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली है जिसका नेतृत्व निकी प्रसाद करेंगी। वैष्णवी शर्मा के चयन से ग्वालियर में खुशी का माहौल है। यह पहली बार है जब ग्वालियर चंबल की कोई महिला क्रिकेटर विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। यह प्रतियोगिता जनवरी 2025 में मलेशिया में होगी।

5 साल की उम्र से क्रिकेट की प्रैक्टिस कर रहीं वैष्णवी गेंदबाजी करती हैं और बल्लेबाजी में भी भरोसेमंद हैं। यह बाएं हाथ की फिरकी गेंदबाज ग्वालियर की तानसेन क्रिकेट अकादमी



से ट्रेनिंग ले रही हैं। वैष्णवी इससे पहले मध्य प्रदेश की अंडर-16 टीम का भी हिस्सा रह चुकी हैं। इसके बाद उन्होंने अपने राज्य की सीनियर टीम का भी प्रतिनिधित्व किया। वैष्णवी मध्य प्रदेश की अंडर-19 टीम की कमान भी संभाल चुकी हैं। चंबल से मलेशिया तक के उनके सफर में माता-पिता का अहम योगदान रहा जिन्होंने बेटी को चार साल की उम्र से ही क्रिकेट की दुनिया को समझने के लिए प्रेरित किया। वैष्णवी की मां एक गृहणी हैं और पिता ग्वालियर में एस्ट्रोलॉजी पढ़ाते हैं। वैष्णवी की मेहनत का नतीजा साल 2022 में तब मिला जब उन्होंने घरेलू क्रिकेट में भारत के लिए सर्वाधिक विकेट हासिल किए थे और उन्होंने बीसीसीआई द्वारा अवार्ड दिया गया था। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और साल 2023 में अंडर-19 में इंडिया ए और साल 2024 में इंडिया बी टीम का भी हिस्सा रहीं।

वैष्णवी के चयन से उनके माता-पिता और स्थानीय कोच काफी खुश हैं। अब उनसे महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में काफी उम्मीदे हैं। भारत मौजूदा अंडर-19 महिला चैंपियन है और इस बार भी खिताब बचाने का प्रयास करेगा। अंडर-19 महिला विश्व कप मलेशिया में 18 जनवरी से 2 फरवरी, 2025 तक आयोजित होगा। एशिया कप की विजेता टीम से वैष्णवी एस को मुख्य टीम में शामिल किया गया है। इस टूनार्मेंट में 4 ग्रुप हैं, और हर ग्रुप में 4 टीमें होंगी। भारत को ग्रुप ए में मेजबान मलेशिया, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ रखा गया है। भारत के ग्रुप मैच कुआलालंपुर के बायुएमास ओवल स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत अपना पहला मैच 19 जनवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेगा। अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम : निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके (उप-कप्तान), जी तृषा, कमलिनी जी (विकेटकीपर), भाविका अहीर (विकेटकीपर), ईश्वरी आवसरे, मिथिला विनोद, जोशिता वी जे, सोनम यादव, परिणीता सिसोदिया, केसरी दृष्टि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस रिजर्व खिलाड़ीः नंधना एस, इरा जे, अनादी टी

# ऑस्ट्रेलिया की कमजोर बल्लेबाजी लाइन-अप का मतलब है कि भारत आगे है : शास्त्री

प्रात: किरण/ एजेंसी

मेलबर्न। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया की कमजोर बल्लेबाजी लाइन-अप का मतलब है कि गुरुवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर शुरू होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले भारत आगे है। पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है। मुझे लगता है कि यह काफी कमजोर रही है। जब आप इस ऑस्ट्रेलियाई लाइन-अप को देखते हैं, तो मुझे बहुत समय हो गया है जब मैंने ऐसा ऑस्ट्रेलियाई लाइन-अप देखा है जिसमें शीर्ष क्रम इतना कमजोर हो। भारत ने इसका फायदा उठाया है और आगे भी उठाता रहेगा। शास्त्री ने न्यूजडॉटकॉमडॉटएयू से कहा, मुझे लगता है कि यह एक शानदार मैच होने वाला है। मुझे लगता है कि भारत इस सीरीज को जीत लेगा, जिस तरह से यह सीरीज आगे बढ़ रही है। कोई भी विदेशी टीम 1-1 से बराबरी पर हो, खासकर जब मैच पर्थ, एडिलेड और ब्रिसबेन में हो, तो वे इसे जीत लेंगे। बॉक्सिंग डे में 1-1 से बराबरी पर जाना सबसे अच्छी स्थिति है। मैं कहूंगा कि भारत आगे है। उन्होंने सैम कोंस्टास के बारे में भी अपना दृष्टिकोण साझा किया, जो एमसीजी में अपना टेस्ट डेब्यू करने के लिए तैयार हैं, पहले तीन मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद नाथन मैकस्वीनी को बाहर कर दिया गया था। युवा कोंस्टास के लिए सबसे बड़ी चुनौती 21 विकेट लेकर मौजूदा सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का मुकाबला करना होगा।

# 90 हजार दर्शक, मेलबर्न का ऐतिहासिक मैदान और 19 वर्षीय सैम कोंस्टास का डेब्यू

प्रात: किरण/ एजेंसी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी , मेलबर्न का ऐतिहासिक मैदान। ये शब्द क्रिकेट की दुनिया में बहुत अहमियत रखते हैं। ऐसे में अगर एक 19 वर्षीय लड़के (सैम कोंस्टास) को 90000 दर्शकों के सामने अपना पहला टेस्ट खेलने का मौका मिले तो शायद एक बार के लिए रोंगटे खड़े हो जाएं। और जब आप उस टीम के सदस्य बनने जा रहे हैं, जिसने पिछले दस साल से सीरीज में हार का सामना किया है तो दबाव का चरम पर होना आम बात है। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कोंस्टास को भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में अपने डेब्यू के दौरान युवावस्था की मासूमियत को बरकरार रखने के लिए प्रोत्साहित किया है। कमिंस इतनी सहजता के साथ इतनी कारगर बात को इसलिए



कह पा रहे हैं, क्योंकि उन्होंने खुद इस दबाव का सामना किया था। और उस अनुभव के साथ एक युवा को अपनी मासूमियत और साहस को बरकरार रखने की बात की जा रही है।

कमिंस ने 2011 में दक्षिण अफ़्रीका के खिलाफ सिर्फ. 18 साल की उम्र में डेब्यू किया था। उस वक्त वह ऐसा करते हुए, ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सबसे युवा टेस्ट क्रिकेटर बने थे। सिर्फ. तीन प्रथम श्रेणी मैचों के बाद ही उन्हें अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेटर का तमगा दे दिया गया था। उन्हें जोहान्सबर्ग में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। उस मैच में उन्होंने 79 रन देकर छह विकेट लिए थे और विजयी रन भी बनाए थे। सबसे कम उम्र में डेब्यू करने के मामले में कोंस्टास का नाम चौथे नंबर पर आएगा और यह उनका 12वां प्रथम श्रेणी मैच होगा।

कमिंस ने अपने टेस्ट डेब्यू को याद करते हुए कहा कि उनके पास काफी कम अनुभव था और उनकी उम्र भी कम थी। इस कारण से उन पर ज़्यादा दबाव नहीं था। उन्होंने कहा, मैंने हाल ही में सैम से कहा था; ह्यमुझे याद है जब मैं 18 साल का था तो मैं सोच रहा था कि मुझ पर काफी कम दबाव था क्योंकि मैं युवा था। मैं तब यह सोच रहा था कि अगर मैं उस मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता तो वह मेरी गलती नहीं होती। यह चयनकताओं की गलती होती, जिन्होंने मुझे टीम में चयनित किया। तुम बहुत युवा हो और बॉक्सिंग डे टेस्ट जैसे मंच में तुम्हें डेब्यू करने का मौका मिल रहा है। तुम्हें ज्यादा कुछ नहीं सोचते हुए, इस पल का आनंद लेना है। अपने डेब्यू के दौरान मैंने कुछ समय यह सोचते हुए बिताया कि मुझे इतना जल्दी कैसे मौका मिल गया। मुझे बस यह याद है कि मैं बहुत उत्साहित था और यह हफ़्ता सैम के लिए भी ऐसा ही होने वाला है। एक स्तर की मासूमियत के साथ आप सिर्फ. मैदान जाकर खेलना चाहते हो, जैसे आप बचपन में अपने बगीचे में खेलते थे। खेल को चुनौती दीजिए और मजे कीजिए और इससे ज्यादा कुछ नहीं सोचना है। सैम के लिए मेरी तरफ से बस यही संदेश है। ऐसा ही मैं एक 18 वर्षीय खिलाड़ी के रूप में महसूस कर रहा था। खेल से पहले आप बहुत उत्साहित होते हो लेकिन एकबार जब मैच शुरू हो जाए तो आप ज्यादा कुछ नहीं सोचते, सिर्फ. मैच के ही बारे में सोचते हैं।

**याद** 2021 के बॉक्सिंग डे टेस्ट में, बोलैंड ने 6-7 की तूफानी गेंदबाजी की, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पारी और 14 रनों से हराकर मैच जीत लिया और एशेज बरकरार रखी।

# उस एक दिन सब कुछ ठीक रहा, बोलैंड ने मेलबर्न में अपने सपनों के डेब्यू को किया याद

**टेस्ट क्रिकेट आपके शरीर के लिए कठिन होता है। मुझे लगता है कि हमेशा कुछ स्वाभाविक बदलाव होते रहते हैं, क्योंकि लोग थोड़ा बहुत चोटिल हो जाते हैं या बहुत ज्यादा गेंदबाजी करने की वजह से थोड़ा दर्द महसूस करते हैं। उन्होंने कहा, पिछले साल कुछ हद तक एकतरफा रहा, जब उन तीनों ने लगातार सात टेस्ट मैच बिना किसी नुकसान के खेले। इससे पता चलता है कि वे कितने अच्छे हैं।**

प्रात: किरण/ एजेंसी

मेलबर्न। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में बॉक्सिंग डे टेस्ट खेलने की कगार पर, ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने प्रतिष्ठित स्थल पर अपने डेब्यू पर लिए गए छह विकेटों को याद करते हुए कहा कि यह एक ऐसा दिन था जब सब कुछ पूरी तरह से सही रहा। 2021 के बॉक्सिंग डे टेस्ट में, बोलैंड ने 6-7 की तूफानी गेंदबाजी की, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पारी और 14 रनों से हराकर मैच जीत लिया और एशेज बरकरार रखी। यह मजेदार है। जब मैं बड़ा हो रहा था, तब से मैं बस टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता था, और फिर मैं लंच के समय बाहर जा रहा था, और मैं ऐसा था, हे भगवान, मुझे खुशी है कि यह हो गया।

बोलैंड ने बुधवार को सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा, मुझे लगा कि उस दिन यह थोड़ा थका देने वाला होगा। मैं अभी भी इस पर विश्वास नहीं कर सकता, सच में। मैंने सिर्फ.24 गेंदें फेंकी या कुछ ऐसा ही। मुझे लगता है कि यह उन सभी वर्षो का नतीजा था जब मैंने विक्टोरिया के लिए ऐसे विकेटों पर खेला जो मेरे पक्ष में नहीं थे। यह सब एक दिन में ही हो गया। जोश हेजलवुड के पिंडली में चोट लगने के बाद बोलैंड ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन में शामिल हुए हैं। उन्होंने इससे पहले भारत के खिलाफ एडिलेड टेस्ट खेला था, जहां उन्होंने कुल पांच विकेट लिए थे और ऑस्ट्रेलिया ने दस



विकेट से जीत दर्ज की थी। मैं हर मैच खेलना पसंद करूंगा। लेकिन मैं टीम में अपनी स्थिति से सहज हूं। मुझे पता है कि मेरे सामने ऑस्ट्रेलिया के अब तक के सबसे बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से तीन हैं। टेस्ट क्रिकेट आपके शरीर के लिए कठिन होता है। मुझे लगता है कि हमेशा कुछ स्वाभाविक बदलाव होते रहते हैं, क्योंकि लोग थोड़ा बहुत चोटिल हो जाते हैं या बहुत ज्यादा गेंदबाजी करने की वजह से थोड़ा दर्द महसूस करते हैं। उन्होंने कहा, पिछले साल कुछ हद तक एकतरफा रहा, जब उन तीनों ने लगातार सात टेस्ट मैच बिना किसी नुकसान के खेले। इससे पता चलता है कि वे कितने अच्छे हैं। वे टीमों को इतनी जल्दी आउट करके खुद को अतिरिक्त दिन दे रहे थे। बोलैंड ने यह बताते हुए अपनी बात समाप्त की कि मैच में गेंद दिए जाने से पहले गेंदबाजी करने की उनकी तैयारी कैसे शुरू होती है। मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो कोई भी खराब गेंद नहीं फेंक सकता। विक्टोरिया के लिए लंबे समय तक मेरे गेंदबाजी कोच (कभी-कभी ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज) मिक लुईस थे। वे हमेशा स्पैल की शुरूआत में कोई वार्म-अप गेंद नहीं फेंकने के बारे में जोर देते थे। उन्होंने कहा, मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो लंच ब्रेक या चाय के समय थोड़ी गेंदबाजी करना पसंद करता हूं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अगर मैं गेंदबाजी कर रहा हूं, तो मैं तैयार हूं। आप देख सकते हैं कि मैं अपना स्पैल शुरू करने से पहले हमेशा अपने रन-अप को पूरा करता हूं। यह सिर्फ यह सुनिश्चित करने के लिए है कि मेरी रन-अप गति तेज है और जब मैं पहली गेंद के लिए दौड़ता हूं तो मैं सहज महसूस करता हूं। मुझे लगता है कि मैंने अब तक 11 टेस्ट खेले हैं। मैं जितना संभव हो उतना खेलना चाहता हूं। जो भी अवसर सामने आएं, चाहे वे दुनिया में कहीं भी हों, मैं खेलने के लिए तैयार रहना चाहता हूं। मुझे ऑस्ट्रेलिया के लिए पिछले तीन साल खेलना बहुत पसंद आया और मैं जितना संभव हो उतना खेलना चाहता हूं।

## संक्षिप्त खबरें

### देश के अंतरिम विदेश मंत्री का संकल्प, नए सीरिया में सब रहेंगे महफूज

दमिश्क। सीरिया के अंतरिम प्रशासन द्वारा नव नियुक्त विदेश मंत्री असद अल-शैबानी ने लोगों की सेवा करने और समाज के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व करने को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया और कहा कि देश अपनी क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भूमिका को पुनः प्राप्त करेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्ट में अल-शैबानी ने इस बात पर जोर दिया कि नागरिकों के अधिकारों और हितों की रक्षा करना, साथ ही सभी जातीय और सामाजिक समूहों का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना, सीरिया के भविष्य का मार्गदर्शन करने वाला कंपास होगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने कहा कि नए सीरिया में, हर कोई महसूस करेगा कि वह वहां का निवासी है। राज्य का उद्देश्य पिछले संघर्षों के कारण विस्थापित हुए लोगों के लिए सम्मान, स्वतंत्रता और घर वापसी की गारंटी देना है। सीरियाई लोगों के संघर्षों की चर्चा अल-शैबानी ने की। उन्होंने कहा, उन पीड़ितों के प्रति हमारी एकमात्र श्रद्धांजलि यह सुनिश्चित करना है कि ऐसे अत्याचार फिर कभी न हों तथा अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए।

### चुनाव नतीजों की पुष्टि के बाद मोजाम्बिक में झड़पों में 21 की मौत

मापुटो। मोजाम्बिक में राष्ट्रपति चुनाव के अंतिम नतीजों की घोषणा के बाद 24 घंटों में कम से कम 21 लोग मारे गए हैं। लूसा समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने आंतरिक मंत्री पास्कोल रोंडा का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 24 घंटों में, देश की पुलिस ने गंभीर हिंसा की कुल 236 घटनाएं दर्ज की हैं, जिसके परिणामस्वरूप 21 लोगों की मौत हो गई। सोमवार को मोजाम्बिक की संवैधानिक परिषद ने अक्टूबर चुनाव के नतीजों की पुष्टि की। जिसके चलते सत्तारूढ़ पार्टी एफआरईएलएमओ के उम्मीदवार डैनियल चापो की जीत हुई। मोजाम्बिक में 9 अक्टूबर को आम चुनाव हुआ, जिसके प्रारंभिक नतीजों से पता चला कि चापो राष्ट्रपति पद के लिए आगे हैं।

### एर्दोगन ने तुर्की में न्यूनतम वेतन में 30 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की

अंकारा। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने मंगलवार को कहा कि देश में न्यूनतम वेतन 30 प्रतिशत बढ़ाकर 22,104 तुर्की लीरा (लगभग 630 डॉलर) कर दिया गया है। श्री एर्दोगन ने एक्स पर कहा, 2025 में, शुद्ध न्यूनतम वेतन 30 प्रतिशत वृद्धि के साथ 22,104 तुर्की लीरा होगा। इसे हमारे देश और इसके लोगों के लिए फायदेमंद होने दें। पिछले साल सरकार ने न्यूनतम वेतन 49 प्रतिशत बढ़ाकर 17,002 तुर्की लीरा कर दिया था। हालाँकि, कन्फेडेरेशन ऑफ टर्किश ट्रेड यूनियन्स, जिसने न्यूनतम वेतन 29,583 लीरा का आह्वान किया है, ने इस मुद्दे पर हाल की बैठक में भाग नहीं लिया। न्यूनतम वेतन में 30 प्रतिशत की वृद्धि की तुर्की में विपक्षी समूहों ने कड़ी आलोचना की है और सोशल मीडिया पर इसकी व्यापक चर्चा हो रही है।

### ग्रीनलैंड खरीदने को लेकर ट्रंप सौ प्रतिशत गंभीर

वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड और पनामा नहर को खरीदने को लेकर गंभीर हैं, क्योंकि उनका मानना है कि अमेरिका एक ऐसा साम्राज्य है जो अगर विकसित नहीं हुआ तो ढह जाएगा। न्यूयॉर्क पोस्ट अखबार ने सूत्रों के हवाले यह खबर दी है। आने वाले अमेरिकी नेता के करीबी एक सूत्र ने कहा, श्री ट्रम्प का मानना है कि जो साम्राज्य विकसित नहीं होते हैं वे असफल होने लगते हैं। वह इतिहास के छात्र हैं, और यह विचारधारा के विद्यालयों में से एक है... वह वास्तव में पिछले राष्ट्रपतियों के पक्षधर हैं जो महाद्वीप पर विस्तारवादी थे। वह जानते हैं यह एक विरासत वस्तु है जिसे राजनीतिक विरोध द्वारा विकृत या छीना नहीं जा सकता है।

### ईसाइयों के विरोध के बाद सीरिया ने कैथोलिक क्रिसमस पर छुट्टी घोषित

बेरूत। कई शहरों में सीरियाई ईसाइयों की रैलियों के बीच सीरियाई अधिकारियों ने मंगलवार को 25 और 26 दिसंबर को आधिकारिक छुट्टियों की घोषणा की। इन दिनों कैथोलिक क्रिसमस मनाया जाता है। सरकार ने अल-वतन अखबार में प्रकाशित एक बयान में कहा, राज्य संस्थानों के सभी कर्मचारियों के लिए, 25-26 दिसंबर, 2024 को अब आधिकारिक अवकाश घोषित किया गया है। जिन संस्थानों और संबंधित मंत्रालयों की गतिविधियां आवश्यक हैं, वे काम करना जारी रखेंगे। नई सरकार के सत्ता में आने के बाद सीरिया में ईसाई आबादी के उत्पीड़न के खिलाफ सोमवार शाम को ईसाई इलाकों में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए।

# ट्रम्प ने 37 हत्यारों की मौत की सजा कम करने के लिए बाइडेन की आलोचना की

प्रात : किरण/एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को संघीय मौत की सजा पाए 37 लोगों की सजा कम करने के लिए निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन की आलोचना की तथा इसे पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के लिए झटका बताया। श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, जो बाइडेन ने अभी-अभी हमारे देश के 37 सबसे बुरे हत्यारों की मौत की सजा कम की है। जब आप प्रत्येक के कृत्यों को सुनेंगे, तो आप विश्वास नहीं करेंगे कि श्री बाइडेन ने उनकी सजा कम कर दी है। इसका कोई मतलब नहीं। रिश्तेदारों तथा दोस्तों को इससे और दुख हुआ है। वे विश्वास नहीं कर सकते हैं कि ऐसा हो रहा है। श्री बाइडेन ने सोमवार को संघीय मौत की सजा वाले 40 व्यक्तियों में से 37 की सजा को कम कर दिया, उनकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सूची में कम से कम पांच बाल हत्यारे और कई सामूहिक हत्यारे शामिल हैं। अपने बयान में श्री बाइडेन ने इस बात पर जोर दिया कि वह इन हत्यारों की निंदा करते हैं, उनके घृणित कृत्योंके पीड़ितों के लिए दुख व्यक्त करते हैं और उन सभी परिवारों के लिए दुख व्यक्त करते हैं जिन्हें अकल्पनीय और अपूरणीय क्षति हुई है। साथ ही, निवर्तमान राष्ट्रपति ने कहा कि वह पहले से कहीं अधिक आश्वस्त हैं कि अमेरिका को संघीय स्तर पर मृत्युदंड का उपयोग बंद करना चाहिए। जिन तीन व्यक्तियों को छूट नहीं मिली, वे हैं धजोखर सारनेव, जिसने अप्रैल 2013 के बोस्टन मैराथन बम विस्फोटों को अंजाम दिया। श्वेत वर्चस्ववादी डायलन रूफ, जिसने जून 2015 में चार्ल्सटन चर्च में नौ अफ्रीकी अमेरिकियों की हत्या कर दी, और रॉबर्ट बोवर्स, जिसने अक्टूबर 2018 में पिट्सबर्ग सिनेगॉग में हुए हमले को अंजाम दिया। इस गोलीबारी में 11 लोगों की जान चली गई थी।

# अफगानिस्तान में पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक में 15 लोगों की मौत

**स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार देर रात को किए गए हमलों में अफगानिस्तान के पकटिका प्रांत के बरमल जिले के कई इलाकों को निशाना बनाया गया और तालिबान के एक प्रशिक्षण केंद्र को नष्ट कर दिया गया। इन हमलों में सात गांवों पर बमबारी की गई, जिनमें लामन भी शामिल था, जहां एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जान चली गई। इसके अलावा मुर्ग बाजार गांव भी पूरी तरह नष्ट हो गया।**

प्रात : किरण/एजेंसी



काबुल। अफगानिस्तान में पाकिस्तानी हवाई हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित 15 लोग मारे गए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार देर रात को किए गए हमलों में अफगानिस्तान के पकटिका प्रांत के बरमल जिले के कई इलाकों को निशाना बनाया गया और तालिबान के एक प्रशिक्षण केंद्र को नष्ट कर दिया गया।

इन हमलों में सात गांवों पर बमबारी की गई, जिनमें लामन भी शामिल था, जहां एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जान चली गई। इसके अलावा मुर्ग बाजार गांव भी पूरी तरह नष्ट हो गया। इन हवाई हमलों ने अफगानिस्तान में चल रहे मानवीय संकट को और गहरा कर दिया है। इन हमलों से अफगानिस्तान के रिहायशी इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। इसमें लोगों की मौत भी हुई हैं। इस हमले से दोनों देशों के बीच संबंध और भी तनावपूर्ण हो गए हैं। पाकिस्तान रेडियो टेलीविजन के अनुसार, अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने हमले की निंदा की है और जवाबी कार्रवाई का वचन दिया है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय (एमओडी) ने एक बयान में कहा, मंगलवार को पाकटिका के बरमल जिले में पाकिस्तानी सेना ने बमबारी की। पीड़ितों में से अधिकांश नागरिक थे, जिनमें वजीरिस्तानी शरणार्थी भी शामिल थे। कई लोग मारे गए या घायल हो गए। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। इस घटना को बर्बर कृत्य बताते हुए रक्षा मंत्रालय ने कहा, यह स्पष्ट आक्रामकता सभी अंतर्राष्ट्रीय सिद्धांतों के विपरीत है। पाकिस्तानी पक्ष को यह समझना चाहिए कि इस तरह की कार्रवाइयों से कोई समस्या हल नहीं होगी। इस्लामिक अमीरात अपने क्षेत्र की रक्षा करेगा और इसे अपना अविभाज्य अधिकार मानेगा। हालांकि पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर इन हमलों के बारे में कुछ नहीं कहा है। अफगानिस्तान में पाकिस्तानी आतंकवादियों की मौजूदगी को लेकर इस्लामाबाद और काबुल के बीच बिगड़ते संबंधों के बीच ये हमले हुए हैं। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने हाल के महीनों में पाकिस्तानी सेना के खिलाफ अपने अभियान तेज कर दिए हैं, इस्लामाबाद ने अफगान तालिबान पर समूह को पनाह देने का आरोप लगाया है। पाकिस्तान बार-बार अफगान तालिबान से टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील करता रहा है। हर बार काबुल ने आतंकवादियों को पनाह देने से से इंकार कर देता है।

## नामीबिया में तेजी से बढ़ रहे हैं मलेरिया के मामले, उत्तरी क्षेत्रों में चेतावनी जारी

**सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया, नांगोम्बे के अनुसार दक्षिणी अफ्रीकी राष्ट्र में दिसंबर से अप्रैल तक मौसमी मलेरिया से लोग जूझते हैं**

प्रात : किरण/एजेंसी



विंडहोक। नामीबिया के स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा मंत्रालय (एमओएचएसएस) ने देश के उत्तरी क्षेत्रों में मलेरिया के मामलों में हुई वृद्धि के बाद अलर्ट जारी किया है। स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा मंत्रालय (एमओएचएसएस) के कार्यकारी निदेशक बेन नांगोम्बे ने एक बयान में बताया, ह्व15 दिसंबर तक 2,210 मामले सामने आए और 4 नवंबर से 15 दिसंबर की अवधि के दौरान 265 गंभीर मामले सामने आए, इनमें से 9 की मौत हुई।

उन्होंने कहा, 16 जिले मलेरिया महामारी की सीमा को पार कर चुके हैं और प्रकोप का सामना कर रहे हैं। प्रभावित जिलों में ईन्हाना शामिल है, जिसमें 661 मामले या कुल का 30 प्रतिशत हिस्सा है, इसके बाद ओकोंगो में 336 मामले (15 प्रतिशत) हैं। नांगोम्बे ने कहा कि प्रभावित अन्य जिलों में आउटापी, एंगेला, नकुरेंकुरु, ओशाकाटी और ओमुथिया शामिल हैं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया, नांगोम्बे के अनुसार दक्षिणी अफ्रीकी राष्ट्र में दिसंबर से अप्रैल तक मौसमी मलेरिया से लोग जूझते हैं। इसको लेकर मंत्रालय संक्रमण को कम करने के लिए इनडोर अवशिष्ट छिड़काव करता है और कीटनाशक से ट्रीट की गई मच्छरदानी प्रदान करता है। इसके साथ ही मंत्रालय ने लोगों से अपील की कि मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें और पूरी आस्तीन वाले कपड़े पहनें। उन्होंने कहा, यह देखा गया है कि सीमा पार मवेशियों को चराने वाले मलेरिया ग्रस्त थे। उन्हें ही महामारी फैलाने वालों में से एक के रूप में पहचाना गया है। मंत्रालय ने मलेरिया के मामलों की निगरानी के लिए मजबूत निगरानी प्रणाली बनाई है और मलेरिया नियंत्रण तथा रोकथाम को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मजबूत सामुदायिक शिक्षा अभियान शुरू किया है। यह संक्रमण एक परजीवी के कारण होता है और एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है।

## गाजा में हर घंटे एक बच्चा मारा जाता है: संयुक्त राष्ट्र एजेंसी

प्रात : किरण/एजेंसी



गाजा। फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के मुताबिक गाजा पट्टी में हर घंटे एक बच्चा मारा जा रहा है। यूएनआरडब्लूए ने बताया, ह्वयूनिसेफ के अनुसार युद्ध की शुरूआत से अब तक गाजा में 14,500 बच्चों की मौत हो चुकी है। हर घंटे एक बच्चा मारा जाता है। ये संख्याएं नहीं हैं। ये असमय मौत के घाट उतारी जा रही जिंदगियां हैं। इसमें कहा गया, बच्चों की हत्या को उचित नहीं ठहराया जा सकता। जो बच जाते हैं, वे शारीरिक और भावनात्मक रूप से पीड़ित हो जाते हैं। गाजा में पढ़ाई से वंचित बच्चे मलबे छानती दिख जाते हैं। आगे कहा गया, इन बच्चों के लिए समय बीतता जा रहा है। वे अपना जीवन, अपना भविष्य और सबसे बढ़कर अपनी उम्मीद खो रहे हैं। 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के उत्पात का बदला लेने के लिए इजरायल गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर आक्रमण कर रहा है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि गाजा पट्टी में चल रहे इजरायली हमलों में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 45,338 हो गई है। सोमवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास के साथ बंधकों के लिए संघर्ष विराम समझौते को सील करने के प्रयासों में प्रगति हुई है लेकिन समयसीमा अभी भी अस्पष्ट है। इजरायली संसद नेसेट के समक्ष नेतन्याहू ने कहा, मुझे नहीं पता कि इसमें कितना समय लगेगा। सोमवार को ही विदेश मंत्री गिदोन साह्नर ने नेसेट विदेश मामलों और रक्षा समिति की एक बैठक के दौरान समझौते के कुछ हिस्सों को रेखांकित किया और इसे चरणबद्ध, क्रमिक रूपरेखा करार दिया। इजरायली और फिलिस्तीनी मीडिया ने बताया कि कतर, मिस्र और अमेरिकी मध्यस्थों के नेतृत्व में प्रयासों ने प्रगति दिखाई है, हालांकि अभी भी कोई सफलता नहीं मिली है।

## कजाकिस्तान में 110 यात्रियों को ले जा रहा विमान दुर्घटनाग्रस्त, 52 टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुटीं

**मंत्रालय ने कहा, कजाख इमरजेंसी मिनिस्ट्री के कुल 52 राहत एवं बचाव टीमें और 11 उपकरण टीमें घटनास्थल पर बचाव कार्य के लिए भेजी गई हैं। इन टीमों के घटनास्थल पर पहुंचने पर विमान को आग की लपटों में घिरा हुआ पाया गया। फायर ब्रिगेड कर्मी फिलहाल आग बुझाने में जुटे हैं।**

प्रात : किरण/एजेंसी



अक्ताऊ (कजाकिस्तान)। कजाकिस्तान से 110 यात्रियों के साथ रूस जा रहा एक यात्री विमान देश के अक्ताऊ शहर में हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह जानकारी कजाकिस्तान इमरजेंसी मिनिस्ट्री ने दी। स्थानीय मीडिया आउटलेट काजप्रावदा केजेड ने बताया कि इस दुर्घटना की वजह से विमान में आग लग गई। मंत्रालय ने कहा, कजाख इमरजेंसी मिनिस्ट्री के कुल 52 राहत एवं बचाव टीमें और 11 उपकरण टीमें घटनास्थल पर बचाव कार्य के लिए भेजी गई हैं। इन टीमों के घटनास्थल पर पहुंचने पर विमान को आग की लपटों में घिरा हुआ पाया गया। फायर ब्रिगेड कर्मी फिलहाल आग बुझाने में जुटे हैं। कुछ लोगों के जीवित बचे रहने की संभावना है। शुरूआती रिपोर्ट से पता चलता है कि विमान में 105 यात्री और चालक दल के 5 सदस्य सवार थे। हालांकि, मृतकों की सही संख्या अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन 25 लोगों के जीवित बचे होने की खबर है, जिनमें से 22 अस्पताल में भर्ती हैं। बचाव कार्य जारी है और पीड़ितों के बारे में विवरण की पुष्टि की जा रही है। विमान, अजरबैजान एयरलाइंस एम्ब्रेयर ईआरजे-190, बाकू, अजरबैजान से रूस के चेचन्या में ग्रोजनी के लिए उड़ान भर रहा था। घने कोहरे के कारण इसे अक्ताऊ की ओर मोड़ दिया गया। यह विमान दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह 6:28 बजे हुई। विमान हवाई अड्डे से कुछ किलोमीटर दूर ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। फ्लाईट रडार 24 के अनुसार, विमान मजबूत जीपीएस जैमिंग के संपर्क में था, जिसके कारण विमान खराब एडीए-बी डेटा भेज रहा था। एजेंसियों ने इस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट वीडियो में दुर्घटनाग्रस्त होते समय विमान का वीडियो दिखाया गया है। वीडियो में आग की लपटें उठ रही हैं और आसमान में घना काला धुआं उठ रहा है। कजाकिस्तान इमरजेंसी मिनिस्ट्री के कमांड सेंटर में एक परिचालन मुख्यालय स्थापित किया गया है, जिसमें पूछताछ के लिए एक हॉटलाइन उपलब्ध कराया गया है।

## तुर्की पुलिस ने तख्तापलट करने के प्रयासों से जुड़े 32 संदिग्धों को हिरासत में लिया

प्रात : किरण/एजेंसी

इस्तांबुल, एजेंसी। तुर्की पुलिस ने 2016 के तख्तापलट के प्रयास करने वाले लोगों को निशाना बनाकर एक अभियान चलाया, जिसमें 32 लोगों को हिरासत में लिया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, मंगलवार को तुर्की के चार प्रांतों में खुफिया और आतंकवाद विरोधी इकाइयों ने इजमिर में मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय द्वारा समन्वित अभियान चलाया।

इन लोगों की सरकार विरोधी गुलेन आंदोलन में सक्रियता पता चलने के बाद पुलिस ने 35 संदिग्ध लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इन लोगों को तुर्की सरकार 15 जुलाई 2016 के तख्तापलट के प्रयास के लिए जिम्मेदार मानती है। जांच में यह भी पता चला कि ये लोग संदिग्ध समूह को पुनर्गठित करने और वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए नए तरीके तलाश रहे थे। तुर्की के राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारक टीआरटी ने बताया कि पुलिस टीमों ने संदिग्धों की गतिविधियों का पता लगाने के लिए छह महीने तक निगरानी की है। अभी बचे तीन लोगों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। बता दें कि तुर्की में 2016 में मुस्लिम धर्मगुरु फतुल्लाह गुलेन के नेतृत्व में शुरू हुए इस आंदोलन पर तुर्की सरकार ने तख्तापलट के प्रयास का मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाया है। इस आंदोलन मंव 250 से अधिक लोग मारे गए थे। गुलेन का सितंबर में संयुक्त राज्य अमेरिका में निधन हो गया था। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इससे पहले मंगलवार को तुर्की पुलिस ने चार प्रांतों में एक अभियान चलाकर इस्लामिक स्टेट (आईएस) के लिए फंड इकट्ठा करने के आरोप में 16 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया था। यह कार्रवाई पश्चिमी शहर इजमिर में मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय द्वारा की गई जांच का हिस्सा थी। इसमें कहा गया कि अभियोजक पक्ष ने 23 व्यक्तियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किये हैं। वारंट के बाद, पुलिस ने इजमिर, मर्सिन, अदाना और मनीसा में 10 व्यवसायों पर छापे मारे, इसमें 16 संदिग्धों को हिरासत में लिया और 4,110 डॉलर, 7,205 यूरो, 434,650 तुर्की लीरा, 40 ग्राम सोना और कई डिजिटल सामग्री जब्त की।

**शोक** ब्रिगेडियर झा अप्रैल 2023 से यूनाइटेड नेशन्स डिसइंगेजमेंट ऑब्सर्वर फोर्स (यूएनडीओएफ) के उप बल कमांडर के रूप में सेवाएं दे रहे थे।

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भारतीय शांतिरक्षक ब्रिगेडियर झा के निधन पर शोक जताया

**बयान के अनुसार, संरा महासचिव ने झा के परिजनों तथा भारत सरकार के प्रति अपनी शोक-संवेदना प्रेषित की। इससे पहले भारतीय सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में ब्रिगेडियर झा को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और सेना के समस्त अधिकारी चिकित्सा कारणों से ब्रिगेडियर अमिताभ झा के असमय निधन पर गहरी संवेदनाएं प्रकट करते हैं। झा की तस्वीर के साथ एक पोस्ट में सेना ने लिखा, भारतीय सेना दुख की इस घड़ी में शोक-संतप्त परिवार के साथ खड़ी है।**

प्रात : किरण, एजेंसी



संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने गोलन हाइट्स में यूएनडीओएफ में सेवारत रहे ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षण में उनके नेतृत्व तथा अडिग प्रतिबद्धता के लिए उन्हें याद रखा जाएगा। ब्रिगेडियर झा अप्रैल 2023 से यूनाइटेड नेशन्स डिसइंगेजमेंट ऑब्सर्वर फोर्स (यूएनडीओएफ) के उप बल कमांडर के रूप में सेवाएं दे रहे थे। उन्होंने हाल में सीरिया में असद सरकार गिरने के बाद जटिल हालात में यूएनडीओएफ के कार्यवाहक बल कमांडर की भी जिम्मेदारी निभाई थी। ब्रिगेडियर झा की पिछले दिनों स्वास्थ्य कारणों से असमय मृत्यु हो गई। गुतारेस के प्रवक्ता द्वारा मंगलवार रात जारी एक बयान में कहा गया, उन्हें संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना के प्रति उनके नेतृत्व और अटूट प्रतिबद्धता के लिए याद किया जाएगा, जिसमें 2005 से 2006 तक कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र संगठन स्थिरीकरण मिशन (एमओएनयूएससीओ) में सैन्य पर्यवेक्षक के रूप में उनकी भूमिका भी शामिल है। बयान के अनुसार, संरा महासचिव ने झा के परिजनों तथा भारत सरकार के प्रति अपनी शोक-संवेदना प्रेषित की। इससे पहले भारतीय सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में ब्रिगेडियर झा को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और सेना के समस्त अधिकारी चिकित्सा कारणों से ब्रिगेडियर अमिताभ झा के असमय निधन पर गहरी संवेदनाएं प्रकट करते हैं। झा की तस्वीर के साथ एक पोस्ट में सेना ने लिखा, भारतीय सेना दुख की इस घड़ी में शोक-संतप्त परिवार के साथ खड़ी है। यूएनडीओएफ की वेबसाइट के अनुसार, ब्रिगेडियर झा 14 अप्रैल, 2023 को यूएनडीओएफ मिशन में शामिल हुए थे। वह एक इन्फैंट्री अधिकारी थे और यूएनडीओएफ में तैनाती से पहले उन्होंने भारत के पर्वतीय इलाकों में एक ब्रिगेड और कमांडिंग ऑफिसर के रूप में एक विशेष इकाई की कमान संभाली थी।

### राजनीतिक प्रतिशोध के लिए न्यायपालिका को हथियार बना रही यूनुस सरकार : हसीना के पुत्र वाजिद

वाशिंगटन, 25 दिसंबर (वेब वार्ता)। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे संजीब वाजिद ने मोहम्मद यूनुस नीत अंतरिम सरकार पर अवामी लीग के नेताओं के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध के लिए न्यायपालिका का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। वाजिद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक लंबी पोस्ट में अपने आरोप लगाए हैं। इससे दो दिन पहले सोमवार को अंतरिम सरकार ने कहा था कि उसने नयी दिल्ली को राजनयिक पत्र भेजकर हसीना को भारत प्रत्यर्पित करने की मांग की है। हसीना (77) पांच अगस्त से भारत में हैं। वह अपने देश में छात्रों के एक बड़े आंदोलन के चलते अपनी अवामी लीग की 16 साल पुरानी सरकार गिरने के बाद बांग्लादेश छोड़कर भारत पहुंची थीं। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने मानवता और नरसंहार के खिलाफ अपराधों के लिए हसीना और कई पूर्व कैबिनेट मंत्रियों, सलाहकारों तथा सैन्य एवं असैन्य अधिकारियों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। वाजिद ने मंगलवार को अपनी पोस्ट में कहा, अनिर्वाचित यूनुस नीत सरकार द्वारा नियुक्त न्यायाधीशों और अभियोजकों ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के माध्यम से हास्यास्पद सुनवाई प्रक्रिया का संचालन किया, जो इसे एक राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बनाता है जिसमें इंसाफ को छोड़ दिया गया और अवामी लीग नेतृत्व को सताने के लिए एक और हमला किया गया। आईटी पेशे से जुड़े वाजिद अमेरिका में रहते हैं और हसीना की सरकार में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के सलाहकार रहे हैं। उन्होंने कहा, कंगारू न्यायाधिकरण और उसके बाद प्रत्यर्पण का अनुरोध ऐसे समय में किया गया है, जब सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं की न्यायेतर हत्या की जा रही है, उन पर हत्या के संगीन आरोप लगाए जा रहे हैं, कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा हजारों लोगों को अवैध रूप से कैद किया जा रहा है और शासन की अनदेखी के कारण हर रोज लूटपाट, तोड़फोड़ और आगजनी सहित हिंसक हमले हो रहे हैं।

भारत ने सोमवार को नयी दिल्ली में बांग्लादेश के उच्चायुक्त से एक राजनयिक पत्र प्राप्त होने की पुष्टि की थी लेकिन इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। भारत-बांग्लादेश प्रत्यर्पण संधि के प्रावधानों के अनुसार अगर अपराध राजनीतिक स्वरूप का है तो प्रत्यर्पण से इनकार किया जा सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129